

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने बरता संयम - 12



सोने की चमक बरकरार इस साल दिया 67 प्रतिशत रिटर्न - 12



बेनिन में सैनिक विद्रोह तख्तापलट की भी कोशिश लेकिन विफल रहे - 13



स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल ने रिश्ता खत्म करने की घोषणा की - 14


आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.44
सूर्यास्त 05.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष चतुर्थी 04:03 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 8 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 309, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## प्रधानमंत्री मोदी आज वंदे मातरम् पर करेंगे चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे। इसमें राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना है। लोकसभा में 'राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा' सोमवार के लिए सूचीबद्ध है और इस पर बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे। इस चर्चा में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद में यह चर्चा, बंकिम चंद्र द्वारा रचित और जदुनाथ भट्टाचार्य द्वारा संगीतबद्ध वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोह का हिस्सा है। मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर 1937 में इस गीत से प्रमुख छंदों को हटाने और विभाजन के बीज बोने का आरोप लगाया था।

# एनसीएमसी कार्ड एक, यात्रियों को फायदे अनेक

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** परिवहन निगम प्रबंधन का ड्रीम प्रोजेक्ट एनसीएमसी कार्ड (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) जनवरी माह में आ जाएगा। परिवहन निगम प्रबंधन इसकी तैयारी पूरी कर चुका है। इस कार्ड का यात्री न केवल रोडवेज बसों में बल्कि मेट्रो व नगर बसों में भी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। सिर्फ यूपी ही नहीं देश में जहां भी ओपेन लूप प्रणाली से सार्वजनिक परिवहन जुड़ा है, यह कार्ड वहां भी काम करेगा। कार्ड का प्रारूप आ गया है।

एसबीआई की मदद से यह कार्ड विभिन्न सेवाओं में 'रन' करेगा। कार्ड में अयोध्या के राममंदिर और बाबा काशी विश्वनाथ के मंदिरों की झलक दिखाई देगी।

### कार्ड उपलब्ध कराएगा ये सहूलियतें

जिस सिस्टम पर चल रही होगी ओपेन लूप प्रणाली सभी में इस कार्ड का उपयोग हो सकेगा। इसके जरिए यात्री रोडवेज, नगर बसों, मेट्रो आदि में कैशलेस टिकट प्राप्त कर सफर कर सकेंगे। सिर्फ यही नहीं इसके माध्यम से दिल्ली मेट्रो समेत यूपी और देश के विभिन्न सार्वजनिक परिवहन वाहनों में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस कार्ड में यात्री अपनी आवश्यकतानुरूप पैसा भी भरवा सकेगा। अपनी जरूरत के मुताबिक पैसा रखकर इससे शॉपिंग भी की जा सकेगी। प्रधान प्रबंधक के मुताबिक यात्री इसका बेहतर फायदा उठा सकेंगे।

- एनसीएमसी कार्ड में अयोध्या काशीधाम दिखेगा
- ओपेन लूप सिस्टम से जुड़ी सभी प्रणालियों में हो सकेगा उपयोग
- जनवरी माह में आएगा, जरूरत के मुताबिक पैसा रखकर इससे शॉपिंग भी की जा सकेगी




### रोडवेज बसों के पूरे बेड़े में यात्री कर सकेंगे इस कार्ड का उपयोग

प्रदेश परिवहन निगम के पास अनुबंधित और स्वयं बसों का बेड़ा करीब 13,000 से अधिक है। इन सभी में यात्रा के दौरान इस कार्ड का उपयोग किया जा सकेगा। टिकट मशीनों में इसका इस्तेमाल किया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से इसे लागू किया जाएगा। पहले चरण में लखनऊ और गाजियाबाद क्षेत्र में बतौर ट्रायल इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद पूरे प्रदेश में इसे लागू कर दिया जाएगा।



परिवहन निगम प्रबंधन इस कार्ड को अंतिम रूप दे चुका है। प्रदेश सरकार जनवरी माह से यह तोहफा यात्रियों को उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री से समय मांगा जा रहा है। इस एक कार्ड से यात्री अनेक फायदे ले सकेगा।

**-दयाशंकर सिंह**, परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश

यात्रियों के लिए परिवहन निगम का यह कैशलेस कार्ड काफी लाभप्रद होगा। इसका उपयोग यात्री मेट्रो, नगर बस, रोडवेज समेत तमाम सेवाओं में कर सकेंगे। राजधानी दिल्ली समेत देश के जिन प्रांतों में ओपेन लूप सिस्टम लागू है वहां भी इस कार्ड की उपयोगिता होगी। परिवहन मंत्री के निर्देश पर तैयारियां पूरी हो गई हैं।

**-यजुवेंद्र कुमार**, प्रधान प्रबंधक, आईटी एवं पीपीपी

## ब्रीफ न्यूज

### बाला जी मंदिर में लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सद्भावनानगर की फ्लोरिडोल कॉलोनी में स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में रविवार को तड़के चोर लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण और नकदी चुराकर ले गया। चोरों ने बालाजी की प्रतिमा से करीब सवा किलो चांदी के दो छत्रों को उखाड़ लिया। इसके अलावा मंदिर के अंदर कार्यालय में रखी लोहे की अलमारी को तोड़कर करीब नौ तोले सोने का एक हार, सोने का एक छत्र, चांदी के विभिन्न आकारों के कई छत्र, कुछ नकदी और बालाजी के दरबार में रखे दान-पात्र से चढ़ावा राशि चुरा ली। कुल मिलाकर इस चोरी का अनुमानित मूल्य 20 से 25 लाख बताया जा रहा है।

### डोडा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के घने जंगल में रविवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर एक राइफल और गोला-बारूद बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने थाथरी के भल्लारा वन क्षेत्र में संयुक्त रूप से अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जंगल के अंदर एक ठिकाने से एक राइफल, उसकी दो मैगजीन और 20 राउंड बरामद किए गए।

# गोवा के नाइट क्लब में आग, पांच पर्यटकों समेत 25 जिंदा जले

## डांस फ्लोर पर चल रहे थे इलेक्ट्रिक पटाखे, मृतकों में 2 उत्तर प्रदेश के निवासी

- डांस फ्लोर पर थे 100 से ज्यादा पर्यटक मरने वालों में 20 क्लब के कर्मचारी
- क्लब के महाप्रबंधक समेत चार गिरफ्तार सीएम ने गठित की जांच कमेटी

पणजी, एजेंसी

गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन में शनिवार आधी रात के बाद अचानक लगी आग से 25 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में 5 पर्यटक और 20 क्लब के कर्मचारी हैं। छह लोगों की हालत नाजुक है। घटना उस समय हुई जब नाइट क्लब पर्यटकों से भरा हुआ था और डांस फ्लोर पर 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

सूची के अनुसार आग में मारे गए पांच पर्यटकों में से चार दिल्ली के थे, जिनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल थे। पांचवां पर्यटक कर्नाटक का था। मृतकों में से 20 नाइटक्लब के कर्मचारी थे, जिनमें उत्तराखंड के पांच, नेपाल के चार, झारखंड और असम के तीन-तीन, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के दो-दो और पश्चिम बंगाल का एक व्यक्ति शामिल है। उत्तराखंड के मृतकों की पहचान जितेंद्र सिंह, सतीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुमित नेगी और मनीष सिंह के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश के रोहन सिंह और सुनील कुमार भी शामिल हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि अंदर इलेक्ट्रिक पटाखे फोड़े गए थे, जिससे आग लगी। क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक, महाप्रबंधक विवेक सिंह, बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया और द्वार प्रबंधक रियांशु ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव डॉ. वी. कैंडावेलू और डीजीपी आलोक कुमार को दोषी सरकारी अधिकारियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने नाइट क्लब अग्निकांड की जांच के लिए समिति गठित की है। ये समिति एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देगी।

यह नाइट क्लब राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में स्थित है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 5 पर्यटक और 20 कर्मचारी शामिल हैं। इसी बीच सीएम ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि कारण का पता लगाया जा सके और जिम्मेदारी तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग क्लब की पहली मंजिल पर लगी थी और भीड़भाड़ होने एवं छोटे दरवाजों के कारण ग्राहक बाहर नहीं निकल सके।



उत्तरी गोवा जिले में नाइट क्लब में जले हुए अवशेष मिले, जहां शनिवार आधीरात के बाद आग लग गई थी।

### राष्ट्रपति- प्रधानमंत्री ने अग्निकांड पर शोक जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने इस घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोष से प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पांच लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

## ओवरटेकिंग में रोडवेज बस से टकराई कार, 3 की मौत

संवाददाता गोंडा



**अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनभुला गांव के पास रविवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो को लखनऊ रेफर किया है।

हादसा रविवार की सुबह करीब 8 बजे उस वक्त हुआ जब गोंडा से अयोध्या की तरफ जा रही ब्रेजा कार अपने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही उत्तराखंड रोडवेज की बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बस के भीतर घुस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को पहले सीएचसी वजीरगंज पहुंचाया जहां से सभी को जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान आशु अग्रवाल (32) निवासी आगरा, अक्षत (34) व नीता अग्रवाल (55) कानपुर के रूप में हुई है। नितिन अग्रवाल (32) व नेहा (32) की हालत गंभीर बताई जा रही है।
जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी के रहने वाले नितिन अग्रवाल अग्रवाल की चार दिसंबर को शादी थी। उसमें शामिल होने के लिए कानपुर व आगरा से रिश्तेदार आए हुए थे। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रविवार सुबह अयोध्या से फ्लाइट पकड़ने के लिए गोंडा से अयोध्या जा रहे थे। नितिन कार चला रहा था। रास्ते में वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनभुला गांव के समीप कार चालक नितिन ने अपने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेकिंग करने के प्रयास किया। इसी बीच उनके कार की सामने से आ रहे उत्तराखंड रोडवेज बस से भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए वजीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि कार सवार एक बच्ची अनाया (3) को हल्की चोट आई थी।

## गले में फंसी टॉफी, दम घुटने से ढाई साल के बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार:** नहटौर क्षेत्र के ग्राम चक गोवर्धन में गले में टॉफी फंसने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। गांव के शमशाद का पुत्र शाफैज शनिवार दोपहर घर में खेल रहा था। इसी दौरान उसने टॉफी खा ली, जो गले में फंस गई। उस वक्त वहां कोई परिजन नहीं था। सांस रुकने से वह छटपटाते हुए बेहोश होकर गिर पड़ा। बच्चे के गिरने की आवाज पर परिजन उसे सीएचसी नहटौर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिंदगी की आस में परिजन उसे धामपुर के एक निजी अस्पताल भी ले गए, लेकिन वहां भी डॉक्टर ने निराशा जाहिर कर दी। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। शमशाद ने बताया कि घर पर काफी कोशिश के बाद भी टॉफी नहीं निकाली जा सकी तो अस्पताल ले गए।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार आर्य ने अभिभावकों से अपील की कि छोटे बच्चों को सख्त टॉफी, पॉपकॉर्न, च्यूइंग गम, मूंगफली, अंगूर तथा छोटे आकार वाले खाद्य पदार्थ बिना निगरानी के न दें।

## मां के आंचल में सो रहे चार माह के बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

**कैसरगंज(बहराइच)।** कैसरगंज थाना क्षेत्र में स्थित गोड़हिया नंबर 3 के मजरे मल्लाहनपुरवा में शनिवार देर रात एक बजे घर में घुसकर भेड़िया मां के आंचल में सो रहे चार माह के बच्चे सुभाष को उठा ले गया। वनविभाग की टीम ग्रामीणों के साथ मिलकर सर्च अभियान चला रहीं हैं।

परिवार और ग्रामीण बच्चे की तलाश में जुटे हुए हैं। लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में भेड़ियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने की मांग की जा रही है। वहीं बहराइच वन प्रभाग के डीएफओ राम प्रकाश यादव का कहना है कि घटना के बाद से ही वन विभाग की टीमें सर्च अभियान चला रही हैं पर अभी कोई सफलता नहीं मिली है। बता दें कि वन्यजीवों के हमले में अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और 32 लोग घायल हुए हैं।

# 1650 तक पहुंच गई इंडिगो की उड़ानें

- तेजी से सामान्य हो रहे हालात इंडिगो ने अब तक 610 करोड़ रुपये का रिफंड पूरा किया

मुंबई, एजेंसी

इंडिगो ने रद्द या अत्यधिक विलंबित उड़ानों के लिए अब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली है और शनिवार तक 3,000 नग सामान यात्रियों तक पहुंचा दिया गया है। सरकार ने बताया कि विमानन नेटवर्क तेजी से सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है और परिचालन पूरी तरह स्थिर होने तक सभी सुधारात्मक कदम लागू रहेंगे।

नागर विमानन मंत्रालय ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि इंडिगो अब तक 610 करोड़ रुपये का रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। रद्द उड़ानों से प्रभावित यात्रियों के यात्रा पुनर्निर्धारण में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की सहायता के लिए विशेष सहायता केंद्र बनाए गए हैं, ताकि रिफंड और दोबारा बुकिंग से जुड़े मुद्दों का त्वरित समाधान हो सके। इंडिगो की उड़ानें शुक्रवार को 706 से बढ़कर शनिवार को 1,565 हो गईं और रविवार को उड़ानों की संख्या 1,650 तक पहुंच गयी।



### इंडिगो के बोर्ड ने संकट प्रबंधन समूह का गठन किया

**मुंबई।** इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के बोर्ड ने एक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया है, जो हालात की निगरानी के लिए नियमित रूप से बैठक कर रहा है। एयरलाइन ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि कंपनी का निदेशक मंडल ग्राहकों को हो रही परेशानियों का समाधान करने और यात्रियों को रिफंड सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

## विद्युत बिल राहत योजना में बढ़ा लाभ का दायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले बकाएदार भी होंगे लाभान्वित

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में विद्युत बिल राहत योजना में उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभ का दायरा और बढ़ा दिया गया है। ऐसे में अब 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले बकाएदार भी लाभान्वित होंगे। अधिकतम लोगों को राहत देने के मद्देनजर राज्य सरकार ने यह संवेदनशीलता दिखाई है।

दरअसल, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देशों के क्रम में अब 30 नवंबर 2025 तक भुगतान करने वाले ऐसे सभी उपभोक्ताओं को भी विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी। पहले 31 मार्च के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था, जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। जिलों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, फिर भी उनका काफी बकाया शेष है।

वन्यजीव

जंगल में इन दिनों पर्यटक न सिर्फ हाथी, गैंडे और बारहसिंघे देख रहे हैं, बाघों की झलक भी बार-बार देखने को मिल रही है

# पर्यटकों को खूब भा रहे दुधवा-पीटीआर, हो रही बाघों की साइटिंग

संवाददाता, लखीमपुर/ पीलीभीत

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क और पीटीआर का नया पर्यटन सीजन शुरू होते ही बाघ प्रेमियों की किस्मत खूब चमक रही है। दुधवा पार्क के जंगल के हर कोने में इन दिनों पर्यटक न सिर्फ हाथी, गैंडे और बारहसिंघे देख रहे हैं, बल्कि खूबसूरत और ताकतवर बाघों की झलक भी बार-बार देखने को मिल रही है।

**अब तक दर्जनों बार दिखा बाघ :** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन के अनुसार, इस सीजन में अब तक दर्जनों बार बाघों, तेंदुओं और गैंडे जैसे दुर्लभ वन्यजीवों की साइटिंग हो चुकी है। वनकर्मी भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि पर्यटकों को रोमांचक अनुभव के साथ-साथ सुरक्षा का भी पूरा भरोसा मिल सके। दुधवा आने वाले सैलानियों के लिए यह बाघ दर्शन किसी जंगल सफारी बोनस से कम नहीं था। नजदीक से देखे गए इस शेर-ए-दुधवा की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे पर्यटकों में दुधवा घूमने का उत्साह और बढ़ गया है।



दुधवा पार्क की द. सोनारीपुर रेंज में दिखे बाघ।

### पीटीआर में शावकों संग अठखेलियां करती दिखी बाघिन

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भी सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रकृति को करीब से निहारने एवं बाघों के दीदार करने के लिए सैलानी पहुंच रहे हैं। शनिवार शाम शावकों के साथ अठखेलिया करती बाघिन के दीदार होने पर सैलानी खासे उत्साहित दिखे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बीते 1 नवंबर से शुरू किया गया था। बीते माह में 4500 से अधिक सैलानी पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे थे। वहीं 30 दिन के अंदर 70 से अधिक विदेशी सैलानियों ने भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व में दस्तक दी थी। रविवार को दिनभर में 300 से अधिक सैलानी टाइगर रिजर्व पहुंचे। महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव ने बताया कि रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण सैलानियों की संख्या में वृद्धि हुई है।



# प्रदेश के परिवहन ढांचे में आएगा बड़ा बदलाव

## सरकार का 'सुरक्षित सड़क मिशन' तेज, हाई रिस्क जिलों में इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रॉनिक निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार ने अब जमीनी बदलाव की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय ने अत्याधुनिक तकनीक आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की तैयारियों को हरी झंडी दे दी है। मुख्य सचिव की बैठक में कई महत्वपूर्ण पूंजीगत और राजस्व योजनाओं को मंजूरी मिल गई है।

इस कवायद से प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी और ट्रैफिक अनुशासन में बड़े सुधार की उम्मीद की जा रही है। राजधानी सहित अन्य प्रमुख शहरों में ट्रैफिक मॉनिटरिंग को डिजिटल रूप देने के प्रयास तेज हैं। लखनऊ के महत्वपूर्ण चौराहों पर इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 4.96 करोड़ रुपये, जबकि मुरादाबाद और बलिया में 3.10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इन कैमरों से न केवल नियम उल्लंघन की निगरानी होगी, बल्कि शहरों में रीयल-टाइम ट्रैफिक कंट्रोल, दुर्घटनाओं में त्वरित प्रतिक्रिया और अपराध रोकथाम में भी मदद मिलेगी।

### नियम उल्लंघन पर स्वत: ई-चालान



सड़क हादसों पर नियंत्रण योगी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। इसी लक्ष्य से डीआरएससी मॉडल पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइस लगाने के लिए 25 हाई रिस्क जिलों को 1-1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। शेष जनपदों के लिए 50 लाख रुपये प्रति जिले की दर से अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इन उपकरणों के जरिए ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रेड लाइट जंपिंग और गलत दिशा में वाहन चलाना जैसे नियम उल्लंघन पर स्वत : ई-चालान जारी होंगे।

### इंटरसेप्टर वाहनों से बढ़ी सख्ती

परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में स्वीकृत 19 .95 करोड़ रुपये में से 70 इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद हो चुकी है। ये वाहन अब हाईवे और शहरों के प्रमुख मार्गों पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, 18 के-इन-मोशन सेंसरों की स्थापना के लिए 14 .05 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं, जिससे ट्रकों की ओवरलोडिंग पर सटीक कार्रवाई होगी।



लखनऊ : जय नारायण पीजी कॉलेज से क्लैट की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

# 11 जिलों में 17 केंद्रों पर हुई क्लैट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधि स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) का आयोजन देश भर में रविवार को किया गया। जबकि यूपी के लखनऊ समेत कुल 11 जिलों में इस परीक्षा का आयोजन किया। लखनऊ में कुल 6 परीक्षा केंद्रों पर क्लैट की परीक्षा सम्पन्न हुई। सर्वाधिक अभ्यर्थी डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में मौजूद रहे। परीक्षा केंद्रों में जाने के लिए लंबी लाइनें लगीं, जिसमें घंटों तक परीक्षार्थी प्रतीक्षा के बाद चेकिंग के बाद गए। परीक्षा का आयोजन कन्सोर्टियम ऑफ एनएलयू द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया है।

देशभर में कुल 173 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 92,344 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। यूपी के 11 जिलों में 17 केंद्रों पर परीक्षा हुई, जिसमें 14,578 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। लखनऊ क्षेत्र में कुल 5365 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5212 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 153 अनुपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण बैंक के मैनेजर व चपरासी पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई की एंटी करप्शन ब्यूरो ने ग्रामीण यूपी बड़ौदा बैंक के प्रबंधक व चपरासी के खिलाफ रिश्वत मांगने की रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में आजमगढ़ के गहाजी निवासी किसान ने शिकायत की थी। जांच में आरोप सही पाये जाने के बाद सीबीआई ने कार्रवाई की है। सीबीआई अधिकारी के मुताबिक आजमगढ़ के गहाजी निवासी विशाल कुमार ने शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया कि आजमगढ़ स्थित ग्रामीण यूपी बड़ौदा बैंक की दुर्वाषा शाखा से उन्होंने 2 .52 लाख रुपये का केसीसी सीमा का आवेदन किया था। इसे मंजूरी दे दी गई। इसकी पहली किस्त उनके खाते में आ गई। इसके बाद बैंक के शाखा प्रबंधक ने अपने चपरासी विश्राम के माध्यम से ऋण राशि के 10 प्रतिशत की दर से 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। पीड़ित ने इसकी शिकायत की तो जांच में सामने आया कि बैंक के शाखा प्रबंधक के चपरासी द्वारा मांगे जाने वाली रिश्वत की पुष्टि हुई।

### प्रोग्रेसिव खेती के टिप्स देंगे मास्टर ट्रेनर्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार अब किसानों को आय का साधन और प्रोग्रेसिव खेती की टिप्स देने को मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने जा रही है। ये मास्टर ट्रेनर्स किसानों के बीच से ही विकसित किए जाएंगे। इसके लिए बकायदा अभियान चलेगा, जिसमें कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार को अपनाकर मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कम लागत में अधिक लाभ कमाने का हुनर सिखाया जाएगा। अभियान सोमवार से ही शुरू हो जाएगा, जिसके तहत मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी। बाद में जिलास्तरीय ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम 9 से 10 दिसंबर के बीच चलेगा। इसी कड़ी में आगे भी कार्यक्रम चलेंगे। अभियानों के आयोजन के लिए पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र और प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया जा रहा है।

### जिलाधिकारियों को पेंशनर्स देंगे ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेंशनर्स दिवस (17 दिसंबर) को प्रदेशभर के पेंशनर्स जिला मुख्यालयों पर एकजुट होकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। इस ज्ञापन में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की शर्तों में पेंशन पुनरीक्षण को कर्मचारियों के वेतन-भत्तों की तर्ज पर शामिल किए जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी जाएगी। यह घोषणा संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश ने की है । समिति के संयोजक एनपी त्रिपाठी और सह संयोजक क्षमा नाथ दुबे ने रविवार को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 3 नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना में आठवें वेतन आयोग के विचार-बिन्दुओं में पेंशनरों की पेंशन बढ़ोतरी से संबंधित मुद्दा शामिल नहीं है। चूंकि प्रदेश सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र के समान आधार पर ही सुविधाएं स्वीकृत होती हैं, इसलिए आयोग में यह बिंदु शामिल न होने से पेंशनरों में स्वाभाविक रूप से असंतोष व्याप्त है।

### यहियागंज गुरुद्वारे का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग राजधानी स्थित ऐतिहासिक यहियागंज गुरुद्वारे का पर्यटन विकास करने जा रहा है। गुरुद्वारे के धार्मिक महत्व, सामुदायिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए दो करोड़ रुपये से इसके कायाकल्प की योजना तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को जारी बयान में बताया कि सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर और दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की स्मृतियों से जुड़े इस गुरुद्वारे का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता में है।

# अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर में सबसे अधिक फर्जी वोट : मुख्यमंत्री

## एसआईआर में देरी पर जताई नाराजगी, संगठनात्मक बैठक से दूर रखे गए अधिकारी



अलीगढ़ में जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अलीगढ़ में एसआईआर (वृहद मतदाता पुनरीक्षण) की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए साफ कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक फर्जी वोट अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर जिलों में मिले हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन जिलों में मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं दिख रही हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए और अंतिम समय सीमा नजदीक होने के कारण किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री की यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जहां उन्होंने मंडलभर के भाजपा नेताओं और प्रमुख पदाधिकारियों के साथ रणनीतिक चर्चा की। खास बात यह रही कि बैठक पूरी तरह संगठन के लिए रखी गई थी और इसमें किसी भी सरकारी अधिकारी को शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि इस अभियान को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि विवाह जैसे व्यक्तिगत कार्यक्रम हों, तब भी एसआईआर का काम नहीं रुकना चाहिए। मुख्यमंत्री विशेष रूप से अलीगढ़ शहर और कोल विधानसभा क्षेत्रों में देरी को लेकर नाराज दिखे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि दोनों क्षेत्रों में बोगस वोटों की संख्या अधिक होने के कारण विशेष निगरानी जरूरत है।

बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री छेरत पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मंत्री और बरौली विधायक ठाकुर जयवीर सिंह के पुत्र के तिलक समारोह में शामिल होकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद वे छेरत से ही कोटद्वार के लिए उड़ान भर गए।

### चर्चा में रहा योगी का हेलीकॉप्टर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वेलिंगडन क्रिकेट पवेलियन में उतरा। शहर में इस बात की खूब चर्चा रही कि हाल ही में जहां स्ट्रीट लाइटों से मुख्यमंत्री की तस्वीरें हटाए जाने पर विवाद हुआ था, वहीं उसी परिसर में मुख्यमंत्री का आगमन हुआ। विश्वविद्यालय क्षेत्र में विद्यार्थियों की मांगों को लेकर आंदोलन की पृष्ठभूमि में छात्र नेता मोहम्मद मोहसिन मेवाती को पुलिस ने पहले ही नजरबंद कर लिया था।

### सहारनपुर में भी की एसआईआर की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सहारनपुर में अलीगढ़ की तर्ज पर संगठनात्मक व प्रशासनिक समीक्षा करते हुए एसआईआर (मतदाता पुनरीक्षण) कार्य की प्रगति को गंभीरता से परखा। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बंद-द्वार बैठक की, जिसमें किसी सरकारी अधिकारी को शामिल होने की अनुमति नहीं थी। बैठक में मुख्यमंत्री ने एसआईआर अभियान में तेजी लाने और मतदाता सूची में बोगस प्रविष्टियों को प्राथमिकता से हटाने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान जिले की कानून-व्यवस्था, विकास परियोजनाओं और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि सहारनपुर की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा।

# यूपी की पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने को महाराष्ट्र में मिलेगा गुरुमंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 29 जिलों से चुने प्रतिनिधि जाएंगे महाराष्ट्र, सीखेंगे पंचायतों में नई तकनीक से विकास
- प्रति ग्राम पंचायत लगेगी किसान पाठशाला, 80 से 100 किसान होंगे शामिल

**अमृत विचार :** उप्र. की पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने का गुरुमंत्र महाराष्ट्र से मिलेगा। राज्य के 23 जिलों से कुल 29 ऐसे प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जो महाराष्ट्र रवाना हो चुके हैं और वहां 11 दिसंबर तक पंचायतों में नई तकनीक के साथ विकास करने की बारीकियां सीखेंगे।

नवाचार मॉडल की बारीकियां सीखने के बाद ये प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश लौटेंगे और फिर प्रति ग्राम पंचायत किसान पाठशाला लगेगी। इस पाठशाला में 80 से 100 किसान प्रतिभाग करेंगे, जिनके बीच प्रतिनिधि सीखे गए मॉडल्स को उनके गांवों में लागू करने के उपाय और रास्ते सुझाएंगे।

महाराष्ट्र में ऐसे हजारों गांव हैं, जहां उनके सफल मॉडलों के कारण ग्रामीणों ने अपने बल पर गांवों को नई दिशा दी है। पंचायती राज विभाग की इस पहल का मूल उद्देश्य उत्तर प्रदेश की पंचायतों को अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर और नवाचारी बनाने का है।

महाराष्ट्र दौरे में यूपी के चुनिंदा विजिटर्स को उन पंचायतों में ले जाया जाएगा, जहां स्वच्छता प्रबंधन, अपने बूते आय के संसाधन बनाना, सामाजिक उद्यमिता, बायोगैस-आधारित ऊर्जा मॉडल और सामुदायिक सहभागिता जैसी एडवांस कार्यसंस्कृति विकसित है। ऐसे में यूपी विजिटर्स वहां के ग्राम पंचायतों में हो रहे उत्कृष्ट व सफल मॉडल्स को अपने क्षेत्रों में लागू कर सकेंगे।

> विश्वास है कि महाराष्ट्र का अनुभव हमारे युवाओं, प्रतिनिधियों और अधिकारियों की सोच को व्यापक बनाएगा। ऐसे में यूपी की पंचायतें नवाचार आधारित विकास की ओर और तेजी से अग्रसर होंगी।
> – ओमप्रकाश राजभर
> पंचायती राज मंत्री

> हमारे लोगों के लिए सीख, अनुभव और नेतृत्व विकास का अनोखा अवसर है। वहां से मिली जानकारी को वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे और वहीं से एक नई विकास यात्रा आगे बढ़ेगी।
> -अमित कुमार सिंह, निदेशक
> पंचायती राज विभाग

## नगर इकाई का गठन, प्रांत अधिवेशन की तैयारियों पर मंथन

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई बदोसराय का गठन रविवार को सिरौलीगौसपुर स्थित लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह में आयोजित बैठक में किया गया। बैठक में 65वें प्रांत अधिवेशन की तैयारियों और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नई नगर इकाई का गठन और आगामी प्रांत अधिवेशन की रूपरेखा तय करना रहा।

नगर के अध्यक्ष, मंत्री सहित सभी सक्रिय कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। इस दौरान नई नियुक्तियों की घोषणा भी की गई। लवकुश पाण्डेय को नगर अध्यक्ष, देवेंद्र वर्मा को उपाध्यक्ष और सिद्धार्थ कुमार को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं धनंजय पांडेय, प्रतीक मोर्या, आयुष वर्मा और अनुभव यादव को सहमंत्री बनाया गया। अनुगत त्रिवेदी को 'खोजो भारत' अभियान का संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में विभाग संगठन मंत्री आकाश शुक्ला, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आलोक कनौजिया, शशिधर पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आलोक कनौजिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को जोड़कर एबीवीपी की कार्यशैली को गांव-नगर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

# मानवतावादी संविधान सही भावना से लागू हो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** देश की वर्तमान परिस्थितियों को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने चिंता जताते हुए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि एयरलाइंस संचालन में हो रही अव्यवस्था समेत गरीबी, बेरोजगारी, दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीरता और रुपये की गिरती कीमत जैसी समस्याओं से देश परेशान है। सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब बाबा साहेब के मानवतावादी और कल्याणकारी संविधान को सही भावना से लागू किया जाए।

बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर डॉ.भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल और नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल एवं ग्रीन गार्डेन में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लाखों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि वे व्यावसायिक दृष्टिकोण छोड़कर विशुद्ध जनहित और जनकल्याण की नीयत से नीति व कानून बनाएं।

### प्रतिबंधित मांस के साथ दो गिरफ्तार, 10 लोगों पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़ : अमृत विचार :** देहात कोतवाली पुलिस ने कटरा चौराहे के पास से शनिवार शाम दो लोगों को पांच किलो प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया। उनके बयान पर मवेशी काटने वाले दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसआई अवधेश सिंह, अनूप कुमार यादव कटरा मेदनीगंज चौराहे पर मौजूद थे। तभी दो लोग पॉलीथीन लेकर पहुंचे। तलाशी ली तो उनमें मांस मिला। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी कटरा मेदनीगंज के ही रहने वाले जहीर और नदीम है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे कटरा मेदनीगंज से मांस लेकर आ रहे थे। बताया कि कटरा मेदनीगंज में कलीम, इस्माइल, गुलाब,मेहताब, नवी उल्ला,मुश्ताक,फिरोज और एक अज्ञात मवेशी को काटकर मांस बेचते हैं। उनके पास मवेशी को काटने का लाइसेंस भी नहीं है।

# गोकशी व हत्या के प्रयास के अभियुक्त की पुलिस से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भीखमपुर नहर पुलिया के समीप शनिवार रात पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हुई। इसमें गोकशी और हत्या के प्रयास करने वाले ओंकारनाथ पुत्र पाहीलाल निवासी उदईपुर पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसने घेराबंदी करने पर पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। पुलिस से घिरता देख ओंकारनाथ ने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। इसके बाद आत्म सुरक्षा में पुलिस ने भी फायरिंग की तो एक गोली ओंकारनाथ के दाहिने पैर में लगी। इससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने ओंकारनाथ के पास से विना नंबर प्लेट की एक बाइक,एक तमंचा, दो खोखा व एक कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार चार सितंबर 2021 को आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के कोपा गांव में गोमांस से भरी बोरी मिली थी, जिसमें यह वांछित था। इसके अलावा 29 सितंबर 2021 को ओंकारनाथ ने सेतापुर खडखडहवा पुल के पास पुलिस टीम पर गोवंश से लदा वाहन चढ़ाने की कोशिश की थी। इस मामले का मुकदमा आसपुर देवसरा थाना में पंजीकृत है। आसपुर देवसरा की पुलिस की पुलिस इसे सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसओ आसपुर देवसरा विजेंद्र सिंह ने बताया की किसी भी अपराधी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## सुलतानपुर के युवक को अगवा कर हत्या, प्रतापगढ़ में फेंका शव

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** सुल्तानपुर में युवक को अगवा करने के बाद हत्या करके शव को प्रतापगढ़ के गोमती नदी के इब्राहिमपुर घाट पर फेंक दिया। सुबह शव उतराया नजर आने पर देखने वालों की भीड़ लग गई। सुल्तानपुर पुलिस के अनुसार शनिवार की शाम युवक अगवा किया गया था। जिसका शव उतराने की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचकर शव को अपने साथ ले गई। हालांकि इसकी भनक आसपुर देवसरा पुलिस को नहीं लगी। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान साढ़ापुर निवासी 25 वर्षीय अमन यादव के रूप में हुई। सुल्तानपुर जनपद के चांदा थाना क्षेत्र के इस युवक का अपहरण शनिवार को करके बेरहमी से पिटाई के बाद हत्या करके में शव गोमती में फेंक दिया गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक शनिवार रात लखनऊ से लौट रहा था। ईशीपुर के पास कार सवार बदमाशों ने अमन को जबरन रोका और उसे अगवा कर लिया। युवक के अपहरण की सूचना पर रात भर कई थानों की पुलिस युवक की तलाश में जुटी रही। रविवार की सुबह अमन का शव आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र स्थित इब्राहिमपुर घाट पर गोमती नदी में उतराया मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब पुलिस वालों ने शव नदी से बाहर निकला, तब भी उसके शरीर से खून बह रहा था। चांदा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बच्चा बदलने का आरोप लगा कर अस्पताल में हंगामा, जुटी भीड़

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता का बच्चा बदलकर मरा हुआ बच्चा पकड़ा दिया गया। उक्त आरोप लगाते हुए परिजन हंगामा करने लगे। पुलिस ने पहुंचकर किसी तरह लोगों को शांत कराया। अस्पताल प्रशासन ने आरोप झूठे बताए तो परिजन डीएनए जांच की मांग करने लगे।

नगर कोतवाली के अचलपुर निवासी अभिषेक की पत्नी आंचल को प्रसव पीड़ा होने पर महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोपहर में करीब एक बजे ऑपरेशन से प्रसव हुआ। परिजनों ने बताया कि बच्चे को उन्हें नहीं दिखाया और हालत गंभीर बताकर एसएनसीयू में भर्ती कर दिया गया। बाद में बच्चा बदलकर उन्हें मरी हुई बच्ची का शव दे दिया। परिजनों का आक्रोश देख अस्पताल प्रशासन ने पुलिस बुला ली। पुलिस के सामने एसएनसीयू के चिकित्सक परिजनों को समझाते रहे। परिजन डीएनए जांच की मांग पर अड़े रहे। अस्पताल प्रशासन ने बच्चा बदलने की घटना से इनकार करते हुए आरोप को झूठा बताया।



महिला अस्पताल में हंगामे के दौरान लोगों को समझाती पुलिस।

## एसआईआर में गहनता से हो जांच : रिणवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आयोग ने एसआईआर अभियान में लगे बीएलओ को अनुपस्थित, शिफ्टेड और मृत मतदाताओं का एक बार फिर से अपने स्तर पर गहन जांच कर लेने के निर्देश दिए हैं। इस कार्य में राजनीतिक दलों से नियुक्त बीएलए का भी सहयोग लेने के निर्देश हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्यों में प्रगति तेज है। उन्होंने अपील की है कि राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने के लिए निर्देशित करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हो सकें।

# राम नाम की नौका करती भवसागर से पार

संवाददाता, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा टिकैतनगर के दुर्गा पूजा स्थल पर आयोजित श्रीराम कथा का शुभारम्भ वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज के प्रवचन से हुआ। कथा के प्रथम दिन उन्होंने गुरु, भक्ति एवं राम नाम की महिमा पर सुंदर व्याख्या प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

उन्होने कहा कि गुरु वह है जो अपने शिष्य को अज्ञान रूपी अंधकार से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाने का मार्ग दिखाए। उन्होंने भगवान शिव को सम्पूर्ण विश्व का गुरु बताते हुए कहा कि माता पार्वती के आग्रह पर भगवान शिव ने ज्ञान रूपी गंगा रामचरित मानस की कथा सुनाई, जो स्वयं जन-जन तक पहुँचकर लोककल्याण करती है। महाराज ने कहा कि कलियुग में नाम की महिमा सबसे बड़ी है। राम नाम ही वह नौका है, जो मानव समाज को भवसागर से पार कर देती है। इसी राम नाम के स्मरण से भक्त प्रहलाद, ध्रुव, मीराबाई, संत रविदास, संत कबीर, अजामिल आदि अनेक भक्तों ने ईश्वर की प्राप्ति की। कलियुग केवल नाम अधारा दोहे के माध्यम से उन्होंने नाम-स्मरण की अनिवार्यता बताई। कथा श्रवण के दौरान राज्यमंत्री सतीश शर्मा, टिकैतनगर नपं चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता, राजकुमार पाण्डेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीराम कथा का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में लगातार जारी है।



कथा वाचन करते अतुल कृष्ण भारद्वाज। अमृत विचार

# सड़क हादसों में बाबा-पौत्र समेत पांच की मौत, अस्पताल में हंगामा

## जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुईं दुर्घटनाएं, परिजनों में मचा कोहराम

**रफ्तार की मार**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत ने कई परिवारों को शोक में डुबो दिया। दो घायल जिला अस्पताल रेफर हैं। कहीं बाबा-पोते की मौके पर ही मौत हुई, तो कहीं इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। बाबा पोते की मौत मामले में परिजनों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

**बाइक से गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत: हैदरगढ़ प्रतिनिधि** के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर शनिवार रात बाइक से गिरकर घायल हुए आशीष कुमार सिंह (34) की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुलालपुर निवासी आशीष एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करते थे और नई सड़क चौराहे के पास रहते थे। परिवार वालों ने बताया कि आशीष शनिवार की देर रात बारा टोल प्लाजा पर चाय पीने के बाद नई सड़क स्थित घर के लिए बाइक से निकला। वहां हुए हादसे के बाद वे घायल दशा मे किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को चोट लगने की जानकारी दी, लेकिन थोड़ी देर में उनकी हालत अचानक खराब हो गई। सीएचसी हैदरगढ़ और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

**बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल: त्रिवेदीगंज प्रतिनिधि** के अनुसार बाराबंकी-लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर रविवार शाम करीब 6 बजे लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दहिला चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। इनमें एक की मौत हो गई, दो घायल जिला अस्पताल रेफर हैं। कोठी थाना क्षेत्र के अचकामऊ निवासी कल्लू (27) गांव के ही रिंकू (42) व विजय (40) के साथ बाइक से लखनऊ की ओर से वापस आ रहे थे। दहिला चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। जहां विजय को मृत घोषित किया गया।

### डीसीएम और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत


बाबा रामस्वरूप।


पौत्र आयुष।

**देवा प्रतिनिधि** के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में चिनहट-देवा रोड स्थित बरेठी चौराहे के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार डीसीएम और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार रामस्वरूप यादव और उनके पोते आयुष यादव की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गुलाम हुसैन पुरवा, विभूति खंड, गोमतीनगर के मूल निवासी थे और फतेहपुर बेलहरा रोड स्थित साईं पीजी कॉलेज से परीक्षा दिलाकर लौट रहे थे। हादसे के बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। बताया कि शवों को एंबुलेंस के बजाय लोडर से भेजा गया और लगातार गलत जानकारी दी गई। इसे लेकर परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मामला बढ़ने पर एसडीएम, सीओ व नगर कोतवाल मौके पर पहुंचे और जांच का आश्वासन दिया। सीओ संगम कुमार ने बताया कि परिजन नाराज थे पर उन्हे शांत कराया गया।

### घायल प्रिंस की उपचार के दौरान मौत


प्रिंस। फाइल फोटो

**रामनगर प्रतिनिधि** के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उटखरा में शनिवार को हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल 6 वर्षीय प्रिंस ने रविवार को लखनऊ ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। प्रिंस अपने पिता संदीप द्वारा चलाए जा रहे ई-रिक्शा से गांव लौट रहा था, तभी आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर रिक्शा पलट गया। परिजनों के शोक में डूबे होने की खबर पर पुलिस इस आशंका में सक्रिय रही कि लोग रानीबाजार चौराहे पर जाम लगा सकते हैं, लेकिन शांतिपूर्वक अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। कोतवाल अनिल कुमार पांडेय के साथ पुलिस बल सक्रिय रहा और मुख्य चौराहे से लेकर गांव तक फोर्स लगी रही।शाम को अंतिम संस्कार हो जाने के बाद थाने लौटी। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा शोक जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### अभिषेक कुमार का रेलवे में हुआ चयन



**सूरतगंज, बाराबंकी :** मटेहना गांव के गोविंद प्रसाद के बेटे अभिषेक कुमार वर्मा का रेलवे में चयन हुआ है। रेलवे विभाग नागपुर मंडल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद पर नियुक्ति होने से क्षेत्र उल्लास व्याप्त है। उसकी शिक्षा बीआरजी पब्लिक स्कूल में हुई। प्रधानाचार्य संजय वर्मा औ शिक्षक चक्रेश पाण्डेय ने बताया कि अभिषेक अध्ययन के दौरान पूर्ण सात्विक अनुशासित और परिश्रमी रहा जिसका सत्परिणाम अब दृष्टिगोचर हो रहा है। अन्य छात्रों को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। गांव निवासी मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा ने मीठा खिलाकर घर वालों को बधाई दी है।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**देवा, बाराबंकी :** ग्राम सरसौंदी निवासी 25 वर्षीय दीपक रावत की रविवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दीपक एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। रविवार की शाम करीब चार बजे वह काम से लौटकर अपने गांव पहुंचा और अचानक सीने में तेज दर्द होने की शिकायत करते हुए बैठ गया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# शीतकालीन सत्र में उठाएंगे अनुदेशकों की मांगें

- सांसद तनुज पुनिया ने दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


सांसद को ज्ञापन देते अनुदेशक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अनुदेशक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद तनुज पुनिया को अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

सांसद ने मांगपत्र का संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि शीतकालीन सत्र में अनुदेशकों का मुद्दा पूरी जिम्मेदारी के साथ संसद में उठाया जाएगा। मांगपत्र को तत्काल प्रभाव से दिल्ली फैक्स कराने के बाद अनुदेशकों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमा कांत वर्मा सहित अनुदेशक मौजूद रहे।

### धोखे से हड़प लिए दो लाख रुपये, दी तहरीर

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में ललईखेर मजरे अखैय्यापुर गांव निवासी दुर्गेश कुमार ने थाना हैदरगढ़ में तहरीर दी। बताया कि थाना लोनीकटरा के मंगलपुर गांव निवासी करन वर्मा ने उनका फोन लेकर दो लाख रुपए गोसाईगंज लखनऊ के एक जनसेवा केंद्र संचालक के खाते में ट्रांसफर कर दिया। पैसा ट्रांसफर करने के बाद मोबाइल भी तोड़ दिया। इससे इस धोखाधड़ी की जानकारी चार दिन बाद हुई। पीड़ित ने गोसाईगंज जनसेवा केंद्र से संपर्क किया तो पता चला कि पैसा करन वर्मा ले जा चुका है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### प्रधान प्रतिनिधि पर हमले की रिपोर्ट दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में बबुआपुर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान की पैमाइश करने गई राजस्व टीम के सामने विवाद करने वालों के विरुद्ध प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि दो दिसंबर को राजस्व टीम गनेशपुर मजरे बबुआपुर में खेल के मैदान की पैमाइश कर रही थी। इस दौरान गांव के उपेन्द्र सिंह व उनके भाई राजेश सिंह ने प्रधान प्रतिनिधि पर हमला बोल दिया। रोजगार सेवक प्रहलाद को जाति सूचक शब्द कहे गए। विवाद के कारण पैमाइश बंद हो गई।

### विवाहिता को जलाने का प्रयास, मिली धमकी

**निन्दूरा, बाराबंकी :** दहेज को लेकर प्रताड़ित की जा रही एक विवाहिता को ससुराल में जलाने का प्रयास किया गया। असफल ससुराली अब पति की दूसरी शादी की धमकी दे रहे हैं। ग्राम रामपुर निवासी नाजमा पत्नी मोहम्मद सफीक ने बताया कि उसकी बेटी नाजमीन की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व मोहम्मद आशिफ पुत्र अजमेरी निवासी ग्राम बुढ़ना से की गई थी, विवाह के बाद से ही नाजमा दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उत्पीड़न का सामना कर रही है। आरोप लगाया कि पति मोहम्मद आशिफ पुत्र अजमेरी, देवर नदीम पुत्र अजमेरी, सास शम्मो पत्नी अजमेरी, कदीर पुत्र अजमेरी लगातार उसकी बेटी से बुलेट व सोने की चेन मांग रहे थे। मांग पूरी न होने पर नाजमीन से मारपीट, भोजन न देने जैसी प्रताड़ना की गई।

### विरोध करने पर दंपति की कर दी पिटाई

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** घर में अकेली महिला के अनुचित दबाव से इंकार करने पर दबंगों ने पति पत्नी की पिटाई की व झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दी। दरियाबाद कस्बा के एक मोहल्ला की रहने वाली पीड़िता ने तहरीर में बताया कि 22 नवंबर की दोपहर वह अकेली घर पर थी, तभी पड़ोसी इस्तिखार पुत्र वेचू जबरन घर में घुस आया और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। महिला के विरोध करने और चिल्लाने पर वह उसका हाथ पकड़कर खींचने लगा। इसी दौरान पति भी मौके पर पहुंचा। खुद को बचता देख इस्तिखार ने घर में पड़े डंडे से दंपति पर हमला कर दिया। इसके बाद उसकी पत्नी भी वहां आ गई और लाठी-डंडों से मारने का प्रयास किया। घटना में पति-पत्नी दोनों घायल हुए हैं।

### महिला पर लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख कोतवाली क्षेत्र में एक महिला पर चार लोगों ने मिलकर लोहे की रॉड, लाठी और डंडों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्राम गढ़ी मजरे भिटौली कला की रहने वाली शाहीन ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम वह दवाई लेकर जैसे ही गढ़ी-सतरिख रोड के पास पहुंची, आरोपित सिराज, इसरार अली उर्फ गुग्गी, आरिफ पुत्र मुनीर ने उसे रास्ते में घेर लिया। इसरार ने महिला को पकड़ा और सिराज ने लोहे की रॉड से उसके हाथ पर वार किया, जिससे वह गिर पड़ी। इसके बाद आरिफ ने बाल पकड़कर सड़क किनारे ले जाकर लात-घूंसों से बुरी तरह मारा।

### हृदयाघात से सपा कार्यकर्ता का निधन

**रामनगर, बाराबंकी :** समाजवादी पार्टी के सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ता अनिल यादव (52) का रविवार को हृदयाघात से अचानक निधन हो गया। मृत्यु की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। शव गांव पहुंचते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भीड़ अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। देर शाम गांव के पास ही उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए।

### झोलाछाप के ऑपरेशन से महिला की मौत

**कोठी, बाराबंकी :** कस्बे में बदनाम होने के साथ ही सीज हो चुके पुरुषोत्तम औषधालय में पथरी के ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत हो गई। नाराज परिजनों ने शव वहीं रखकर प्रदर्शन शुरु कर दिया तो डाक्टर फरार हो गया। ग्राम डफरापुर निवासी फतेह बहादुर की पत्नी मुनिशरा को पथरी की शिकायत थी। उसे शुक्रवार शाम कोठी कस्बा स्थित झोलाछाप ज्ञान प्रकाश मिश्र की क्लीनिक पुरुषोत्तम औषधालय पर ले जाया गया। परिजनों के अनुसार अस्पताल संचालक ने हजारों रुपये लेकर ऑपरेशन का आश्वासन दिया, लेकिन शनिवार शाम करीब छह बजे महिला की मौत हो गई। महिला के मरने से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल संचालक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि अस्पताल में न तो पर्याप्त चिकित्सा उपकरण थे और न ही विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद मिले, इसके बावजूद ऑपरेशन करने से मरीज की जान चली गई।

### नशे में आत्मदाह कर झुलसे व्यक्ति की मौत

**रामनगर, बाराबंकी :** पत्नी से हुए विवाद के बाद आत्मदाह कर गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति की ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। सरयू पुल के पास तपेसिपाह मार्ग स्थित मोड़ के निकट बने मंदिर के पास खड़बढ़ (50) निवासी सिद्धार्थनगर थाना मिश्रोलिया पिछले तीन माह से परिवार सहित रह रहा था। वह शराब का बहुत सेवन करता था, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति बनती थी। शनिवार शाम वह नशे की हालत में घर पहुँचा और पत्नी से भोजन को लेकर कहासुनी करने लगा। भोजन पर नाराजगी जताते हुए उसने खाना फेंक दिया और झगड़ा बढ़ने पर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली।

### अवैध कोयला परिवहन करते पकड़ी गई डीसीएम

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** शनिवार रात वन दरोगा ने अवैध रूप से लकड़ी का कोयला लेकर बिहार जा रही एक डीसीएम के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वन दरोगा अनुज कुमार सिंह रात में अपने कार्यक्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान हैदरगढ़-महाराजगंज मार्ग पर रायबरेली सीमा की ओर से आती एक संदिग्ध डीसीएम दिखाई दी। संदेह होने पर पीछा करके वाहन को हैदरगढ़ चौराहे पर रोका गया। पूछताछ में चालक आशीष कुमार पुत्र राजकुमार निवासी सिकरी, थाना हलियापुर, जनपद सुल्तानपुर ने बताया कि वाहन में लकड़ी का कोयला लदा है और उसे रीवा गांव, थाना महाराजगंज से राधेश्याम डिपो, परनिया गली, पटना (बिहार) भेजा जा रहा है। चालक परिवहन पास नहीं दिखा सका, जिसके बाद वाहन को रेंज कार्यालय ले जाया गया। वाहन पकड़ने के लगभग 20 मिनट बाद हलोर, थाना महाराजगंज निवासी अयाज का फोन आया। उसने बताया कि उसके पास परिवहन पास है और उसने व्हाट्सऐप के जरिए दो पास भेजे। जांच में बछरावां रेंज के वन क्षेत्राधिकारी नावेद सिद्दीकी ने दोनों पास को फर्जी बताया।

### भाकियू अराजनैतिक ने दी आंदोलन की धमकी

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** भाकियू अराजनैतिक ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक रविवार को ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष आदिल खान ने की, जबकि संचालन युवा ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद रावत ने किया। तहसील अध्यक्ष ने कहा कि गेहूं व सरसों की फसल की सिंचाई प्रभावित हो रही है क्योंकि नहरों में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द पानी न छोड़ा गया तो नहर विभाग का घेराव किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष आदिल खान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे मशीनें सिर्फ शोपीस बनी हैं। डॉक्टर सरकारी अस्पताल में बैठकर बाहर की दवाएं लिख रहे हैं, जिससे मरीज आर्थिक बोझ झेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सुधार न होने पर प्रमाणों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बैठक में बृजमोहन रावत, गुच्छन देवी, लालू यादव, जग प्रसाद रावत, काशीराम आदि रहे।

# बाराबंकी में साइबर ठगी का गिरोह बेनकाब

- दो आरोपी गिरफ्तार, 3.60 लाख रुपये और मोबाइल बरामद


गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अब बाराबंकी का नाम भी साइबर ठगी करने वाले जिलों में आ गया है। पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों संगठित गिरोह बनाकर ब्लैकमेल करने के बाद ठगी का धंधा चला रहे थे। इनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और थाना देवा पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को कुर्सी मोड़ नहर पुलिया के पास दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजन सिंह निवासी मोहल्ला कचेहरान, कटरा देवा और अनूप कुमार निवासी अड़ौरा देवा शामिल हैं। इनके पास से 3 लाख 60 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास जारी है। पकड़े गए आरोपी एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं जो टेलीग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल कर लोगों को अश्लील वीडियो भेज ब्लैकमेल करते थे। इसके अलावा "वर्क फ्रॉम होम", "ऑनलाइन टास्क", "निवेश कर पैसा दोगुना करने" जैसे झांसे देकर ठगी की जाती थी। आरोपियों द्वारा लोगों के मोबाइल पर फर्जी अकाउंट, स्कैनर या वीपीए भेजकर पेमेंट करवाया जाता था। राजन सिंह ने पिता का नाम बदलकर एयरटेल पेमेंट्स बैंक में खाता भी खुलवाया था। जांच में यह भी सामने आया कि इनकी ठगी का शिकार गुजरात और उड़ीसा तक के लोग हुए हैं। गुजरात के पीड़ित द्वारा 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है। गिरोह के यशराज सिंह और सिद्धार्थ तिवारी की तलाश जारी है।

### चाय बनाने में हुआ विवाद पत्नी ने लगाई आग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह चाय बनाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। घरेलू कलह से परेशान विवाहिता ने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गईं। जानकारी के अनुसार यह घटना आजादनगर मोहल्ले में संजय मौर्य के घर हुई। बताया जा रहा कि हर रविवार चाय बनाने की ज़िम्मेदारी प्रिया मौर्य के पति संजय मौर्य की होती है। इस बार रविवार को संजय ने चाय नहीं बनाई, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि प्रिया ने गुस्से में खुद को आग के हवाले कर दिया। आग लगने के बाद घर के लोग और पड़ोसी मौके पर दौड़े और किसी तरह आग बुझाकर प्रिया को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी हालत बेहद गंभीर बताई गई है और इलाज जारी है। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई की जाएगी।


मैच खेलते अभिभावक। अमृत विचार

### बालाजी लायंस ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा आयोजित उड़ान स्पोर्ट्स मीट 2025 के सातवें दिन रविवार को फादर क्रिकेट मैचों की रोमांचक श्रृंखला लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित की गई। टूर्नामेंट में चार टीमों बालाजी लायंस, बालाजी पैंथर्स, बालाजी स्ट्राइकर्स और बालाजी फाइटर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें बालाजी लायंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। पहले मैच में बालाजी स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और 8 ओवरों में 102 रन बनाए। स्ट्राइकर्स की ओर से तमजीद अहमद खान ने मात्र 15 गेंद में तूफानी 55 रन ठोके, जिसमें 7 छक्के शामिल थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए बालाजी लायंस के स्टार बल्लेबाज राकेश गुप्ता ने 16 गेंदों पर 52 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज शरद ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन चोटिल होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। दूसरे मुकाबले में बालाजी पैंथर्स ने 8 ओवरों में 113 रन बनाए। नफीस अली ने 16 गेंद में 41 रन और प्रवीन तिवारी ने 34 रन की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बालाजी फाइटर्स की टीम 78 रन पर सिमट गई। फाइनल मुकाबला बालाजी लायंस और बालाजी पैंथर्स के बीच 10 ओवर का खेला गया।


कार्यशाला में मौजूद छात्राएं व फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### छात्राओं को मिली परीक्षा तैयारी की दिशा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन द्वारा उदयन शीलनी फेलोशिप के अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं के लिए रविवार को कैसे करें परीक्षा की तैयारी विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य वक्ता डॉ. स्नेह लता ने छात्राओं को परीक्षा संबंधी उपयोगी तकनीकें, रणनीतियां और मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए। छात्राओं को अपने मन की चिंताएं, भय और लक्ष्य साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे उनकी मानसिक स्थिति को समझते हुए सलाह दी जा सके। डॉ. स्नेह लता ने समय प्रबंधन, प्रभावी नोट्स बनाने, लक्ष्य निर्धारण, एकाग्रता बढ़ाने, तनाव नियंत्रण और अध्ययन की बेहतर योजना जैसे कई बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में मॉक टेस्ट प्रैक्टिस, डेली स्टडी प्लान, टाइम ब्लॉकिंग, स्मार्ट रिवीजन मेथड और परीक्षा के दौरान समय के बेहतर उपयोग जैसे व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मेंटी-मेंटर सत्र भी आयोजित हुआ। कार्यशाला में फाउंडेशन के सह संस्थापक राजीव गुप्ता, रितु, डॉ. स्नेह लता, तुहिना, आभा, रितु श्रीवास्तव, साक्षी, कोऑर्डिनेटर कुसुम आदि रहीं।

## जिला जेल में बंदी की हालत बिगड़ने से मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हत्या के मामले में सजा काट रहे बंदी की लखनऊ मेडिकल कालेज में मौत हो गई। ह्दय रोग से पीड़ित बंदी की हालत बिगड़ने पर लखनऊ ले जाया गया। जहां सुधार के बाद वापस लाते समय फिर तबीयत बिगड़ी, पर अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के मझियावां गांव निवासी मुश्तकीम खां साहेब 58 को हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा मिली थी। वह अगस्त 2015 से जेल में बंद है। ह्दय की बीमारी के चलते उसका इलाज लोहिया अस्पताल से चल रहा था। डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन भी प्रस्तावित किया था। शनिवार सुबह बंदी की तबीयत अचानक जेल में बिगड़ गई। जेल चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया। जहां कुछ सुधार के बाद उसे वापस जिला जेल लाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी हालत फिर बिगड़ गई। तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेलर राजेंद्र सिंह ने बताया कि बंदी की मौत की जांच के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।


चिड़िया घर में मौजूद बच्चे व विद्यालय का स्टाफ। अमृत विचार

### बच्चों ने वन्यजीवों का किया अध्ययन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छन्दवल स्थित बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण रविवार को लखनऊ चिड़ियाघर में कराया गया। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने स्वयं बच्चों के साथ जाकर भ्रमण का शुभारंभ किया और पूरे कार्यक्रम के दौरान उन्हें मार्गदर्शन दिया। बच्चों ने चिड़ियाघर में विभिन्न वन्यजीवों शेर, चीता, मगरमच्छ, घड़ियाल, पक्षी विहार, मछलीघर, सांप घर सहित कई दुर्लभ प्रजातियों को नज़दीक से देखा और उनके बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण के बाद बच्चों को एक प्रश्नपत्र भी दिया गया, जिसमें वन्यजीवों संबंधी सवाल पूछे गए, ताकि उनकी समझ और सीख को मजबूत किया जा सके। राज्य संग्रहालय में बच्चों ने जैन, बौद्ध, सम्राट अशोक और मुगलकालीन मूर्तिकला, ऐतिहासिक सिक्कों और अवध वीथिका में नवाबी शासन तथा उस दौर के सैन्य शस्त्रों की जानकारी ली। जयपुरिया इंस्टीट्यूट, गोमतीनगर के प्रबंधन छात्रों और स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को इतिहास और वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी अहम बातें समझाईं।


मोबाइल के साथ लोग व पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### स्वामियों को मिले 30 लाख के 160 मोबाइल फोन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सर्विलांस सेल और थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने एक विशेष अभियान चलाते हुए करीब 30 लाख रुपये मूल्य के 160 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। रविवार को यह मोबाइल उनके स्वामियों के सुपुर्द कर दिए गए। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में संचालित इस अभियान में सीईआईआर पोर्टल की तकनीकी मदद से मोबाइलों को ट्रैक किया गया। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। अपने खोए हुए फोन वापस पाकर लोगों ने संतोष व्यक्त किया और बाराबंकी पुलिस का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आमजन द्वारा मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस टीम और सभी थानों को विशेष निर्देश दिए गए थे। उसी के परिणामस्वरूप यह बड़ी सफलता मिली है।

### विद्युत तारों में फंसा डंपर, आपूर्ति बाधित

**देवा, बाराबंकी :** कोतवाली परिसर से बेकार वाहनों को लेकर जा रहा डंपर बिजली के तारों में फंस गया। अचानक खिंचाव से बिजली के दो खंभे गिरे और कस्बे की आपूर्ति बंद हो गई। नपं अध्यक्ष ने मौके का जायजा लिया और लाखों के नुकसान की बात कही। बताते चलें कि 16 दिसंबर को प्रस्तावित डीजी निरीक्षण की तैयारियों के बीच कोतवाली परिसर की साफ-सफाई और जब्त वाहनों को हटाने का कार्य जारी है। इसी क्रम में दुर्घटनाग्रस्त व अन्य मामलों में पकड़े गए पुराने वाहनों को माती चौकी के पास स्थित भूखंड पर डंप किया जा रहा था। रविवार शाम कुर्सी रोड चौराहे पर कबाड़ से भरा एक डंपर ओवरहाइट होने के कारण ऊपर से गुजर रही बिजली के तारों में फंस गया। तारों के खिंचाव से नगर पंचायत की पथ प्रकाश व्यवस्था से जुड़े दो खंभे गिर गए। सूचना पर नपं चेयरमैन हारून वारसी पहुंचे और उन्होंने नगर पंचायत की विद्युत टीम को तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

# महादेवा कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी

**रामनगर, बाराबंकी:** महादेवा कॉरिडोर परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए उन भूमि-खण्डों का अधिग्रहण किया जाएगा, जिन पर मुकदमे लंबित होने के कारण अब तक कब्जा उपलब्ध नहीं हो सका था। जिले के डीएम ने संबंधित भू-स्वामियों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार कोई भी प्रभावित पक्ष 60 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति जिलाधिकारी के समक्ष दर्ज करा सकता है। तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि परियोजना के लिए पहले भी कई भू-स्वामी प्रतिकर लेकर भूमि बैनामा कर चुके हैं और वह भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित हो चुकी है। हालांकि कुछ


लोधेश्वर महादेव। अमृत विचार

आवश्यक भूखंड अभी तक उपलब्ध न होने के कारण राज्य सरकार ने भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम के तहत प्रक्रिया शुरू की है। उक्त अधिनियम की धारा अंतर्गत ग्राम लोधीरा की कुल 1.4099 हेक्टेयर भूमि को महादेवा कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित किए जाने का अनुमोदन राज्य सरकार से प्राप्त हुआ, जिसके बाद डीएम ने अधिसूचना जारी की है। भूमि अर्जन समिति की रिपोर्ट में इस भूमि को जनहित में बताया गया है। इस बीच कुछ प्रभावित किसानों का कहना है कि उनका मुआवजा अपेक्षा से कम तय किया जा रहा है। बहुशाखीय समिति ने सुझाव दिया है कि 2013 के अधिनियम की भावना के अनुरूप वार्ता कर उचित मुआवजा निर्धारित किया जाए। प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना में स्पष्ट कहा गया है कि सभी प्रभावित पक्ष निर्धारित समयसीमा में अपनी आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं।

# राहगीरों के लिये खतरा बनकर लटक रहे विद्युत तार

## कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, जिम्मेदार अधिकारी बने हैं अनजान, बारिश या तेज हवा चलने पर बढ़ जाती है तार टूटने की आशंका

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बिना गार्डिंग के विद्युत तारों का मकड़जाल फैल हुआ है। जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। यह सब देखने के बाद भी विभागीय जिम्मेदार इस ओर आंखे बंद किये हैं। यह समस्या खासकर सदर बाजार, धवन रोड, छोटा चौराहा, गांधी नगर तिराहा आदि स्थानों पर अधिक खतरनाक है। यहां विद्युत तार बिना गार्डिंग के सड़क के एक ओर से दूसरी ओर बिछाए गए हैं। कई जगह तो ये तार इतने नीचे लटक गए हैं कि आसानी से इन्हें छूआ भी जा सकता है। वाहन भी इनसे टकरा सकते हैं। भीड़ भरे क्षेत्र में तारों का यह जाल सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन है। बारिश होने या तेज हवा चलने पर तार टूटने की आशंका बढ़ जाती है। जिससे नीचे खड़े लोगों की जान का खतरा हो सकता है या शॉर्टसर्किट होने से आग भी लग सकती है।



शहर के मुख्य मार्ग पर लटकते विद्युत तार व नीचे से निकलते वाहन। अमृत विचार



धवन रोड बाजार में फैल विद्युत तारों का मकड़जाल। अमृत विचार

बड़ा चौराहा के दुकानदार हिमांशु ने बताया कि धवन रोड पर तो तारों की यह हालत है कि अगर यह टूट जाएं तो यह जानलेवा हो सकता है। विभागीय अधिकारी इसे गंभीरता से न लेकर किसी हादसे का इंतजार कर रहे हैं। बड़ा चौराहा निवासी अमित ने बताया कि सदर बाजार व धवन रोड में रोज हज़ारों लोग खरीदारी करने आते हैं। अगर दिन में तार टूट गया तो भगदड़ मच सकती है और लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। मांग हुई है कि विभाग तुरंत इन तारों की गार्डिंग कर इस मकड़जाल को ठीक कराए।

### यह हैं नियम

सड़क किनारे या सड़क को क्रॉस करने वाली लाइनों की गार्डिंग जरूरी होती है। इससे अगर कभी तार टूटे तो गार्डिंग में ही टिका और सड़क पर न गिरे। बिना गार्डिंग के विद्युत लाइन सुरक्षित नहीं मानी जाती है। तार डालने के साथ ही उनकी गार्डिंग करने की शर्त भी टेंडर में होती है।

### धवन रोड पर फैला है मकड़जाल

शहर के सबसे व्यस्त बाजार धवन रोड में रोज हजारों लोग आते हैं। यहां विद्युत तारों का मकड़जाल व दुकानदारों द्वारा डाली गई कटिया कभी भी बड़ी घटना का कारण बन सकता है। जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार कार्रवाई करने के बजाय हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं।

## पीएचसी की दीवारों का प्लास्टर उखड़ा

**शुक्लागंज।** राजधानी मार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर होने लगा है। करीब आठ वर्ष पूर्व हुए नवीनीकरण कार्य की पोल अब खुलने लगी है।

वर्ष 2017 में कायाकल्प योजना के तहत करीब ढाई लाख रुपये की लागत से पीएचसी भवन का सौंदर्यीकरण व मरम्मत कार्य कराया गया था। लेकिन लंबे समय तक उचित देखरेख न होने और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठने से भवन फिर से जर्जर होने लगा है। बारिश के मौसम में कुछ कमरों में सीलन की समस्या भी बढ़ जाती है, जिससे मरीजों और स्टाफ को असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्थिति को देखते हुए पीएचसी प्रभारी राजेश चंद्रा ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर प्लास्टर उखड़ने और दीवारों में आई दरारों की मरम्मत कराने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की बस रोककर छात्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में नव निर्मित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी परिसर में हुई मारपीट की घटना अभी थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को यूनिवर्सिटी की बस रोक कर कुछ लोगों ने एक छात्र से मारपीट की। सुरक्षा प्रबंधक की तहरीर पर वाहन नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। यूनिवर्सिटी के सुरक्षा प्रबंधक सचिन सिंह ने अजगैन कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व यूनिवर्सिटी में प्रतियोगिता के दौरान छात्रों के दो गुटों में विवाद हो गया था। छात्रों को समझा कर शांत कराया गया था। बताया कि बीते शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे यूनिवर्सिटी की बस छात्रों को लेकर कानपुर की ओर जा रही थी। तभी नवाबगंज कस्बे के बाईपास के पास एक काली महिंद्रा थार से 7-8 अज्ञात युवक उतरे बस को रोक कर उसमें जबरन चढ़ गए। उन्होंने बस सवार छात्र अंश कनौजिया से मारपीट करने शुरू कर दी। कोआर्डिनेटर व अन्य छात्रों के विरोध करने पर वे धमकी देकर भाग निकले। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए अजगैन थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध त्वरित और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों को पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ ने तोड़ा दम

**उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थाना क्षेत्र के शरीफाबाद निवासी चंदन चौरसिया (55) पुत्र कुशहर शनिवार शाम पड़ोसी गांव धनइयां खेड़ा स्थित अपनी पान की भीठ की देखभाल पैदल लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हुआ था। सीएचसी औरास से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया। जहाँ देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस पर लखनऊ की पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया। रविवार देर शाम शव घर पहुंचने पर परिजनो में कोहराम मच गया।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**शुक्लागंज।** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली गंगाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 950 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि एसआई मोहम्मद मुस्ताक हमराहियों के साथ गशत पर थे, तभी प्रखर जी महाराज स्कूल मोड़ के पास के पास पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखा। जहां पुलिस ने उसे रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने उसके पास से 950 ग्राम अवैध गांजा बराम किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल गौतम निवासी दालमंडी थाना फीलखाना, जनपद कानपुर नगर बताया। जिस पर पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट भेजा है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट टीम रवाना

**उन्नाव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन द्वारा उरई में आयोजित अंडर 23 राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम रविवार शाम उरई रवाना हुई। टीम में नवरतन कुमार को कप्तान बनाया गया। इसके अलावा फैजान खान, रितेश कुमार, देवांश वर्मा, शिवांश वर्मा, रोहित राजपूत, अरमान, शिव राठौर, प्रत्यूष त्रिपाठी, अविनाश कुमार, आयुष, सूरज त्रिपाठी, उमा शंकर कश्यप को शामिल किया गया है। साकिर हुसैन को टीम मैनेजर की भूमिका दी गई है। टीम का पहला मैच 8 दिसंबर को आगरा से, 9 दिसंबर को फिरोजाबाद से तथा 10 दिसंबर को जालौन से होगा। टीम को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष राज कुमार यज्ञसेनी, जिला खेल सचिव नवीन सिन्हा, ओम मिश्रा, राकेश कुमार अस्थाना, शिव शंकर तिवारी, विनोद अवस्थी ने शुभकामनाओं सहित रवाना किया।

### स्वास्थ्य मेले में 106 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया।

## गुम हुए 101 मोबाइल फोन ढूंढकर कराए वापस



वापस मिले मोबाइल दिखाते लोग। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** उन्नाव पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुए 101 मोबाइल फोन बरामद कर लोगों वापस लौटाए। एसपी व अन्य पुलिस अफसरों के हाथ से खोए मोबाइल मिलने पर लोगों की आंखे चमक उठी। एएसपी के मुताबिक बरामद किए गए मोबाइल फोनो की कीमत 20 लाख से अधिक है।

एसपी जय प्रकाश सिंह ने टेलीकॉम व कम्यूनिकेशन मंत्रालय द्वारा विकसित सीईआईआर पोर्टल संचालित कराने के लिए सभीं थाना, कोतवालियों में टीम बनाकर मोबाइल फोनो की गुमशुदगी के प्रार्थना पत्रों को पोर्टल में लोड कर उन्हें बरामद करने के आदेश दिए थे। इसी के तहत एएसपी अखिलेश सिंह व प्रेमचंद की देखरेख में सर्विलांस सेल की मदद से खोए मोबाइल फोनो का पता लगा कर उनके हैंडलरों को सुपर्द किए जाने का अभियान मुस्कान शुरू किया गया। इसी के चलते विभिन्न थानों व कोतवालियों के कंप्यूटर ऑपरेटरों के प्रयास से अलग-अलग स्थानों से 101 खोए मोबाइल फोन बरामद हुए। जिनकी अनुमानित कीमत 20 लाख के करीब है। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी दीपक यादव की मौजूदगी में एसपी ने बरामद हुए मोबाइल फोन उनके हैंडलरों को सुपर्द किए तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई।

## विशाल शिव शोभायात्रा को लेकर समित ने की तैयारी बैठक

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** विशाल शिव शोभायात्रा समिति की प्रथम बैठक रविवार को सोहनलाल धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाली विशाल शिव शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर हुई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे आचार्य पंडित करुणा शंकर तिवारी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन निरंतर सत्कर्म के प्रयोग की विधि है। उन्होंने राम को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक अस्मिता का वैज्ञानिक अनुसंधान करने वाला तथा मानव को देवत्व के गुणों से जोड़ने का अप्रतिम माध्यम बताया। समिति के संयोजक चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने सभी शिवभक्तों और राष्ट्रभक्तों से आह्वान किया कि वे आगामी 15 फरवरी को विशाल शिव शोभायात्रा में सम्मिलित होकर एकता, शक्ति और भक्ति का परिचय दें। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन स्वधर्म की राह पर चलकर ही सरल बन सकता है। समिति के सहसंयोजक विनोद शर्मा ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदुओं की एकता को समय की मांग बताया। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि हिंदू जातियों में बंटे होने के कारण कमजोर हुए हैं।



सोहनलाल धर्मशाला में बैठक करते विशाल शिव शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी।

बैठक का संचालन करते हुए सहसंयोजक अरूण प्रकाश सिंह ने बताया कि समिति की अगली बैठक 18 जनवरी रविवार को श्री सिद्धनाथ मंदिर में आयोजित की जाएगी। बैठक में सुरेश पाण्डेय, कमलेश शुक्ला, श्रीकान्त शुक्ला, राकेश सिंह, हरिनाम यादव, मोहिनी शंकर पांडेय, देवर्षि उमाकान्त, नीतू तिवारी, रेखा शुक्ला, बुद्धीलाल चौरसिया, नरेश कुशवाहा, विकास बाबू मिश्रा, सचिन, नरेश कुशवाहा, मदन मोहन शुक्ला, वेद तिवारी, सुरेश मिश्रा, राजीव निगम, देवेन्द्र बाजपेई, पदम सिंह, महेश प्रजापति, रामसिंह, लालजी निगम, जामिनी, दिव्या आदि मौजूद रहे।

## याद किए गए पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के पुरोधा डॉ. रामाशीष



कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते पेंशन बहाली मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच (ऑल टीचर्स एंड एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) जनपद शाखा उन्नाव के तत्वावधान में बाबा साहब अंबेडकर पार्क में पेंशन आंदोलन के शहीद डॉ. रामाशीष की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. रामाशीष की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद कैंडल जलाकर उनकी स्मृति को नमन किया गया। महामंत्री राजकरन ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के दौरान जब मंच की ओर से आंदोलन चलाया जा रहा था, तभी पुलिस के लाठीचार्ज में डॉ. रामाशीष शहीद हो गए थे। विचार गोष्ठी में जिला प्रवक्ता सौरभ राज भारती, बालकृष्ण अवस्थी, लालाराम, उमेश मौर्य, महेंद्र कुशवाहा, शिवशाही, पुलकित ने अपने विचार व्यक्त किए।

## नवीन गंगापुल पर कार-ऑटो भिड़ंत में पांच घायल

**शुक्लागंज।** रविवार भोरपहर नवीन गंगापुल पर कार और ऑटो की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिश्रा कॉलोनी स्थित सैय्यद कंपाउंड गोताखोर निवासी शाकिब अपनी पत्नी सैय्यद बुशरा, साली मुस्कान, छह वर्षीय बेटी तस्मिया और दोस्त शिवा के साथ पोनी रोड झंडा चौराहा स्थित एक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। रविवार भोर लगभग चार बजे वे सभी मुस्कान को कानपुर स्थित उसके घर छोड़ने के लिए ऑटो से नवीन गंगा पुल की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पुल पर चढ़ते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर में शिवा का पैर फ्रेक्चर हो गया जबकि सैय्यद बुशरा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। मुस्कान, तस्मिया और शाकिब भी घायल हुए हैं। पुलिस ने मौके से एटा जिले के जीसकपुर निवासी कार चालक सुरजीत को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## नॉर्मल स्कूल मैदान में 14 से होगी श्रीमद्भागवत कथा



श्रीमद्भागवत कथा की जानकारी देते डॉ. संजय मिश्रा। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 14 दिसंबर से शहर के नार्मल स्कूल मैदान में किया जाएगा। देश के विख्यात कथावाचक पंडित रामशरण शास्त्री को आमंत्रित किया गया है।

शहर के मोती नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार को सनातन परिवार सत्संग सेवा ट्रस्ट की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसके अलावा कथा की पत्रिका का भी विमोचन किया गया। कथा के मुख्य यजमान डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि शहर के नार्मल स्कूल मैदान रोजाना शाम दो बजे से छह बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने सभी भक्तों से कथा में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम प्रमुख पवन निगम ने बताया कि कलयुग में कथा श्रवण मात्र से ही प्राणी का उद्धार हो सकता है, ऐसी सनातन में मान्यता है। इसलिए सात दिन इस कथा में प्रतिभाग कर पुण्य के भागी बनें।

संरक्षक संजय राठी ने बताया कि आयोजन स्थल पर पार्किंग, पेयजल व अन्य व्यवस्थाएं कराई गई है। उन्होंने परिवार सहित सभी को कथा श्रवण की बात कही। इस दौरान गुरुद्वारा समिति अध्यक्ष अरविंदर सिंह, संजय राठी प्रेम सिंह सेंगर, नीरज श्रीवास्तव, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, पवन निगम, डॉ. प्रभात सिन्हा, डॉ. विनय शंकर दीक्षित, प्रशांत मिश्रा, अखिलेश अवस्थी, प्रभात सिन्हा, अशोक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक से हुई थी गुड़िया की मौत

**उन्नाव।** देर रात सदर कोतवाली क्षेत्र के खजुरिया बाग में अकेली रह रही महिला का शव मिला था। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों पोस्ट डाल कर मौत को संदिग्ध बताया। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हार्ट अटैक से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई। उसके फेफड़े भी खराब मिले। बता दे कि शनिवार देर शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के कल्याणी खजुरिया बाग निवासी गाड़िया (50) पत्नी स्व. रजय पाल का शव उसके घर में पड़ा मिला था। उसकी मौत को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह चर्चा हुई। इस पर कोतवाली प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा था। पोस्टमार्टम हाउस में मिले बेटे ने बताया कि करीब 20 साल पहले पति की मौत के बाद मां मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था। वह शहर में इधर उधर घूमती थी। मांग कर जो भी मिल जाता था। वह खा लेती उसके तीन बेटे व एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है। बेटे कोतवाली क्षेत्र के पैतृक गांव भग्गा खेड़ा में रह कर मजदूरी करते है। बड़ा बेटा अशोक अक्सर मां को गांव ले जाने का प्रयास करता था लेकिन वह नहीं जाती थी। बेटे ने बताया चार दिन पहले ही वह मां को दवा देकर गया था। रविवार को हुए पोस्टमार्टम में उसकी मौत हार्ट अटैक से होने की पुष्टि हुई। वह गंभीर बीमार थी। फेफड़े भी संक्रमण से खराब हो गए थे।

## सिटी डायरी



शौर्य यात्रा निकालते विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के लोग।

### भगवा ध्वजों और शस्त्रों के साथ निकाली गई विराट शौर्य यात्रा

**उन्नाव।** हिंदुत्व की ऐतिहासिक विजय और धर्म रक्षा में बलिदान देने वाले कारसेवकों की स्मृति में, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, इकाई द्वारा रविवार को शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हुए, यह यात्रा हिंदू समाज में जागरण और गौरव का संचार करने के उद्देश्य से निकाली गई। लखनऊ बाईपास से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह शौर्य यात्रा भगवा ध्वजों, पारंपरिक शस्त्रों, बैंड बाजा और डीजे के साथ एक आयोजित की गई, जिसने पूरे शहर का ध्यान आकर्षित किया। यात्रा का समापन बड़े चौराहे पर हुआ। इस शौर्य यात्रा का संचालन बजरंग दल के जिला संयोजक नितिन शुक्ला ने किया। इस आयोजन में अवध प्रांत के सह मंत्री अविनाश, विहिप जिला अध्यक्ष संजय शुक्ला, जिला कार्यअध्यक्ष रघुवंश मणि त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



कथा वाचिका को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### अमृतमयी राम कथा में नारद मोह प्रसंग का विस्तार, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**शुक्लागंज।** मां गंगा सेवा समिति एवं श्री राम नाम लेखन समिति के संयुक्त तत्वावधान में पोनी रोड बम बम चौराहा पर आयोजित अमृतमयी राम कथा के तीसरे दिन रविवार को भक्तिमय वातावरण रहा। कथा वाचिका कनक पांडे ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को नारद मोह प्रसंग का सरस बखान किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नारद जी ने मोहग्रस्त होकर भगवान विष्णु को श्राप दिया था। आयोजन में श्रीकांत पांडे, घनश्याम सिंह, राजीव मिश्रा, अमित पांडे, हरिओम पांडे, विश्वनाथ दुबे, शिवनायक पांडे, कैलाश प्रजापति, रामकृष्ण गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।





कंबल देती डॉ. रेखा सिंह।

### इनर व्हील क्लब ने अभ्युदय सेवा संस्थान को भेंट किए कंबल

**उन्नाव।** अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा संचालित मुस्कान घर की ओर से सर्दियों में जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण करने की मुहिम एक दशक से जारी है। इसी क्रम में इनर व्हील क्लब ऑफ उन्नाव ने संस्थान को कंबल भेंट किए, ताकि भीषण सर्दी में वंचितों को राहत मिल सके। अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया कि उनका संगठन लोगों के विश्वास और उम्मीद के बीच एक सेतु का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा, एक तरफ दानदाताओं का यह विश्वास है कि उनके वस्त्र सही जरूरतमंदों तक पहुंचेंगे, वहीं दूसरी ओर वंचितों की वस्त्र पाने की उम्मीद होती है।

### तुलसी यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

**उन्नाव।** नर सेवा नारायण सेवा समिति 25 दिसंबर को तुलसी यात्रा निकलेगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को संगठन कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक में चर्चा की गई। संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों के साथ प्रचार सामग्री, बस्तियों में आम जन से जनसंपर्क का आह्वान किया गया। संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं से अपनी बस्तियों, मोहल्लों में प्रतिदिन जनसंपर्क बढ़ाने को कहा। विमल द्विवेदी ने कहा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को यात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महासचिव विनय द्विवेदी, जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, एके दीक्षित, विनय शंकर दीक्षित, योगेंद्र तिवारी, राकेश राजपूत, विकास तिवारी, चंद्रमौली मिश्रा, दीप चंद्र, कुलदीप वर्मा, परिमल मिश्रा, केतन अवस्थी, सुजीत सिंह आदि रहे।



तुलसी यात्रा को लेकर बैठक करते नर सेवा नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी।

मुहिम

विधायक ने जागरूकता कैंप व 'घर-घर कुंडी खटकाओ' अभियान में लिया भाग

## एसआईआर में कार्यकर्ता दिखाएं विशेष रुचि

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** रविवार को एसआईआर अभियान के तहत गंगाघाट मंडल में मिश्रा कॉलोनी के गांधी चौक पर विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप लगाया गया। कैंप में सदर विधायक पंकज गुप्ता पहुंचे, जहां उन्होंने स्वयं मतदाताओं को बुलाकर उनके फार्म भरवाए। उन्होंने बीएलओ को दिशा-निर्देश देते हुए अधिक से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने पर जोर दिया।

कैंप में विधायक ने जनता को जागरूक करते हुए कहा कि 11 दिसंबर के बाद बने नए मतदाताओं को भी सूची में शामिल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा पहली बार मतदान के लिए तैयार हैं, ऐसे में कार्यकर्ताओं को विशेष रुचि दिखानी चाहिए। इसके बाद विधायक आनंद नगर मोहल्ले पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'घर-घर कुंडी खटकाओ' अभियान के तहत उन्होंने प्रत्येक घर पहुंचकर मतदाताओं से वार्ता की और फार्म भरवाने की अपील की। विधायक ने बताया कि प्रारंभिक दिनों में लोगों में एसआईआर को लेकर उदासीनता रही, लेकिन अभियान अवधि बढ़ने के बाद जागरूकता में वृद्धि हुई है। अब तक लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा कराया जा चुका है। उन्होंने अवैध मतदाताओं के नाम कटने और दूसरे स्थानों पर रहने लगे लोगों की पहचान होने की बात कही। इस मौके पर मनीष जायसवाल, सुरेश चंद्र शुक्ला, धीरज सिंह, विजय राज सिंह, सभासद प्रत्यय गुप्ता, विशाल त्रिपाठी, धुरव अवस्थी, पंकज, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, आदित्य त्रिपाठी मौजूद रहे।



एसआईआर कैंप में मौजूद सदर विधायक पंकज गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से किशोरी को फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में परिजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। किशोरी की मां के अनुसार उसकी 14 वर्षीय पुत्री को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पठकाना निवासी प्रांशू पुत्र बांकेलाल अपनी मां पिंकी और लक्ष्मी पत्नी हरिद्वारी के सहयोग से दो दिसंबर को फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता ने लक्ष्मी से कहा तो उसने गाली गलौज करते हुए कार्यवाही करने पर दूसरी पुत्री को उठा ले जाने और उसे जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### रिटायर्ड डाक कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** करीब एक साल पहले रिटायर डाक कर्मी लखनऊ-कानपुर हाइवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गये। पीआरवी कर्मी उसे अस्पताल लाए। जहां उसकी मौत हो गई। अचलगंज थानाक्षेत्र के उमेद खेड़ा गांव निवासी राजेंद्र यादव (61) वर्तमान में सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा मोहल्ले में अपना मकान बनवा कर रहते थे। वे करीब 1 साल पहले डाक विभाग से रिटायर हुए थे। परिजनों की माने तो वह इस समय भी कानपुर में पोस्ट ऑफिस में संविदा पर कार्यरत थे। रविवार सुबह वह वहीं से लौट रहे थे। तभी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर एक सीएनजी पंप के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक टक्कर मार दी।

# सीडीओ ने निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर का किया निरीक्षण

## कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य समयबद्ध कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीडीओ सान्या छावड़ा ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में सीएनडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा निर्मित कराए जा रहे 50 बेड ट्रॉमा सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए गए। कार्यदाई संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2025 में चिकित्सा विभाग द्वारा 2464 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करते हुए 245 लाख प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त किए गए थे, जिसके सापेक्ष 2 जुलाई 2025 से कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है तथा कार्य पूर्णता की तिथि एक नवंबर 2026 बताई गई, कार्यदाई संस्था द्वारा लगभग 20 प्रतिशत भौतिक कार्य मौके पर पूर्ण बताया गया। निरीक्षण के समय द्वितीय तल पैर स्लैब डालने का कार्य किया जा रहा था। मुख्य विकास अधिकारी ने आईपीडी भवन के सामने पड़ी हुई निर्माण सामग्री को हटाने एवं आईपीडी भवन के सामने निर्माण सामग्री को न गिराने के निर्देश दिए गए। साथ ही कुछ स्थलों पर पुअर वर्कमैनशिप पाए जाने पर उसे ठीक करने के निर्देश दिए गए। आकस्मिक निरीक्षण में अवर अभियंता के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के समय डॉक्टर गौरव गोगोई प्रचार मेडिकल कॉलेज हरदोई एवं डॉ राम प्रकाश जिला आश्रम संख्या अधिकारी तथा संस्था के अभियंता का मौजूद रहे।



निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण करतीं सीडीओ सान्या छावड़ा। अमृत विचार

### निर्धारित रोस्टर के अनुसार हो जलापूर्ति

**हरदोई, अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पाइप पेयजल परियोजना नयागांव ब्लॉक अहिरोरी का आकस्मिक निरीक्षण सीडीओ सान्या छाबड़ा ने किया। ग्राम वासियों से वार्ता कर पेयजल आपूर्ति को देखा गया तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार जलापूर्ति के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय ग्राम प्रधान सुंदरलाल ने बताया कि 15 घरों में पानी नहीं आ रहा है। सीडीओ ने मौके पर जाकर देखा गया तथा जल निगम के अधिकारियों को तत्काल जला पूर्ति ठीक करने के निर्देश दिए गए। ग्राम गोदहाई का निरीक्षण कर ग्राम वासियों से वार्ता की गई। ग्राम वासियों द्वारा पेयजल आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया गया। सीडीओ ने जलापूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने हेतु ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। निरीक्षण के समय डॉ. रामप्रकाश जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नवनीत सिंह अर्थशास्त्र अभियंता जल निगम सुधीर कुमार अवर अभियंता जल निगम एवं ग्राम प्रधान सुंदरलाल मौजूद रहे।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** सावन कृपाल रुहानी मिशन शाखा पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। आश्रम के सचिव गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर में आए 150 मरीजों को ओपीडी देखा गया व मोतियाबिंद, शुगर, बी.पी, सबलबाई आदि जांचे की गई है। जिसमें 21 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के चयनित किया गया। 110 मरीजों को आई ड्राप व चश्में वितरण किये गए। नव ज्योति नेत्र चिकित्सालय एम्बुलेंस द्वारा आपरेशन के बाद मरीजों को आश्रम छोडा.जाएगा। गरीब असहाय लोगों को गर्म कपड़े वितरण किए गए हैं।


**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान् अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0–42, लखनऊ

प्रकीर्ण वाद संख्या–802/2022

ता0पेशी–15.12.2025

अफसाना पुत्री स्व0 अब्दुल मजीद निवासिनी–म0नं0–456/164, सज्जाद बाग, तबेला, हुसैनाबाद, थाना ठाकुरगंज, जिला–लखनऊ –प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम

1–मोहम्मद इमरान पुत्र स्व0 अब्दुल मजीद निवासी–म0नं0–456/164, सज्जाद बाग, तबेला, हुसैनाबाद, थाना ठाकुरगंज, जिला–लखनऊ–
2–मोहम्मद वहीद पुत्र स्व0 अब्दुल मजीद निवासी–म0नं0–456/164, सज्जाद बाग, तबेला, हुसैनाबाद, थाना ठाकुरगंज, जिला–लखनऊ–
3–मोहम्मद वकील पुत्र स्व0 अब्दुल मजीद निवासी–म0नं0–456/164, सज्जाद बाग, तबेला, हुसैनाबाद, थाना ठाकुरगंज, जिला–लखनऊ

–विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित–प्रार्थिनी/वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र वास्ते आदेश–9, नियम–4 तथा सपठित धारा 151 सी0पी0सी0 हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 15.12.2025 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वांन्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। 8.07.2025 के दिवस को दिखायी गयी। दस्तखत हाकिम–मोहर अदालत


## राज्य एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए 15 आवेदन

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों से राज्य अध्यापक पुरस्कार तथा वित्तविहीन अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों से मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। 5 दिसंबर तक जिले से कुल 15 शिक्षकों द्वारा आवेदन किए गए हैं। इनमें राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए 12 तथा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए 3 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए राजकीय हाई स्कूल कोलुहा गाड़ा की शिक्षिका शालिनी मिश्रा, राजकीय हाई स्कूल मीतखेड़ा की मंजू प्रभाकर, राजकीय हाई स्कूल खरझारा के राजेश कुमार, राजकीय हाई स्कूल अदौरा की पूनम गुप्ता, राजकीय हाई स्कूल बल्लापुर की पारुल कुमार, जीजीआईसी नवाबगंज की पूजा पांडे, तथा जीजीआईसी अचलगंज की प्रवक्ता कुमुद लता वर्मा शामिल हैं। अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की श्रेणी में बीकेएचआर इंटर कॉलेज मौरावा के अरविंद अवस्थी, हायर सेकेंडरी स्कूल अरम के रामशरण, श्यामलाल इंटर कॉलेज नवाबगंज के शुभम द्विवेदी, रानी शंकर सहाय बालिका इंटर कॉलेज की अनुपमा शुक्ला, तथा विवेकानंद इंटर कॉलेज अटवा बैंक के विवेक मिश्रा के आवेदन प्राप्त हुए हैं। वित्तविहीन अशासकीय विद्यालयों के लिए निर्धारित मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु पंडित शिवशरण राम शंकर इंटर कॉलेज सुमेरपुर के प्रदीप कुमार सिंह, श्यामलाल इंटर कॉलेज नवाबगंज के प्रधानाचार्य डॉ. अनूप सिंह, तथा विवेकानंद इंटर कॉलेज अटवा बैंक के विवेक मिश्रा ने आवेदन किया है।

# पुल के नीचे से हटाए गए ठेला व्यापारी, रोष

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** चौराहे पर पुल के नीचे लगे व्यापारियों के ठेले व खोमचे पीएनसी कर्मियों ने हटा दिए और कुछ अपने वाहन से लेकर चले गए। जिसके बाद व्यापारियों में आक्रोश पनप गया। मौके पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ल पंकज ने व्यापारियों को पुनर्स्थापित कराया और कहा कि जब तक स्थाई व्यवस्था नही हो जाती कोई व्यापारी को हटाया नही जाएगा न कोई प्रताड़ित किया जाएगा।

कछौना कस्बे में पुल के नीचे करीब 100 व्यक्ति ठेला खोमचा लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। रविवार सुबह पीएनसी कर्मी पहुंचे और दुकानदारों से ठेला खोमचा हटाने को कहा और ठेले व खोखे हटवा दिए इससे दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। दुकानदारों में अनिल गुप्ता, गंगाराम, अंकुर, भानू, साजन, पोली आदि का कहना है कि वह लोग अपना व्यवसाय करने कहां जाएंगे।

इसी बात से परेशान व्यापारियों ने चेयरमैन से फोन पर बात की जिसके बाद चेयरमैन मौके पर पहुंचे और सभी ठेले खोमचे आदि पुनः लगवाए। चेयरमैन ने कहाकि जब तक इन व्यपारियों को स्थाई व्यवस्था नहीं की जाती तब तक इनको यहीं रखा जाएगा। दुकानें लगने के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली।



व्यापारियों को समझाते नगर पंचायत अध्यक्ष राधा रमण शुक्ल।

# पुलिस ने ढाबा संचालक व उसके परिजनों को जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास संचालित ढाबे पर चेकिंग करने पहुंचे कोतवाली प्रभारी की संचालक से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इससे झल्लाए कोतवाली प्रभारी व पुलिस कर्मियों ने डीवीआर निकाल कर कैमरे तोड़ने के बाद लाठी भांजनी शुरू कर दी। इसके बाद ढाबा संचालक, उसकी पत्नी व दो बेटो को पीटने के बाद पुलिस एक कर्मचारी, संचालक और उसके बेटो को कोतवाली लाई। जहां पुलिस कर्मियों ने सभी को पीटा। वहीं संचालक के सत्ता दल से जुड़े होने की जानकारी पर कोतवाली प्रभारी व दरोगा सहित आधा दर्जन पुलिस कर्मियों ने मेडिकल कराया। हालांकि सुबह मामले के तूल पकड़ने पर बैक फुट पर आई। पुलिस ने सभी का शांति भंग में चालान किया। वहीं पुलिस ने मारपीट से साफ इनकार किया है।

बता दें बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मूर्तजापुर गांव निवासी अवधेश पुत्र हरिकृष्ण हरदोई उन्नाव मार्ग पर आगरा एक्सप्रेसवे के निकट ढाबा चलाते है। मुख्य मार्ग के किनारे ढाबे होने पर रात में ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है। कोतवाली पुलिस ने पूर्व में कई बार ढाबा संचालक से भीड़ एकत्रित न करने की चेतावनी दी थी लेकिन संचालक ने सत्ता दल से जुड़े होने के कारण चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। आरोप है कि इसी से झल्लाए कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह बीती शनिवार की देर रात फोर्स के साथ ढाबे की चेकिंग करने पहुंचे। आरोप है कि ढाबे पर पहुंचते ही पुलिस ने लाठियां भांजनी शुरू कर दी। बचाव में जो भी आया पुलिस ने उसे भी पीटा। ढाबे में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। गोलक में रखी नकदी निकाल ली। ढाबा संचालक की पत्नी ममता का आरोप है कि महिला पुलिस के बिना कोतवाल ने उनके साथ बदसलूकी की है। इसके बाद पुलिस ने ढाबा संचालक और उसके बेटो सहित चार लोगों को हवालात में डाल दिया। ढाबा संचालक के बेटे का आरोप है कि कोतवाली ले जाने के बाद पुलिस ने सभी की निर्ममता से पिटाई की। आरोप यह भी है कि पिटाई से पहले पुलिस ने सरकारी अस्पताल में सभी का चिकित्सीय परीक्षण करवाया। इसके बाद मारपीट की। पुलिस ने कोतवाल प्रभारी सहित आधा दर्जन पुलिस कर्मियों का भी सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण करवाया है। ढाबा संचालक और उनके परिजनों के विरुद्ध की गई पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी क्षेत्रीय विधायक और जिला स्तर के नेताओं को लगी तो पुलिस बैकफुट पर आ गई। जिसके बाद सभी का शांतिभंग में चालान कर मामला रफा दफा किया गया। सीओ संतोष सिंह ने पुलिस द्वारा की मारपीट के आरोप को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा देर रात चेकिंग की गई थी। इसी में कहासुनी हुई है। जिस पर शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

### समाजसेवी ने बांटे जरूरतमंदों को कंबल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** बांगरमऊ क्षेत्र के समाजसेवी एवं अधिवक्ता रामपाल यादव ने रविवार को जनसेवा कार्यक्रम के तहत करीब एक सैकड़ा जरूरतमंदों को नि:शुल्क कंबल वितरित किए। ठंड में कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि मानव सेवा सर्वोच्च धर्म है और कमजोर वर्ग की सहायता करना ही उनका उद्देश्य है। लोगों ने कंबल वितरण से राहत मिलने की बात कही और समाजसेवी के इस योगदान की सराहना की। इस दौरान उनकी पत्नी चंद्रकांती यादव उर्फ बड़का का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नेत्र शिविर में 256 की हुई जांच, 180 में मोतियाबिंद

**अमृत विचार, सफीपुर।** भाजपा कार्यालय पर रविवार को विधायक बंबालाल दिवाकर के संयोजन में शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 256 लोगों ने आंखों की जांच कराई, जिनमें से 180 मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए बस से कानपुर के लिए रवाना किया गया। माह के प्रथम रविवार को लगने वाले नेत्र शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर से आई नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने दृष्टि विकार से पीड़ित 256 लोगों की आंखों की जांच की और उनमे से 180 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। उन सभी को बस से ऑपरेशन के लिए शंकरा हॉस्पिटल भेजा गया। जबकि अन्य को जरूरी दवाइयां व चश्मे वितरित किए गए। विधायक बंबालाल दिवाकर ने शिविर में पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और चिकित्सा टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित किया जाता है, ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सुविधा नि:शुल्क मिल सके। शिविर के आयोजन में बेनी माधव दिवाकर, राम विमल, आशीष कनौजिया, राजू चौहान, अनूप सिंह चंदेल, संजय, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम RUBI FATIMA था अब मैने बदलकर अपना नाम ROOBI FATMA रख लिया है भविष्य में मुझे ROOBI FATMA के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: MAZHAR MIRZA R/O : 337/133, HATA BURHAN SAHAB SADATGANJ, LUCKNOW

**सूचना**

मैं प्रतिमा भारती पुत्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्रा. छिवलहा, पर. सरेनी, त. लालगंज, जिला रायबरेली की निवासी हूं। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में सही नाम प्रतिमा भारती अंकित है, जबकि बान्ड में सुमीरन दर्ज है। मुझे दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है। सही नाम प्रतिमा भारती है, जिसे बान्ड में दर्ज किया जाए।

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पालिसी सं0 213856551 बीमा धन 40,000 पालिसी धारक संजय कुमार पाल की पॉलिसी में नामिनी केशन दुलारी दर्ज है, जबकि आधार व पासबुक में विशुन कुमारी दर्ज है। दोनो नाम एक ही है। **केशन दुलारी पत्नी संजय कुमार पाल निवासी ग्रा., पो.. इब्राहिमपुर, सरेनी, रायबरेली**

**Notice**

That I have changed my name from Suman to Suman Yadav and my date of birth to 01.01.1978. Both are my names. In all my documents, my name should be written and read as Suman Yadav. Suman Yadav, W/o Ghanshyam Yadav.

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम SANDEEP KUMAR से बदलकर SANDEEP रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAJU ADD-VILL AND POST-MAWAI DIST-AYODHYA-224001 (U.P.)

**सूचना**

मैं निहाल अहमद पुत्र जिलकाद अहमद निवासी L–166 आवास विकास कालोनी बड़गांव जिला गोण्डा, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम NIHAL AHMAD अंकित है, जबकि त्रुटिवश मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम NEHAL AHMAD दर्ज हो गया था। आधार कार्ड में अंकित नाम NIHAL AHMAD ही सही एवं प्रमाणित है। अत: अनुरोध है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में भी मेरा सही नाम NIHAL AHMAD ही अभिलेखित किया जाए।

**सूचना**

मैं **संदीप उर्फ संजीव कुमार पुत्र स्व0 गुरूदीन ग्राम मेड़ौली, पोस्ट सेनी, विकास क्षेत्र खीरों, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली** का मूल निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 215575483 में मेरा नाम संजीव कुमार अंकित है। जबकि मेरा नाम आधारकार्ड, पैनकार्ड व बैंक खाते आदि में संदीप अंकित है। मैं संदीप व संजीव कुमार दोनों नामों से जाना पहचाना जाता हूं।



**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**विद्युत पारेषण मण्डल–I, लखनऊ**
**ई–निविदा सूचना, दिनांक 06.12.2025**
**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. **ई–निविदा संख्या 78–** वि.पा.मं.(प्र.) ल./2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड–II, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र सी0जी0 सिटी पर फायर हाइड्रेन्ट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग एण्ड कमिश्निंग सम्बन्धित कार्य हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 10.12.2025 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 18.94 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रु. 19000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15.12.2025 को 16: 00 बजे तक है। 2. **अति अल्पकालीन ई–निविदा संख्या 79–** वि.पा.मं.(प्र.)ल./2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड–II, लखनऊ के अन्तर्गत विभिन्न पारेषण लाइनो के क्षतिग्रस्त Sheath Bonding Cable के Restoration एवं सम्बन्धित सामग्रीयो की आपूर्ति सम्बन्धित कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 10.12.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 13.11 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रु. 13500.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि 15.12.2025 को 16:00 बजे तक है। 3. **अल्पकालीन ई–निविदा संख्या 80–** वि.पा.म. (प्र.) ल./2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड –I, लखनऊ के अन्तर्गत पारेषण भवन, गोमती नगर में स्थापित फायर हाईड्रेन्ट सिस्टम के पाइप लाइन को बदलने का कार्य कराये जाने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.12.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 2.25 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रु. 2500.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15.12.2025 को 14.00 बजे तक है। 4. **ई–निविदा संख्या 81–वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025–26,** विद्युत पारेषण खण्ड–II, लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र एन0के0एन0 पर विभिन्न उपकरणो की स्प्रे/ब्रश पेंटिंग का कार्य कराये जाने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 10 12.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 3.56 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 4000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15.12.2025 को 16:00 बजे तक है। 5. **ई–निविदा संख्या 82–वि.पा.मं. (प्र.) ल/2025–26,** विद्युत पारेषण खण्ड–II लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र चिनहट पर स्थापित 01 नग 200 एमवीए परिवर्तक–द्वितीय (Aditya Make) से हो रहे तेल रिसाव को रोकने हेतु विभिन्न गैस्केट को बदलने सम्बन्धी कार्य हेतु ई निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.12.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 9.62 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 10000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15.12.2025 को 16:00 बजे तक है। 6. **अल्पकालीन ई–निविदा संख्या 83–** वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025–26, वि.पा.मं. (प्र.) ल/2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड– I लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 जेहटा पर विभिन्न प्रकार के रेट्रो रिफ्लेक्टिव बोर्डो की आपूर्ति एवं स्थापना सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 10.12.2025 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 4.79 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 4800.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 19.12.2025 को 16:00 बजे तक है। 7. **अल्पकालीन ई–निविदा संख्या 84–** वि.पा.म. (प्र.) ल./2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड– III, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र बाराबंकी पर 02 नं0 लाइन फिडर 'बे' पर स्थापित ZIV MAKE स्काडा सिस्टम की Troubleshooting/ Restoration सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.12.2025 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 1.18 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 1500.00 ऑन लाइन ई.निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 19.12.2025 को 16:00 बजे तक है। 8. **ई–निविदा संख्या 85–** वि.पा.मं.(प्र.)ल./2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड–II, लखनऊ के अन्तर्गत 220/33 के0वी0 उपकेन्द्र सतरिख रोड, लखनऊ तथा 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र सहारा सिटी होम्स, लखनऊ पर Sand Pit and Fire Hut के स्थापना सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.12.2025 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 1.91 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 2000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 05.01.2026 को 16: 00 बजे तक है। 9. **ई. निविदा संख्या 86–** वि.पा.मं.(प्र.) ल./2025.26, विद्युत पारेषण खण्ड–II, लखनऊ के अन्तर्गत 220/33 के0वी0 उपकेन्द्र सतरिख रोड पर डी0सी0 सिस्टम को Healthy करने तथा स्विच यार्ड के केबल ट्रेन्चों में क्षतिग्रस्त कन्ट्रोल केबिलों को Repair करने सम्बन्धित कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.10.2025 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 2.12 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 2500.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15.12.2025 को 16:00 बजे तक है। विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट– http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। **''राष्ट्र हित में बिजली बचाए'' अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल–I, उ.प्र.पावर ट्रान्स. कारपोरेशन लि., कक्ष सं. 111 से 114, भू–तल, पारेषण भवन विभूति खण्ड–II निकट मंत्री आवास गोमतीनगर, लखनऊ। पत्रांक: 2249/वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल दिनांक: 06.12.2025**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर**

**पत्रांक:-6020/2ए/2025-26** **दिनाँक:-20/11/2025**

**ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में सड़क कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी ए, बी, सी एवं डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | मगनगंज कैथोली मार्ग से ज्वालीपुर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 8.67 | 0.87 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 2. | गोसाईगंज बाजार से पठानीपुर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 10.53 | 1.05 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 3. | बरूई सम्पर्क मार्ग से जासापारा पूरब पट्टी तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.54 | 1.35 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 4. | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त पारा सामान्य बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 17.31 | 1.73 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 5. | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त दूबेपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 28.20 | 2.82 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 6. | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त दरपीपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.03 | 1.30 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 7. | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त कूरेभार फुलौना रोड से पक्की सड़क कपिल तिवारी के मकान से होते हुये अन्नूतिवारी का पुरवा वाया बक्सी का पुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 27.59 | 2.76 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 8. | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त कूडेभार पीढ़ी मार्ग तक टावर के पास से प्रा0पा0 कोडरी होते हुए अनु0 बस्ती तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.73 | 1.87 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 9. | इटकौली जयसिंहपुर मार्ग कि0मी0-8 से खटवर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.32 | 1.83 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 10. | हकीमपुर बरामदपुर सम्पर्क मार्ग से केवट बस्ती (हकीमपुर) सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 32.06 | 3.21 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 11. | बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 20.60 | 2.06 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 12. | चन्दौली (मालापुर जगदीशपुर) सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 24.07 | 2.41 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 13. | इब्राहिमपुर उनुरखा कि0मी0-4 से मेवानगर जमालपुर पुल तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 19.29 | 1.93 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➢ विल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 10.12.2025 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 16.12.2025 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 16.12.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 16.12.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।.

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(अरुण कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
सुलतानपुर

UP – 242000 **दिनांक:** 05/12/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार,8 दिसंबर 2025



न्यूज ब्रीफ

### आज होगा खाटू श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के सुभाष पार्क में मेरा सर्वेश्वर मेरा श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा बाबा श्याम संकीर्तन का पंचम भव्य आयोजन सोमवार को शाम छह बजे से किया जाएगा। जिसमें दूर दराज के भजन गायक अपने भजनों से समां बांधेगे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सभासद कमलेश चंद्र द्वारा कराया किया जा रहा है। यह जानकारी नवनिर्मित खाटू श्याम मन्दिर बरहुवां रामनगर ने दी।

### धम्म चारिका का कछौना में आगमन

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को श्रामणेर प्रशिक्षण केंद्र, सारनाथ, वाराणसी के अध्यक्ष भंते चंदिमा थेरो के मार्गदर्शन में लगभग एक सैकड़ा भिक्खुगणों की धम्म चारिका यात्रा (शांति यात्रा) 20 नवंबर को सारनाथ से प्रारंभ होकर जनपद जौनपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई के विभिन्न बौद्धिष्ठ केंद्रों (बुद्ध विहार) से प्रारंभ होकर 14 दिसंबर को संकिसा (फर्रुखाबाद) में समाप्त होगी। उक्त यात्रा का पड़ाव रविवार को यात्रा कछौना पहुंची और बौद्ध उपस्को ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### भाई व भतीजी को पीटने वाले युवक पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूंसे पुर लुकमान में एक शराबी ने अपने ही भाई और भतीजी को पीट कर घायल दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीड़ित रामबाबू के अनुसार शनिवार की शाम शराब के नशे में भाई रिंकू ने उसे गाली गलौज करते हुए लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी पुत्री जूली उसे बचाने आई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सड़क हादसों में एक की मौत, चार घायल

## शुगर मिल के पास खड़ी गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी मिल कर्मी के बेटे की बाइक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मृतक शिवम की फाइल फोटो।

पहली घटन शाहाबाद क्षेत्र की है। जहां लोनी शुगर मिल कर्मी के इकलौता बेटे की बाइक मिल के पास खड़ी गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। हादसे में युवक की मौत हो गई। गोरखपुर के चोरीचोरा निवासी कन्हैया लाल विश्वकर्मा लोनी शुगर मिल में कर्मचारी है। वह पत्नी के अलावा बेटे शिवम विश्वकर्मा (27) और उससे छोटी बेटी के साथ वहीं रहता है। शनिवार को शिवम बाइक से एक शादी समारोह में गया था। देर रात लौटते समय शुगर मिल के पास उसकी बाइक गन्ने से लदी खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। जिससे उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची। पुलिस उसे लेकर सीएचसी शाहाबाद पहुंची। लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। शिवम की हादसे में मौत होने की खबर सुनते ही उसके घर-परिवार में कोहराम मच गया।

दूसरी घटना बिलग्राम के कटरा-बिल्हौर मार्ग पर हुआ। जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप वे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दिनेश (24) पुत्र हरिश्चंद्र तथा आशीष (22) पुत्र राकेश निवासीगण ग्राम बरगांवा थाना बिलग्राम, बांगरमऊ से लौट रहे थे। गंजमुरादाबाद के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। तीसरी घटना बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र की है, जहां बाइक और साइकिल में टक्कर हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा प्रतापनगर बघौली मार्ग पर त्रिपाठी ब्रिक फील्ड भट्ठे के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार को प्रतापनगर की तरफ से आ रहे साइकिल सवार बबली निवासी ग्राम मरेउरा थाना बघौली को नीमषार स्थित गुरुद्वारा जा रहे बाइक सवार सरदार प्रीतम सिंह निवासी ग्राम दिलावलपुर थाना कछौना ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनोंगंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने डायल 112 पर पुलिस व एम्बुलेंस को जानकारी दी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां भेजा।

### ऑटो पलटने से चालक घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के बेड़ी लीक के पास रविवार की शाम एक तेज रफ्तार आटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ऑटो चालक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के बेड़ी लीक के पास ऑटो पलट गया जिससे नन्हे पुत्र राम रूप घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।



नगर में शौर्य यात्रा निकालते हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी। अमृत विचार

### विहिप व बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को विहिप बजरंग दल द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से मोटरसाइकिल शौर्य यात्रा निकाली गई। मोटरसाइकिल शौर्य यात्रा का शुभारंभ मां जक्खदेवी मन्दिर रूदामऊ परिसर से मुख्य अतिथि प्रान्त संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुआ। शौर्य यात्रा कस्बे के चौराहा से सदर बाजार तिकुनिया पार्क नजहाई चौराहा होकर जूनियर हाईस्कूल के निकट बघौली मुख्य मार्ग से गुजरते हुए चौराहा से मल्लावां की ओर प्रस्थान करने के दौरान एस के डायग्नोस्टिक प्रतिष्ठान के सामने संचालक सन्दीप कुमार ने मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह को माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शौर्य यात्रा में विहिप प्रान्त संगठन मंत्री, अविनाश कुमार प्रान्त सहमंत्री, विभाग मंत्री विद्या रत्न द्विवेदी, जिला संयोजक विनीत कुमार वर्मा, विहिप जिलाध्यक्ष रामगोपाल, मातृशक्ति संयोजिका डा विभा सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी उर्फ सोनू तिवारी, अनमोल अग्निहोत्री समेत भारी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हॉकी मैच में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

### राज्य स्तरीय अंडर-14 हॉकी लीग के खिलाड़ियों का हुआ चयन

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश हॉकी से मान्यता प्राप्त हॉकी हरदोई संघ द्वारा आयोजित 7 वीं अंडर-14 राज्य स्तरीय बालक हॉकी लीग-2025 हॉकी लीग आईपीएल की तर्ज पर होगी। उत्तर प्रदेश हाकी के संयुक्त सचिव एवं हरदोई हाकी के सचिव ने बताया कि रविवार को सीएस अकादमी के मैदान पर 7वीं राज्य स्तरीय हॉकी लीग का ट्रायल संपन्न हुआ। ट्रायल में पूरे प्रदेश से 182 बालक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। राज्य स्तरीय हॉकी लीग के लिए 100 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस हॉकी लीग में कुल 10 टीमें बनाई गई है। टीमों के नाम शील सुपर किंग्स, धर्म सुधा रॉयल्स, हरदोई रियासत वॉरियर्स, आर्चीदेव सनराइजर्स, बालाजी हुंडई चैंपियंस,अभिनव क्लब फाइटर, अनवर हॉकी इंडियन, जेके पब्लिक स्कूल स्ट्राइकर, जीनियस पब्लिक स्कूल, टीएनसी स्पोर्ट्स आदि टीमें हैं। चयनित हुए खिलाड़ी इन्हीं टीमों में रहेंगे। यह लीग 23 से 25 दिसंबर तक सीएस अकादमी आशा में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की चयन सूची मंगलवार को जारी की जाएगी।

# खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाल विद्या पब्लिक, स्कूल पब्लिक स्कूल नघेटा हरदोई में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन रविवार को किया गया, जिसकी थीम 'चैंपियन इन मोशन' रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने मार्च पास्ट की सलामी ली। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने तरह-तरह के खेलों में अपनी प्रतिभाओं को उजागर किया।



स्कूल में बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी लेतीं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी व अन्य। अमृत विचार

- **एनुअल स्पोर्ट्स डे में मंत्री ने बच्चों के मार्च पास्ट की ली सलामी**

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ्य रखते हैं, बल्कि भाईचारे को भी बढ़ाते हैं। पढ़ने के साथ खेलकूद भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में बच्चे सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग कर रहे हैं, जबकि आउट डोर गेम से दूरी बढ़ा रहे हैं यह उचित नहीं है। खेलकूद से शरीर के साथ मस्तिष्क का भी विकास होता है। इस मौके पर बीएसए डा. अजित सिंह, डॉ. कीर्ति सिंह प्रबंध निदेशिका व कनुप्रिया सिंह, प्रधानाचार्या, अश्वनी दीक्षित एकेडमिक हेड, बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल, शिव शंकर पांडे, कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश, अक्षत पांडे, अनिल जिला प्रचारक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्रों जय मिश्रा, सुरभि गुप्ता, कौशकी दीक्षित एवं ईशान सिंह के द्वारा किया गया। विद्यालय के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में सैकड़ो छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# युवती सहित तीन ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ईंट-भट्ठा श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकाला और पोस्टमार्टम को भेजा। बेहटा गोकुल थाने के मानपुर मझरा निवासी अशोक (45) ईंट-भट्ठा पर मज़दूरी करता था। एक बेटी संगीता और बेटा अनुराग है। करीब 7 साल पहले पत्नी उमा की मौत हो चुकी है। अशोक ने बेटी की शादी कर दी, बेटा उसके साथ रह रहा था। शनिवार को अशोक घर में अकेला था, तभी उसने कमरा बंदकर फांसी लगा ली। बेटा अनुराग घर पहुंचा तो उसने बंद कमरें की खिड़की से झांका। अंदर अशोक का शव फांसी पर लटका देखकर वह चीख पड़ा। शोर सुन कर पड़ोसी दौड़ आए। वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़े तोड़ कर शव बाहर निकाल कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



लक्ष्मी की फाइल फोटो।

इसके अलावा हरपालपुर में शादी की तैयारियों के बीच युवती ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। हरपालपुर थाने के बेहटा हरी निवासी सत्येंद्र की बेटी लक्ष्मी (18) ने रविवार की सुबह कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सत्येंद्र ने बताया कि सुबह वह बाहर गया था। लक्ष्मी चार बहनों में बड़ी थी, उसके दो छोटे भाई है। सत्येंद्र ने बताया कि फर्रुखाबाद के कमालपुर के एक गांव से लक्ष्मी की शादी तय हो चुकी थी। 20 फरवरी को उसकी बारात आनी थी। घर में शादी की तैयारियां हो रहीं थीं। नाते-रिश्तेदारों को न्यौता बांटा जाने लगा था। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आत्महत्या की वजह का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

वहीं बिलग्राम थाना क्षेत्र के हुल्लासपुर गांव में नवविवाहिता ने अपने ससुराल के कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। मृतका का नाम सोनी (22) पत्नी मिथलेश कुमार है। परिजनों के अनुसार सोनी की शादी करीब सात महीने पहले ही हुल्लासपुर निवासी मिथलेश से हुई थी। उसका मायका उन्नाव जिले के दरियागंज थाना बांगरमऊ में है।सूचना मिलते ही मृतका के भाई सुरेंद्र मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। बिलग्राम पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## श्री श्याम महोत्सव के तहत पहले दिन निकाली गई निशान यात्रा

**हरदोई, अमृत विचार।** दो दिवसीय 12वीं श्री श्याम महोत्सव के प्रथम दिन में भव्य निशान यात्रा का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान मे आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने बाबा श्याम के नाम का निशान उठाकर शहर में भ्रमण किया। यात्रा वेणी माधव स्कूल से प्रातः कालीन बेला में प्रारंभ होकर बड़ा चौराहा सिनेमा चौराहा जिंद पीर चौराहा से होते हुए खाटू मंदिर से बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंचकर यात्रा ने विश्राम लिया। इस यात्रा का विशेष आकर्षण मनमोहक झांकियां और महाराष्ट्र की तर्ज पर मराठा ढोल शानदार बैंड और डीजे के भक्ति भरे भजनों पर श्रद्धालु ने पूरे शहर को श्याममय बना दिया। हजारों की संख्या में श्याम भक्त यात्रा में शामिल हुए। शहर में कुछ प्रेमियों ने अपने प्रतिष्ठान और घर के बाहर निशान यात्रा में शामिल भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की और यात्रा पर पुष्प वर्षा कर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर विशेष रूप से अनिल महिंद्रा,धीरज वर्मा, उदय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक गुप्ता, गोपाल डिडवानिया सहित सभी भक्ति और मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# ननद का बच्चा, घर के जेवर व नकदी लेकर फरार दुल्हन सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य समाज मंदिर में अग्नि के 7 फेरे लेने वाली दुल्हन शादी के 8वें महीने में दूल्हे के घर से उसकी बहन का बच्चा, जेवर, मोबाइल और नकदी लेकर भाग निकली। तहरीर पर केस दर्ज करते हुए छानबीन कर रही सण्डीला पुलिस उस तक पहुंच गई और उसे दुधमुंहे बच्चे के अलावा ज़ेवर, दो मोबाइल व नकदी के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने मददगार बनें उसके पति को भी गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि सण्डीला कोतवाली के बेगमगंज निवासी विजय कुमार ने 4 दिसंबर को



पकड़े गए आरोपी पति-पत्नी।

- **आठ महीने पहले आर्य समाज मंदिर में युवक से की थी शादी**

दी तहरीर में कहा था कि करीब 8 महीने पहले उसकी लखनऊ भमरौली विहार कालोनी, ठाकुरगंज की मोहिनी उर्फ मोनिका से आर्य समाज मंदिर में शादी हुई थी। तब से मोहिनी उसकी पत्नी बनकर रह रही थी। 3 दिसंबर को मोहिनी उर्फ मोनिका उसकी बहन का एक महीनें का बच्चा और घर में रखे जेवर, मोबाइल व कैश लेकर भाग गई। पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज करते हुए छानबीन शुरु कर दी। एसआई अमरेश कुमार, एसआई करुणेश पाठक, हेड कांस्टेबल धर्मेश कुमार, कांस्टेबल सचिन शाक्य, सुमित सागर और महिला कांस्टेबिल ममता सिंह की टीम ने आरोपी मोहिनी उर्फ मोनिका के अलावा उसके मददगार पति अमित को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया दुधमुंहा बच्चा, दो मोबाइल, आठ बिछिया और 1057 रुपये कैश बरामद किए है।

## खेलते समय पानी भरे गड्ढे में गिरी बच्ची की मौत, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कामीपुर निवासी फुरकान की तीन वर्षीय पुत्री तयबा घर से कुछ दूरी पर खेल रही थी, वही कुछ दूरी पर एक गड्ढे में पानी भरा था खेलते खेलते तयबा पानी भरे गड्ढे मे गिर गयी और पानी में डूबने लगीं। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



तयबा की फाइल फोटो।

मृतका के बाबा मोहम्मद सफी ने बताया कि उसकी दो पोती है, जिसमें से छोटी पोती की गड्ढे के पानी में डूब कर मौत हो गई है। बच्ची तयबा अपनी मां के साथ गांव में ही रहती थी। पिता दिल्ली में मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रो कर खराब हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कन्थरी राइडर्स क्रिकेट टीम ने गौसगंज को हराया

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के देवनपुर गांव में चल रहे देवमनपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल मैच कन्थरी नाईट राइडर्स और गौसगंज के बीच खेला गया, जिसमें कन्थरी नाइट राइडर्स ने जीत हासिल की। विजेता व उपविजेता टीम को विधायक आशीष सिंह आशू ने शील्ड व मिडिल देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू, नेता शिवराज सिंह बाबा प्रधान अरविंद वर्मा, प्रधान जयराम सिंह, सी पी वर्मा और आयोजक राजीव कुमार जन्मेजय, संतोष, दिव्यांशू पटेल सहित तमाम लोगों ने मौजूद रहे।



सम्मानित विजेता व उप विजेता के साथ विधायक आशीष सिंह आशू। अमृत विचार

## दबंग भाइयों ने भाभी को पीट कर लहूलुहान किया, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ैया पकरा में रविवार की शाम पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों ने अपनी भाभी को डंडों एवं लाठियों से पीट कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। जगदेवी पत्नी कमलेश के अनुसार उसके देवर अरविंद और सुनील ने पारिवारिक विवाद के चलते उसे गाली गलौज किया। गाली गलौज करने से मना करने पर डंडो एवं लाठियों से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई । घायल को सीएचसी शाहबाद लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## ज़रूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल व वस्त्र

**हरदोई, अमृत विचार।** 'संवेदना' संस्था और 'उ.प्र. वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बावन ब्लाक के यासीनपुर में निःशुल्क कम्बल एवं वस्त्र-वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ज़रूरतमंदों को कम्बल एवं ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराये गए। संस्थाओं के पदाधिकारियों में डा. ब्रह्म स्वरूप पाण्डेय, डा. ईश्वर चन्द्र वर्मा,डा. नरेश चन्द्र शुक्ल, डा.शीला पाण्डेय, वेद प्रकाश अवस्थी,गिरीश चन्द्र बाजपेयी, साधना मिश्रा व रामदेव तिवारी मौजूद रहे।

तैयारी

ठंड में अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए हरदोई पुलिस की अनोखी पहल,

# रात्रि गश्त कर अपराधियों पर नजर रखेंगी सुरक्षा समितियां

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पिहानी कोतवाली के ग्राम कुइया में रात्रि चौपाल लगाकर सुरक्षा समितियों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्दी में अपराधों को रोकने के लिए सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है, जो रात में 11 बजे से सुबह 4 बजे तक गश्त करेंगी और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देंगी।



ग्राम कुइया में रात्रि चौपाल में समितियों को जागरूक करते एसपी अशोक कुमार मीणा। अमृत विचार

ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे अपराध पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों को टॉर्च, बार और कंबल भी वितरित किए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा समितियों का उद्देश्य गांव में अपराध को रोकना और लोगों को सुरक्षित महसूस कराना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सुरक्षा समितियों के साथ सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। सांडी संवाददाता के अनुसार एसपी के निर्देशन में शनिवार की रात को अपर पुलिस अधीक्षक एसके गौतम, क्षेत्रधिकारी रवि प्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष राकेश यादव के साथ क्षेत्र के ककेडी गांव में ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ रात्रि चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में जिला पंचायत सदस्य निशा कुशबाहा थानाध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। चौपाल के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। सर्दियों में बढ़ने वाली चोरी लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं के प्रति सतर्क रहने की लोगों से अपील की। एसओ ने गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाने मुख्य मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर सामूहिक निगरानी रखने पर जोर दिया।

## पेड़ से टकराया ट्रक कंडक्टर की मौत

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** प्लाईवुड लादकर जा रहा ट्रक जहानीखेड़ा के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकरा गया। शनिवार की रात हरदोई के जहानीखेड़ा के पास हुए हादसे में ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। लेकिन कंडक्टर अनुज शर्मा ट्रक के अंदर फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अनुज को ट्रक से निकालकर पहले सीएचसी भेजा। जहां हालत बिगड़ती देख उसे शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शामली जिले के झाल निवासी अनुज शर्मा के भाई अंकित शर्मा ने बताया कि अनुज के परिवार में उसकी पत्नी गुड़िया और एक 9 साल का बेटा अगम शर्मा है।



ग्राम प्रहरियों को साइकिल व टार्च देकर सम्मानित करते कोतवाल।

### ग्राम प्रहरियों को साइकिल व टार्च वितरित की

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय करने के साथ साथ ग्राम चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण भी कराया जा रहा है। इसी क्रम में हरपालपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने रविवार को ग्राम प्रहरियों को साइकिल,टार्च व सीटी आदि देकर उन्हें सम्मानित किया गया। ग्राम प्रहरियों से गांव की हर गतिविधि पर नजर रखने के साथ साथ गांव में अराजक व संदिग्ध लोगों के बारे में समय समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने कहा कि सर्दी के समय गांव में चोरी जैसे अपराध रोकने के लिए ग्राम प्रहरियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ वह अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करें।

न्यूज ब्रीफ

### बिसवां-बहराइच मार्ग पर खंती में गिरी कार बाल-बाल बचे सवार

**बिसवां, सीतापुर :** बिसवां-बहराइच मार्ग पर जहांगीराबाद ईदगाह के सामने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए, जिससे मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। बताते हैं कि वाहन में लखनऊ से तंबौर जा रहे रहीश पुत्र छेद्दू निवासी पारा लखनऊ तथा नौशाद, इरशाद खान और राज बाबू पुत्र शमीम सवार थे। इनके साथ एक बुलेट और स्कॉर्पियो भी सफर में शामिल थी। हादसा ईदगाह के सामने सड़क का मोड़ कटते समय हुआ, जहां अचानक वाहन खाई में जा गिरा। घटना के बाद मौके पर स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

### डीएम ने गैरहाजिर चिकित्सकों का वेतन काटने का दिया निर्देश

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग के विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्साधिकारियों, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि संचालित सभी गौआश्रय स्थलों में पर्याप्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। बैठक में बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटनें के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एमपी सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में दो की मौत होमगार्ड समेत तीन गंभीर

## रामकोट, खैराबाद और इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में हुए हादसे

रफ्तार की मार

**अमृत विचार टीम, सीतापुर**


हेमराज। फाइल फोटो


होमगार्ड के घायल होने के बाद जिला अस्पताल परिसर में मौजूद परिवारीजन।

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। खैराबाद ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक के डिवाइडर से टकराने से युवक की मौत हो गई, वहीं रामकोट क्षेत्र में गन्ना लेकर आए किसान की दो ट्रैक्टरों के बीच दबकर जान चली गई। इसके अलावा इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड को पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पहली घटना में शहर सीमा से सटे रामकोट थाना क्षेत्र के जवाहरपुर चीनी मिल के बाहर गन्ना उतारते समय दो ट्रैक्टरों के बीच दबकर कोतवाली देहात क्षेत्र के मीरनागर निवासी हेमराज की मौत हो गई। परिजनों ने साथी चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक भोसले ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपों की जाँच की जा रही है। इसी कड़ी में दूसरी घटना खैराबाद कोतवाली इलाके में घटित हुई। ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में लखीमपीर के गोला निवासी बाइक सवार दुर्गेश शुक्ला की अस्पताल में मौत हो गई। थानाध्यक्ष एके सिंह ने बताया कि मामले में जाँच की जा रही है। वहीं, तीसरी घटना में इमलिया सुल्तानपुर कस्बा निवासी होमगार्ड रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के यहां तैनात हैं। रविवार सुबह अमीननगर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। चालक वाहन सहित फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल ले जाकर हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली पेड़ से टकराई, चालक सुरक्षित: लहरपुर:** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को लहरपुर–बिसवां मार्ग पर ग्राम रुद्रा भवनाथपुर के निकट एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पेड़ों से जा टकराई। हादसा इतना जोरदार था कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे नीचे उतर गई, लेकिन चालक बाल-बाल बच गया। गनीमत रही कि घटना के समय सड़क पर अन्य वाहन न होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में क्रेन की सहायता से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क किनारे से बाहर निकाला गया।

### खंती में गिरी बाइक एक की मौत

**मानपुर, सीतापुर :** इलाके में महाराजपुर–मानपुर मार्ग पर ओवरटेक के समय बाइक अनियंत्रित होकर खंती में गिर गई। सड़क हादसे में घायल राहगीर की पानी में डूबने से मौत हो गई। तालगांव थानाक्षेत्र का कामापुर निवासी संजय बाइक से बिसवां आया था। कार्य की समाप्ति के बाद बाइक सवार 45 वर्षीय संजय पुत्र बाबूराम महाराजपुर–मानपुर मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान वाहन ओवरटेक करते समय बाइक अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी, जिसमें पानी भरा हुआ था। बताते हैं कि घायल संजय खंती से बाहर नहीं निकल सका, जिससे उसकी मौत हो गई। बाइक पर दो बोरी डीएपी खाद लदी हुई थी। परिजनों के मुताबिक, संजय बिसवां में सिनेमा रोड स्थित वर्मा प्रिंटिंग प्रेस पर काम करते थे।

## जंगली जानवर के हमले से किसान की हालत गंभीर

**लहरपुर, सीतापुर:** नर्सरी में काम कर रहे 45 वर्षीय जहीर पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में जहीर को लखनऊ रेफर किया गया, जहां निजी अस्पताल में उनका ऑपरेशन किया गया। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर नेवादा में जहीर पुत्र अयूब खान अपनी नर्सरी में पेड़ों की देखभाल कर रहे थे, तभी अचानक झाड़ियों से निकले किसी जानवर ने उन पर हमला कर दिया। हमले में जहीर गंभीर रूप से घायल हो गए और लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देख जानवर भाग निकला। परिजनों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से जिला अस्पताल और फिर हालत नाजुक होने पर लखनऊ रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार जहीर का निजी अस्पताल में ऑपरेशन किया गया है। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया है। चिन्हों और परिस्थितियों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


बाल विकास पुष्टाहार की बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### त्रुटिरहित विवरण पोषण ट्रैकर पर करें अपलोड: डीएम

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की गहनतापूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त किये जाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाये। सभी केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों इन्फेंटो मीटर, स्टेडियो मीटर, वजन मशीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा बच्चों की लम्बाई, माप आदि का त्रुटिरहित विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का भी रजिस्टर अद्यतन रखा जाये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव आदि रहे।

## विवाद के बाद में युवक ने खाया विषाक्त, गंभीर

**सीतापुर, अमृत विचार:** रामकोट इलाके में दंपति के बीच विवाद हुआ। ऐसे में युवक ने विषाक्त का सेवन कर लिया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर है।

रामकोट निवासी शिवम के परिजनों के मुताबिक, शिवम का विवाह नौ माह पूर्व लखीमपुर जनपद की मकसूदपुर निवासी मोनी से हुआ। बताते हैं कि साढ़े सात महीने बाद मोनी अपने मायके चली गई। परिजनों ने बताया कि इसके बाद वो वापस नहीं आई, ऐसे में शिवम परेशान था। इसी के चलते उसने विषाक्त का सेवन कर लिया। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सजायाफ्ता की 14 दिन की रिमांड

राघवेंद्र हत्याकांड

**वली चौधरी, सीतापुर**

**अमृत विचार:** राघवेंद्र हत्याकाण्ड की जांच बढ़ चली है। वारदात में निरुद्ध छठे आरोपी सुनील कश्यप 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल में निरुद्ध किया गया। वहीं सातवें आरोपी की तलाश में पुलिस की दबिश सीतापुर से जुड़े तीन जनपदों में हुई है।

बता दें कि 8 मार्च को पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई महोली स्थित अपने घर से सीतापुर की ओर आ रहे थे। हाईवे स्थित हेमपुर नेरी ओवरब्रिज पर हमलावरों में ताबड़तोड़ गोली चलाकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में शिवानंद उर्फ विकास राठौर, निर्मल सिंह और असलम गाजी को गिरफ्तार किया। वहीं राजू तिवारी और संजय तिवारी का इनकाउंटर करके उन्हें ढेर कर दिया।


राघवेंद्र बाजपेई। (फाइल फोटो)

बढ़ती जांच के बीच सुनील कश्यप का नाम प्रकाश में आया। तथ्य और साक्ष्यों के आधार पर छठे हत्यारोपी सुनील कश्यप को न्यायालय ने 14 दिवस की न्यायिक हिरासत में सीतापुर कारागार में निरुद्ध करने का आदेश दिया।

### तीन हत्यारोपियों को मिली जमानत

हत्यारोपी शिवानंद उर्फ विकास राठौर, निर्मल सिंह और असलम गाजी जमानत पर हैं। सूत्रों की मानें तो इनसे जुड़े हर करीबियों पर नजर रखी जा रही है। जानकारों की मानें तो शिवानंद ने अपना उपचार भी कराया है।

बता दें कि सुनील कश्यप पूर्व में हुई हत्या में सजायाफ्ता दोषी है और कारागार में पूर्व से निरुद्ध है। ऐसे न्यायालय का आदेश कारागार प्रशासन को प्रेषित किया गया। उधर, गहराती जांच में जनपद के एक पुराने हिस्ट्रीशीटर का नाम भी सामने आया है। बताते हैं कि इसको लेकर लखीमपुर खीरी, हरदोई और बहराइच में दबिशें दी गई हैं।


शहर में जीआईसी बस स्टाप मार्ग पर अतिक्रमण हटाती जेसीबी। अमृत विचार

### जीआईसी से बस अड्डे तक हटाया अतिक्रमण

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर से लेकर जिले के कायाकल्प के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे में शहर में मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है। रविवार को ये क्रम जीआईसी चौराहे से लेकर रोडवेज बस अड्डे तक चला। इस दौरान कुछ व्यापारियों ने विरोध किया तो उन्हें नियम कानून में रहकर कार्य करने की सलाह दी गई है। टीन शेड के अतिरिक्त अतिक्रमित स्थान भी खाली कराए गए। बता दें कि पूर्व में इससे पहले लालबाग चौराहे से लेकर आंख अस्पताल मार्ग पर अतिक्रमण हटाया गया था। नगर पालिका के दस्ते ने नालियों को भी उचित स्थान देने का कार्य किया। इस दौरान एसडीएम सदर आईएएस धामिनी एस दास, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अभियंता वैभव त्रिपाठी सहित कोतवाली नगर पुलिस मौजूद थी।

## घाट पर रेलिंग और समतीकरण कार्य कराएं: डीएम

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने तहसील सिधौली स्थित अत्यन्त प्राचीन बालेश्वर मंदिर का सौन्दर्यीकरण, पर्यटन विकास कार्यों एवं सिधौली नगर पंचायत पुनर्गठन योजना के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। घाट पर रेलिंग लगवाने और समतलीकरण का कार्य कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कड़े निर्देश दिये कि यदि समय पर कार्य पूर्ण नही हुआ तो संबंधित संस्था को 10 प्रतिशत कटौती करते हुये भुगतान सुनिश्चित किया जाये। काम में लापरवाही सहन नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

### ऑनलाइन हाजिरी का काली पट्टी बांधकर विरोध

**सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर बिसवां और पहला ब्लॉक में तैनात सचिवों ने काली पट्टी बांधकर विरोध किया। सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति लागू करने, संसाधनों की कमी और बढ़ते गैर विभागीय कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। सचिवों ने कहा कि शासनादेश के अनुसार सचिवों से ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य की गई है, जबकि उनका कार्य पूर्ण रूप से फील्ड का है। एक-एक सचिव चार से नौ ग्राम पंचायतों का कार्य देखते हैं, ऐसे में एक स्थान पर उपस्थिति दर्ज कराना संभव नहीं है। सचिवों ने बताया कि मूल कार्यों के अलावा 29 से अधिक गैर विभागीय कार्यों का दबाव है, जिससे वे मानसिक तनाव में काम कर रहे हैं। ज्ञापन में वाहन व मोबाइल भत्ता, सीयूजी सिम, शैक्षिक योग्यता स्नातक करने व वेतन मैट्रिक्स संशोधन जैसी मांगें शामिल रहीं।

### प्रधान प्रतिनिधि पर लगाया आवास में पैसा गबन का आरोप

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़चपा की ग्राम कालिकन पुरवा निवासनी सीमा देवी ने आवास से जुड़ी धनराशि को लेकर जिम्मेदारों पर घालमेल का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि पति राम विजय की मृत्यु को 4 वर्ष बीत चुके हैं। आवास निर्माण को लेकर पहली किश्त में 40 हजार रुपये मिले थे। जब दूसरी किश्त मिली तो उससे 50 हजार रुपये ले लिये गए। कहा गया कि आवास निर्माण को लेकर सामान सस्ती दर पर दिलवा देंगे। आरोप है कि आवास निर्माण को लेकर न तो सामान मिला और न हीं पैसा वापस हुआ। पीड़ित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रधान प्रतिनिधि हसीब ने बताया कोई पैसा नहीं लिया गया है, जिसकी जांच उच्चाधिकारियों द्वारा की जा चुकी है, लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते स्टांप आयुक्त। अमृत विचार

### केंद्र प्रभारी नदारद, दो केंद्रों पर खरीद बंद

**लहरपुर, सीतापुर :** स्थानीय मंडी समिति में धान क्रय केंद्रों का स्टाम्प आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया, इस दौरान अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। स्टांप आयुक्त जगदंबा शुक्ला ने मंडी समिति में संचालित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और खरीद के बारे में जानकारी ली। बता दें कि मंडी समिति में किसानों से धान की खरीद के लिए सात क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिसमें से तीन कोऑपरेटिव विभाग व चार क्रय केंद्र विपणन शाखा के द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान विपणन शाखा द्वारा चलाए जा रहे चार धान क्रय केंद्रों में से केवल दो क्रय केंद्र पर ही धान की खरीद की जा रही थी। जबकि निरीक्षण के दौरान सभी विपणन शाखा के चार धान क्रय केंद्रों के प्रभारी नदारत थे, फोन करके एक धान क्रय केंद्र प्रभारी को बुलाया गया, जबकि कोऑपरेटिव सेक्टर द्वारा स्थापित तीनों धान क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारी मौजूद मिले। स्टांप आयुक्त जगदंबा शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण के बाद जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।


बच्चों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

### मेढक दौड़ में दिव्यांश और जलेबी में उमम अव्वल

**बिसवां, सीतापुर :** सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिसवां विधायक निर्मल वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेठ जय दयाल इंटर कालेज व सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ ने की। मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक क्षमता का विकास तो करते ही हैं, साथ ही मानसिक क्षमता को भी प्रबल बनाते हैं। खेलकूद में प्रथम स्थान पाने वाले हिन्दी मीडियम के छात्र-छात्राओं में मेढक दौड़ में नर्सरी के दिव्यांश व केजी के जाकिर, जलेबी दौड़ में प्रथम के उमम, द्वितीय के सरताज, तृतीय के कुर्सी दौड़ में आमना अफरोज, चतुर्थ की तीन टांग दौड़ में अथर्व व जैदान, कक्षा 6, 7, 8 की 100 मीटर दौड़ में बालकों में कृष्णा व ऐमान नूर तथा बालिकाओं में पुष्पा व नुजहत रहीं।


अधिकारियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### स्वच्छता को लेकर डीएम की दो टूक

**गोंदलामऊ, सीतापुर :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने चीनी मिल डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड-रामगढ़ की इकाई का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने गन्ने की तौल कराने आए कृषकों से भी वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने चीनी मिल का निरीक्षण कर पर्ची वितरण, कार्यप्रक्रिया, कार्यक्षमता, सुरक्षा और उत्पादन की गुणवत्ता आदि की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मिल में स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी मानकों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित मिल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।


चिकित्सीय परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

### शिविर में 45 मरीजों की हुई जांच

**बिसवां, सीतापुर :** शकुन्तला आई एवं डेंटल क्लीनिक द्वारा रविवार को देवकालिया स्थित कुंवर शंकर सिंह मावि में मोतियाबिंद परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 मरीजों की नेत्र जांच की गई। संचालन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लव कृष्ण मिश्रा की देखरेख में हुआ। उन्होंने मरीजों की दृष्टि परीक्षण, स्लिट लैम्प जांच और मोतियाबिंद की स्थिति का आकलन कर आवश्यक सलाह दी। डॉ. मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मोतियाबिंद दृष्टि बाधित होने का मुख्य कारण बना हुआ है। विशेष सहयोगी अरुण नाथ सिंह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में नियमित नेत्र जांच अत्यंत आवश्यक है। ऐसे शिविर नेत्र स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करते हैं। शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड के आधार पर नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### 130 हिस्ट्रीशीटरों ने ली अपराध न करने की शपथ

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली परिसर में बुधवार को कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने क्षेत्र के 130 हिस्ट्रीशीटरों को अपराध न करने और किसी भी अवैध गतिविधि में सहयोग न करने के लिए शपथ दिलाई। कोतवाल ने उन्हें जागरूक करते हुए कहा कि 15 वर्षों से किसी अपराध में सक्रिय न रहने वाले बुजुर्ग हिस्ट्रीशीटरों की फाइल बंद कर दी जाएगी। उन्होंने सभी को कठोर सख्त हिदायत दी कि कोई भी अपराध में संलिप्त पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी की जा रही है, इसलिए उन्हें अपराध से दूर रहकर समाज की मुख्य धारा में लौटना चाहिए। साथ ही, अगर वे थाने क्षेत्र छोड़कर बाहर जाएं तो इसकी सूचना पुलिस को देना अनिवार्य है। इस मौके पर अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

### हिस्ट्रीशीटरों को अपराध से दूर रहने की नसीहत

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** थाना प्रभारी संजय पांडे ने बुधवार को थाना परिसर में उपस्थित हिस्ट्रीशीटरों को अपराध से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के अपराध करने की योजना के बारे में जानकारी मिले तो वह गुप्त रूप से साझा की जा सकती है, और नाम गोपनीय रखा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि किसी भी अपराध में संलिप्त होने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### शहर से गांव तक ड्रोन और पुलिस की गश्त

**अमृत विचार टीम, सीतापुर :** शहर से लेकर गांव तक पुलिस की गश्त रही। नगर में कई स्थानों पर ड्रोन ने निगरानी रखी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने गश्त की। नगर में कमान सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक भोसले के हाथ में रही। पुराने शहर में गश्त करते हुए सघन इलाकों में ड्रोन उड़ाए गए, राह से गुजरने वालों से संवाद किया। उधर, खैराबाद में एके सिंह के नेतृत्व में मोहल्लावार देर शाम तक गश्त जारी रही। लहरपुर संवाददाता के अनुसार, कस्बे के बाजार चौराहे से पराग शाह चौराहा, मीरा टोला गुरखेत बाजार, बिस्वां तिराहा गेट, पक्का तालाब तीर्थ सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने मार्च किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह और उनकी टीम मौजूद रही।

### योर ड्रीम लाइब्रेरी का शुभारंभ, छात्रों में उत्साह

**लहरपुर, सीतापुर :** मजा शाह चौराहा स्थित जायसवाल मार्केट में योर ड्रीम लाइब्रेरी व पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने फीता काटकर शुरुआत करते हुए कहा कि शांत वातावरण में अध्ययन से ही परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है। नगर के मजा शाह चौराहा स्थित जायसवाल मार्केट में रविवार को योर ड्रीम लाइब्रेरी और पुस्तकालय का शुभारंभ के दौरान कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने उद्घाटन करते हुए कहा कि डिजिटल युग में पुस्तकालयों का महत्व और अधिक बढ़ गया है। सोशल मीडिया के दौर में छात्र यदि शांत व एकाग्र वातावरण में पढ़ाई करें, तो प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता आसान हो जाती है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन में रहकर नियमित अध्ययन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने किया। इस मौके पर हाजी जुनैद अहमद, हाशिम अंसारी, मास्टर आसिफ और जफर सलीम ने भी विचार रखे। लाइब्रेरी फाउंडर समिति के अतीक अहमद, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद सोहराब व मोहम्मद आमिर द्वितीय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दो लिपिकों को लगाई फटकार, परखी मार्ग की गुणवत्ता

**महमूदाबाद, सीतापुर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने नगर पालिका परिषद में औचक निरीक्षण किया। जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में देरी और तालाबों से जुड़े अभिलेखों की अस्पष्टता पर दो लिपिकों को फटकार का सामना करना पड़ा। मंदिर परिसर से लेकर नगर के संपर्क मार्ग तक किए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।


मां संकटा देवी मंदिर परिसर में निर्माण कार्य का जायजा लेते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर रविवार को नगर पालिका परिषद पहुंचे। पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात और अधिशासी अधिकारी नीलाम चौधरी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर पालिका महमूदाबाद के ग्रान्ट रजिस्टर, चेक रजिस्टर, वन्दन योजना, कान्हा गौशाला, तालाब पोखर, अन्त्येष्टि स्थल/जल निकासी, सेक्टर पेयजल, गृहकर एवं डिमाण्ड रजिस्टर आदि विभिन्न पटलों को देखा और आवश्यक दस्तावेज का अवलोकन किया। जन्म-मृत्यु पटल की जांच की और लिपिक श्यामसुंदर से प्रमाणपत्र जारी करने की समय सीमा पूछी। तीन दिन का दावा किए जाने पर डीएम ने तुरंत पैगंबरपुर वार्ड के आवेदक मोहम्मद कलीम को फोन कर वास्तविकता जानी। कलीम द्वारा कई दिनों से टरकाए जाने की शिकायत पर डीएम ने संबंधित बाबू को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्धारित समय सीमा में प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने तालाबों से जुड़े पट्टों पर जानकारी मांगी। लिपिक द्वारा स्पष्ट जानकारी न दे पाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। कहा कि परिसीमन के बाद गांवों के नए तालाब नगर पालिका को उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही सौंदर्यीकरण और पक्षियों के प्राकृतिक आवास निर्माण हेतु उपलब्ध फंड के सदुपयोग का निर्देश दिया। निरीक्षण में सामने आई अन्य कमियों को एक सप्ताह में दुरुस्त करने के आदेश दिए। डीएम ने ठेकाकर्मियों की संख्या और वार्डवार सूची तीन दिन के भीतर कार्यालय में चस्पा करने को कहा।

**परखी इंटरलॉकिंग की गुणवत्ता:** इसके बाद डीएम मां संकटा देवी मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। मंदिर परिसर में वंदन योजना तथा नगर पालिका मद से कराए गए कार्यों की जांच की। शाहजानी वार्ड को जाने वाले संपर्क मार्ग की खोदाई कर गुणवत्ता जांच कराई गई और नमूना लैब भेजा गया।

### चीनी मिल में सुविधाओं की देखी व्यवस्था

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने महमूदाबाद स्थित किसान सहकारी समिति चीनी मिल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने चीनी मिल की कार्यप्रणाली, मशीनरी, सुरक्षा इंतजा और उत्पादन की गुणवत्ता से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने गन्ना लाने पहुंचे किसानों से बातचीत कर पर्ची, तौल और भुगतान व्यवस्था के बारे में पूछा। डीएम ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सुविधाओं में लापरवाही पाई गई तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित मिल के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपी पति गिरफ्तार

**शिवगढ़ :** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सरैया में बीते गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया मोहल्ले में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता संगीता का शव मिला था। शनिवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस द्वारा हैंगिंग की बात बताई थी। थानाध्यक्ष विंध्य विनय ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति और सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी सास को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### छत से गिरा पतंग उड़ा रहा बालक, रेफर

**महराजगंज :** क्षेत्र के कटरा मजरे मऊ गांव निवासी श्रीकृष्ण का 10 वर्षीय बेटा राजन घर की छत पर पतंगबाजी कर रहा था। इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे आ गिरा। चीख पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने बेहोशी की अवस्था में उसे सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### स्तन कैंसर जागरूकता कार्यशाला 11 को

**डलमऊ :** श्रीमती ओमवती देवी जनकल्याण समिति की ओर से 11 दिसंबर को श्री महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय डलमऊ में स्तन कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यहां पर मेदांता अस्पताल लखनऊ के कुशल चिकित्सकों द्वारा स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष रघुवीर सिंह व प्रबंधक निरंजन सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**डलमऊ :** गस्त के दौरान डलमऊ पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों की मदद से पकड़ा है। तलाशी के दौरान युवक के पास लगभग 350 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि पकड़े गए युवक अमित यादव पुत्र रामसेवक निवासी पुरे उदई मजरे जमराव फतेहपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

### दामाद ने ससुर को पीटा, घायल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्नावा गांव में बेटी पुष्पा और दामाद सुरजीत उर्फ सनी देओल पुत्र बृजलाल के बीच चल रही अनबन का समझौता कराने आए ससुर राम भरोसे की दामाद ने जमकर पिटाई कर दी। घायल ससुर का इलाज व मेडिकल अस्पताल में कराया गया है। घायल ने इसकी सूचना बछरावां थाने में दी है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। घायल का इलाज व मेडिकल कराया गया है।

### वैज्ञानिक प्रदर्शनी में छात्र चयनित

**जगतपुर :** राजकीय हाईस्कूल जगतपुर के छात्र आदर्श त्रिपाठी का राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 के लिए चयन हुआ है। अपनी प्रतिभा और विज्ञान शिक्षिका श्वेता मिश्रा के मार्गदर्शन में पहले नया वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर जनपद स्तर और फिर लखनऊ मंडल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर आदर्श ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कड़ी मेहनत कर राज्य स्तर तक पहुंच आदर्श ने अपने माता-पिता, विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है।

## दुर्घटना के बाद ऑटो रिक्शा में फंसा चालक, गंभीर

- अज्ञात ट्रक की टक्कर से सीएनजी ऑटो रिक्शा क्षतिग्रस्त

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नीवा निवासी अशोक कुमार पुत्र स्व. राजेंद्र प्रसाद (45) सीएनजी ऑटो रिक्शा लेकर जाते समय इचौली गांव के मुख्य चौराहे पर बछरावां से मौरावा की तरफ जा रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें चालक अशोक ऑटो रिक्शा में फंसकर जख्मी हो गया। जबकि ऑटो रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तेजी दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी। साथ ही ऑटो रिक्शा को गैलेंडर मशीन से काटकर उसे बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक भावेश यादव ने प्राथमिक उपचार कर उसे गंभीर देखते हुए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

## आत्मनिर्भर बन ग्रामीणों को बचत के लिए प्रेरित करेगी आधी आबादी

शशांक सिंह राठौर, रायबरेली

- जिले के 255 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी का होगा चयन, अब तक 625 हैं कार्यरत

**अमृत विचार।** आधी आबादी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। अब उन्हीं समूहों में से शिक्षित महिलाओं को अलग-अलग पदों पर चयन करके रोजगार से जोड़ा जा रहा है। बैंकिंग संबंधी लेन-देन के लिए गांवों में बीसी सखी का पद सृजित है। जिले के 255 ग्राम पंचायतों में चयन को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई। जल्द ही चयन के बाद महिलाए रोजगार से जुड़ने के साथ ही ग्रामीणों को बैंकों में छोटी-छोटी बचत के लिए प्रेरित करती नजर आएंगी।

बता दें कि जिले में 980 ग्राम पंचायत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं को आसान और सुलभ बनाने के लिए 625 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी का चयन हो चुका है। शेष 255 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी भर्ती प्रक्रिया को भी धरातल पर लाने की तैयारी हो गई है। जिला मिशन प्रबंधक तीरथ ने बताया कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और महिलाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

बीसी सखी वही महिलाएं बन सकती हैं जो स्वयं सहायता समूह की सदस्य, 12वीं पास, 18 से 40 वर्ष आयु की हों और मोबाइल व इंटरनेट की जानकारी रखती हों। साथ ही आवेदिका उसी ग्राम पंचायत की निवासी होनी चाहिए और पूरे पंचायत क्षेत्र में भ्रमण करने के लिए तैयार हो। महिलाएं अपने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आवेदन देंगी। चयन सीडीओ की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किया जाएगा।

### ग्रामीणों और बैंक के बीच सेतु हैं बीसी सखी

बीसी सखी ग्रामीणों और बैंक के बीच सेतु की तरह काम करेंगी। माइक्रो एटीएम और हैंडहेल्ड उपकरण की मदद से बीसी सखी लोगों को घर पर ही जमा, निकासी, बैलेंस, सरकारी योजनाओं की धनराशि और अन्य बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। इससे ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक बार-बार नहीं जाना पड़ेगा और समय व खर्च दोनों की बचत होगी।



जिले में 255 बीसी सखी का चयन होना है। इसके लिए ब्लॉक और जिले स्तर पर आवेदन लिए जा रहे हैं। सरकार की मंशानुरूप ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जल्द ही चयन प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। रिक्त पंचायतों की सूची संबंधित विकासखंड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

-सविता सिंह, डीसी एनआरएलएम।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, एक गंभीर

### अलग-अलग क्षेत्रों में हुई दुघर्टनाएं, तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर और वाहन समेत चालक फरार

संवाददाता, सतांव/राही (रायबरेली)

**अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज - रायबरेली मार्ग पर रविवार की शाम एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक पर सवार तीन लोगों को सामने से टक्कर मार दिया। इस घटना में तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। जिसे पुलिस ने बसिगवां दोसड़का पर पकड़ लिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी जतुआ टप्पा भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं भदोखर थाना क्षेत्र के रायबरेली-परशदेपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। इससे युवक की मौत हो गई।

रविवार की देर शाम गुरुबक्शगंज कस्बा निवासी सलीम (28) पुत्र रज्जब, मुमताज (55) पुत्र आसाम व राजेंद्र लोधी (35) पुत्र दुख्खी निवासी गण कस्बा गुरुबक्शगंज अपनी मोटरसाइकिल से गुरुबक्शगंज चौराहे से अपने घर रायबरेली रोड की ओर कस्बा गुरुबक्शगंज जा रहे थे। जैसे ही बाइक खान पेंट स्टोर के सामने पहुंची, तभी रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी, जिसमें सलीम, मुमताज व राजेंद्र ग़भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहां सलीम व मुमताज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

वहीं थाना क्षेत्र के मुलिहामऊ निवासी रामबरन (25) पुत्र कामता प्रसाद अपनी बाइक से किसी काम से भुएमऊ गया था। वह घर वापस लौट रहा था। तभी भदोखर थाना क्षेत्र के रायबरेली-परशदेपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक ने जांच के बाद रामबरन को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश चंद्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। वाहन की खोजबीन की जा रही है।

### हाईवे पर अनियंत्रित तेज रफ्तार बस पलटी, छह की हालत गंभीर



लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर पलटी बस।

**संवाददाता, हरचंदपुर (रायबरेली), अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर दो की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना हरचंदपुर थाना क्षेत्र के डिडौली के पास हुई। लखनऊ से प्राइवेट बस झारखंड और छत्तीसगढ़ के लिए जा रही थी। बस में मौजूद यात्रियों ने चालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। यात्री मोहनू साहू ने बताया कि हम लखनऊ से छत्तीसगढ़ जा रहे थे। ड्राइवर काफी नशे में था और वह कई किलोमीटर से ही गाड़ी को सड़क पर लहरा रहा था। बस में लगभग 80 से 90 लोग सवार थे। यात्री मोहनू साहू ने बताया कि उनकी लड़की की सगाई है और वह झारखंड के विवेंद्रा जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते हुए हरचंदपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। इसके साथ ही हाईवे पर लगे जाम से निजात दिलाने के लिए पलटी हुई बस को सड़क से किनारे करवाया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. मो. आतिफ ने बताया कि दुर्घटना के बाद अस्पताल में छह घायल लाए गए थे। इनमें से दो लोगों को गंभीर हालत में भर्ती कर लिया गया है। जबकि चार अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है। चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### तालाब में डूबकर मासूम की मौत से कोहराम

**अमावा (रायबरेली) अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव मे तालाब मे डूबकर एक मासूम की मौत हो गईं। घटना रविवार शाम 4 बजे की है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे सरदार मजरे अमावा गांव निवासी सुधीर का चार वर्षीय बेटा रियांस दरवाज़े पर खेल रहा था। किसी काम से रियांस की मां घर के अंदर चली गईं। रियांस खेलते खेलते घर के पीछे तालाब में गिर गया। घर का काम कर ज़ब रियांस की मां घर से बाहर आई तो उसे बदहवास उसे ढूढ़ना शुरू किया। देर शाम उसे तालाब से बाहर निकलवाकर अमावा सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सको ने रियांस को मृत घोषित कर दिया। वहीं तालाब में डूबने से बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

## सड़कों व बाजारों में घूमते मवेशियों से जान का खतरा



सलोन में सड़क किनारे खड़े आधा दर्जन से अधिक आवारा मवेशी। अमृत विचार

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

### जिम्मेदार खामोश

- गौशालाओं में नहीं बंद किए जा रहे आवारा मवेशी, ग्रामीण परेशान

**अमृत विचार।** सलोन क्षेत्र में आवारा मवेशियों की समस्या बढ़ रही है, जिससे लोगों को हादसों का खतरा है। कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदारों ने इन्हें पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। क्षेत्र में गौशालाएं होने के बावजूद आवारा पशु सड़कों, बाजारों और गांवों में खुलेआम घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गौशालाओं की मौजूदगी के बावजूद इन पशुओं को वहां नहीं पहुंचाया जा रहा है, जिससे समस्या गंभीर होती जा रही है।

तहसील मुख्यालय से लेकर लगभग हर प्रमुख बाजार और ग्रामीण क्षेत्र में आवारा मवेशियों का जमावड़ा आम नज़ारा बन गया है। कस्बे के मानिकपुर तिराहा, जगतपुर रोड, सलोन और गणेशगंज बाईपास जैसे व्यस्त मार्गों में ये जानवर खुलेआम घूमते नज़र आते हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो कुछ पशु पालक अपने जानवरों का दूध निकालने के बाद पशुओं को सड़कों पर छोड़ देते हैं, जिससे सड़क पर मवेशियों का झुंड आम नागरिकों के लिए मुसीबत बना रहता है। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी आवारा मवेशियों को घूमते देखा जा सकता है। लोगों ने समस्या के समाधान की प्रशासन से मांग की है।

## नौसेना दिवस पर पूर्व नौसैनिकों ने अनुभव साझा कर दी प्रेरणा



शहर के स्थानीय होटल में आयोजित समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नौसेना दिवस पर जनपद के पूर्व नौसैनिकों ने एक यादगार और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। शहर के स्थानीय होटल में आयोजित इस समारोह में दर्जनों पूर्व नौसैनिकों ने एकत्र होकर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया और नई पीढ़ी को देशसेवा की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय नौसेना की परंपरा के अनुसार केक काटकर की गई। इसके बाद पूर्व सैनिकों ने मंच पर आकर अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान भावुक पल भी आए जब कई सैनिकों ने समुद्र में बिताए खतरनाक दिनों और देश की रक्षा में दिए योगदान की कहानियां सुनाईं।

ऑनरेरी लेफ्टिनेंट उमा शंकर ने कहा, "जब हम नौसेना में थे तब जहाजों में सुविधाएं सीमित थीं, लेकिन आज की नौसेना अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। जहाज, हथियार, रहन-सहन सब कुछ बेहतर हो गया है। फिर भी सैनिक का जज्बा और देशभक्ति आज भी वैसी ही है जैसी पहले थी।" कार्यक्रम में वरिष्ठ नेवल वेटरन धीरेंद्र सिंह, एसजेएस पब्लिक स्कूल के पीआरओ मनोज शर्मा, आरबी सिंह, श्याम भवन सिंह, आबकारी निरीक्षक कुलदीप बहादुर सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत राजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, आरपी सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के विप्लव श्रीवास्तव, दीपक कुमार मिश्रा, शैलेंद्र दीक्षित, दिलीप कुमार, सत्येंद्र सिंह सहित कई अन्य पूर्व नौसैनिकों ने अपने नौसेना जीवन और रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी के रोचक किस्से सुनाए। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सैनिकों और आयोजकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नौसैनिक धीरेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, आरबी सिंह, सत्येंद्र सिंह, दीपक कुमार मिश्रा और दिलीप कुमार आदि रहे।

## एसीएमओ ने अस्पताल की साफ-सफाई के दिए निर्देश

### निरीक्षण

संवाददाता, जगतपुर (रायबरेली)



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते एसीएमओ, मौजूद स्वास्थ्य कर्मी।

**अमृत विचार।** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 62 मरीज ने पंजीकरण कराया। डॉ. सुफैल अंसारी ने आए हुए मरीजों का उपचार किया। मेले में 35 पुरुष 20 महिलाएं व 7 बच्चों को उपचार कर निःशुल्क औषधियां प्रदान की गई। इस दौरान एसीएमओ अरविंद सिंह ने आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावां एसीएमओ ने अस्पताल की साफ-सफाई, भंडारण कक्ष व उपस्थिति रजिस्टर को भी देखा। इस मौके पर अन्य कई लोग मौजूद रहे।

**निःशुल्क नेत्र शिविर में 19 रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित, शिवगढ़:** क्षेत्र के पूर्व प्रधान स्व.विष्णु कुमार गोस्वामी की स्मृति में रविवार को शिवगढ़ नगर पंचायत के सराय छात्रधारी में आर्यावर्त आई हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर रायबरेली द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। डॉ.धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंची पांच सदस्यीय नेत्र विशेषज्ञ टीम द्वारा 114 नेत्र रोगियों की जांच की गई। जिसमें से 19 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक हरेन्द्र श्रीवास्तव, नेत्र विशेषज्ञ किरण मौर्य, शिवम, योगेंद्र यादव, सुमित चौधरी, भानु प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, देवी बक्स, सुरेश चतुर्वेदी, पंकज मिश्रा, सुधांशु श्रीवास्तव, विकास, सनी, राजकुमार, अंकित , पंकज मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



पुलिस लाइंस में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते एएसपी संजीव कुमार सिन्हा। अमृत विचार

**पुलिस लाइंस में होम्योपैथ चिकित्सा शिविर, 130 ने कराई जांच, रायबरेली:** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से "वामा वेलनेस कैंप" के अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चला। इसमें पुलिस परिवार की 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को निःशुल्क स्त्री रोग परामर्श एवं पैप स्मीयर व मैमोग्राम टेस्ट कराये जाने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कूपन कार्ड दिया गया, जिसकी वैधता 31 मार्च 2026 तक है। शिविर में 130 लोगों की जांच हुई। साथ ही 40 वर्ष से अधिक उम्र की 20 महिलाओ को स्वास्थ्य परीक्षण कूपन कार्ड वितरित किये गये। इस मौके पर अनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन, मैनेजर दुवे, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स, रायबरेली, डॉ. दीपक कुमार केसरी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अनामिका जैसवाल उपस्थित रहे।

### आयोजन

आयोजन के दूसरे दिन हुए युगल मुकाबले में लखनऊ के खिलाड़ियों ने आगे राउंड में बनाई जगह

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर बटोरी तालियां

संवाददाता, रायबरेली





प्रतियोगिता में मौजूद क्षेत्राधिकारी सलोन यादुवेंद्र पाल, सभासद शम्सी रिजवी व समाजसेवी अली अहमद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत परशदेपुर के एनएच पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधान स्व. दिलीप सिंह की स्मृति में चल रही चतुर्थ कारगिल शहीद मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी सलोन यादुवेंद्र पाल ने फीता काटकर किया। दूसरे दिन हुए युगल मुकाबले में लखनऊ के धर्मवीर और शिवम ने सलोन के वैभव और युवराज, हरियाणा के रजत और अयान ने प्रयागराज के ताज और प्रवीण, लखनऊ के रेंयांच और शुभम ने कुंडा के संजीत और सदा को हराकर आगे के राउंड में अपनी जगह बनाई।

एकल मुकाबले में हरियाणा के अयान ने लखनऊ के वैभव को, प्रयागराज के प्रवीण ने रायबरेली के प्रियांक को, लखनऊ के युवराज ने रायबरेली के अमित, लखनऊ के शिवम ने परशदेपुर के आकर्षित निर्मल, लखनऊ के वैभव ने पत्रकारपुरम के शुभम, हरियाणा के रजत ने प्रयागराज के प्रवीण, अमेठी के शिवेंद्र ने रायबरेली के अंकित को हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इस मौके पर अली डॉ. सैयद हैदर मेंहदी, समाजसेवी अली अहमद, चौकी प्रभारी मोहित शर्मा, रामशब्द त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, अभय सिंह, एमपी सिंह, लाल बाबू, मोहम्मद जावेद, सत्यम कौशल, सैयद आरिफ मेंहदी, मो. शरीफ, भूपेंद्र, बसंत, आशीष केसरवानी, मो. हाशिम, दीपू सिंह, शम्सी रिजवी, जैद हारिश, अब्दुल बारी खान आदि मौजूद रहे। कमेंट्री मो. आजम व हरिश्चंद्र ने की।

### स्कूल के प्रबंधक की प्रेरणा से बच्चों को मिल रहा योग प्रशिक्षण



सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित योग प्रशिक्षण में शामिल बच्चे। अमृत विचार

**लालगंज (रायबरेली)।** सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक कैलाश बाजपेई की प्रेरणा से विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को योग का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इससे न सिर्फ मानसिक विकास होगा, बल्कि बच्चों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। योग की कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने बताया कि योग एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्रा, दिवाकर सिंह, सुरेश वर्मा, राम नारायण सिंह, रामशरण अग्निहोत्री, लक्ष्मी विश्वकर्मा, आर्या श्रीवास्तव, शिवांगी, शिवांकरी, रमेश बाजपेई, दिव्यांशी बाजपई, शालिनी शुक्ला आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## भगवान के समीप ले जाती है भागवत कथा : पं.झिलमिल

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)



बाल्हेश्वर गांव में भागवत कथा सुनाते पंडित झिलमिल महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सत्संग से प्राणी के अंदर ज्ञान प्राप्त हो जाता है, जिससे अच्छे बुरे का विचार करने की क्षमता आती है और सत्कर्म की प्रेरणा मिलती। यह बात व्यास गद्दी पर विराजमान कथा वाचक पं. झिलमिल महाराज ने बाल्हेश्वर गांव के सच्चिदानंद पैलेस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि सत्कर्मों से ही व्यक्ति सांस्कारिक मोहमाया से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है। भागवत कथा जीव को भगवान के समीप ले जाती है। पंडित झिलमिल महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा और श्री राम कथा अवश्य सुननी चाहिए। भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान जी स्वयं विराजमान रहते हैं।

इस मौके पर घनश्याम सोनी, किरन सोनी, राजेंद्र शुक्ल, मोनू मिश्रा, रामू, कीर्ति, मनोहर शुक्ल, राजा शुक्ल, यशस्वी शुक्ला, अरविंद पांडेय, शिव गोपाल, दुर्गापाल, जगदेव पाल, उमेश यादव, संजू तिवारी, आदर्श वर्मा, राधिका राय, अजय वर्मा, शिव बरन, जितेंद्र यादव रहे।

न्यूज ब्रीफ

## बस सेवा बंद, परेशान हो रहे ग्रामीण

**शुकुल बाजार, (अमेठी) :** क्षेत्र के हजारों यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी शुकुल बाजार–किशनी–इन्हौना वाया लखनऊ चलने वाली परिवहन बस सेवा कई महीनों से बंद है। दीपावली के दिन थाना क्षेत्र के किशनी दूधाधारी गांव की एक महिला की बस की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों की तहरीर पर बस चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। तभी से बस जांच के लिए थाने में खड़ा कर दिया गया। इसके बाद से आज तक परिवहन विभाग दूसरी बस उपलब्ध नहीं करा सका है। इस वजह से ग्रामीणों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक बस प्रतिदिन सुबह करीब 6 बजे बाजार शुकुल के किशनी गांव से लखनऊ के लिए रवाना होती थी और दिन में दो फेरे लगाती थी। बस सेवा ठप होने से किशनी, जैनबगंज, शुकुल बाजार, ऊंचगांव, इन्हौना सहित कई गांवों के लोगों को लखनऊ जाने के लिए निजी वाहनों पर निर्भर हैं। वहीं एआरएम मधु श्रीवास्तव ने बताया कि बस की जांच चल रही है। रूट पर जल्द ही सेवा दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

## इलाज के दौरान अध्यापक की मौत

**अमेठी :** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमेठी के शिक्षक कल्पेश कुमार सिंह का शनिवार रात उपचार के दौरान निधन हो गया। परिवार के अनुसार उनका पैतृक निवास बलिया में है, जहां शनिवार की रात्रि लगभग 10 :30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। बीते दिनों 30 तारीख को प्रतापगढ़ चौरा बापूगंज मार्ग पर उनका एक्सीडेंट हुआ था। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल शिक्षक को जिला अस्पताल प्रतापगढ़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया था।

## घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कल

**अमेठी :** उमापुर मैदान में मंगलवार को घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सिन्धी और चौटाला की अलग घुड़दौड़ होगी। आयोजक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय ने बताया स्व. विभा पाण्डेय की पुण्य स्मृति में घुड़दौड़ का आयोजन मंगलवार को कालिका धाम के पास उमापुर मैदान में किया जाएगा।

## नारी जागरण जनपदीय संगोष्ठी संपन्न

**अमेठी :** नर–नारी का संतुलित समन्वय ही मानव जाति का भविष्य उज्जवल करेगा, असंतुलन दूर होना ही चाहिए। पिछड़ता हुआ पुरुष भी आज नहीं तो कल आत्मग्लानि अनुभव करेगा। उक्त उक्त बातें नारी जागरण की गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर आयोजित नारी जागरण जनपदीय कार्यकर्ता बैठक में सुल्तानपुर के बाल चिकित्सक जिला समन्वयक डॉक्टर सुधाकर सिंह ने कही। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में नारी जागरण जनपदीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यहां शिक्षक संघ अध्यक्ष अशोक मिश्रा, राधेश्याम तिवारी घनश्याम सिंह ,शशांक शुक्ला, अखिलेश तिवारी, गया बक्श सिंह, कृष्ण कुमार सिंह राणा प्रताप सिंह रहे।

## शहीदों को किया याद

**मुसाफिरखाना :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों शहीदों के नाम अभियान के तहत कादूनाला, मुसाफिरखाना में 36वां कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों को नमन किया गया। यहां चन्द्रजीत सिंह, राजेश कुमार सिंह ने शहीद स्थल के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला।

# ब्रेकर पर उछलकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई कार

**घटना के दौरान उतरकर भागे लोग, अमेठी-प्रतापगढ़ रेल लाइन पर एक घंटे बाधित रहा रूट**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सहजीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार देर रात अचानक एक अर्टिगा गाड़ी अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई और फंस गई। घटना की जानकारी होने पर रेलवे प्रशासन को अमेठी-प्रतापगढ़ रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ा। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक बाद उसे हटाया गया, तब अप व डाउन दोनों लाइनों पर परिचालन शुरू हो सका।



रेलवे ट्रैक पर फंसा चार पहिया वाहन। अमृत विचार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अमेठी की ओर से जा रही अर्टिगा स्पीड ब्रेकर से उछली और पटरियों पर अचानक पहुंच गई। इस दौरान कार सवार लोग वाहन छोड़कर बाहर चले गए। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी रेल अधिकारियों और पुलिस को दी। सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस पहुंची। कार ट्रैक के बीच फंसी होने से राहत कार्य में समय लगा। टीमों ने संयुक्त प्रयास से वाहन को हटवाया। इसके बाद रेलवने लाइन को सुरक्षित किया। इस दौरान ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोकना पड़ा। वहीं मिश्रौली स्टेशन मास्टर केपी मीणा ने बताया कि रात 9:50 पर कार सहजीपुर फाटक के पास पटरियों पर आ गई थी। इससे दोनों लाइनें प्रभावित हुईं। मिश्रौली स्टेशन पर कानपुर-प्रतापगढ़ इंटरसिटी को रोकना पड़ा। यह करीब डेढ़ घंटे स्टेशन पर खड़ी रही। इसी तरह अंतू स्टेशन पर आनंद विहार टर्मिनल जनसाधारण एक्सप्रेस करीब 50 मिनट तक रुकी रही। हादसे के चलते कुल दो ट्रेनें बाधित रहीं। रात 11:18 पर जीआरपी की मौजूदगी में कार को ट्रैक से हटाया गया। लाइन साफ होने के बाद दोनों ट्रेनें अपने तय मार्ग पर रवाना हुईं। पुलिस कार मालिक का पता लगाने में जुटी है।

## ट्रक-डीसीएम की भीषण टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल, मची अफरा-तफरी

**अमेठी, अमृत विचार।** पीपरपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह घोरहा पावर हॉउस के पास उस समय बड़ा हादसा हो गया जब तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की आमने–सामने भीषण टक्कर हो गई। घटना सुबह करीब सात बजे की है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उसी दौरान सड़क से गुजर रहा एक बाइक सवार दंपती भी हादसे की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार दिनेश गुप्ता (35) पुत्र छेदीलाल गुप्ता और उनकी पत्नी सुषमा (35), निवासी चंदौकी, लोहारन का पुरवा, जोरदार टक्कर के कारण सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और घायलों को संभाला। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पीपरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक व डीसीएम को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए दोनों वाहनों को कब्जे में लिया और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं पीपरपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। दोनों वाहनों के ड्राइवरों की भूमिका और लापरवाही के बिंदुओं की पड़ताल की जा रही है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आज टीम करेगी शिक्षिकाओं की जांच, गिर सकती है गाज

शुकुल बाजार, अमेठी

छात्राओं में दहशत

- आवासीय बालिका विद्यालय की शिक्षिकाओं पर लगे प्रताड़ना के आरोप का मामला

**अमृत विचार।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सोमवार को जांच टीम के पहुंचने की तैयारी को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है। शिक्षिकाओं पर लगे प्रताड़ना के आरोपों के बीच तीन दिन बंद रहने के बाद जब शनिवार को विद्यालय खोला गया तो छात्राओं की उपस्थिति बेहद कम रही। दोपहर एक बजे तक केवल 12 छात्राएं विद्यालय पहुंचीं, वहीं रविवार शाम तक यह संख्या 22 तक ही पहुंच सकी। इससे स्पष्ट है कि छात्राओं में घटना को लेकर अब भी दहशत व्याप्त है। विद्यालय में स्थानांतरित की गईं शिक्षिका अल्पना श्रीवास्तव और सुमन द्विवेदी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जबकि शमा परवीन ने अब तक चार्ज नहीं लिया है। विद्यालय में कुल सौ छात्राएं पंजीकृत हैं। वहीं बीईओ शैलेंद्र शुकुल और उनकी टीम अभिभावकों से लगातार संपर्क कर छात्राओं को विद्यालय भेजने की अपील कर रहे हैं।

स्टाफ में अंशकालिक शिक्षिका प्रेम कुमारी, चौकीदार विजय कुमार, मुख्य रसोईया गीता सिंह, सहायक रसोईया जनक दुलारी और माधुरी देवी नियमित रूप से उपस्थित रहीं। छात्राओं की सुरक्षा के लिए पीआरडी जवान लक्ष्मी कांत तिवारी तैनात किए गए हैं। वहीं, छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए बीईओ ने आसपास के परिषदीय विद्यालयों की तीन शिक्षिकाओं रंजीता कुमारी, मंजू देवी और संतोष कुमारी की ड्यूटी भी यहां लगाई है। बता दें कि जिलाधिकारी के निर्देश पर बीएसए संजय तिवारी ने नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है, जिसमें बीईओ पूजा सिंह, ममता सरकार और शिवकुमार यादव शामिल हैं।

वहीं घटना के तीसरे दिन नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा पुलिस प्रशासन के साथ विद्यालय पहुंचीं। उनकी मौजूदगी में सील किए गए अभिलेख, सीसीटीवी कक्ष और डीवीआर खोला गया। पुलिस ने अभिलेख और डीवीआर अपने कब्जे में लेकर जांच आगे बढ़ा दी है। शिक्षा विभाग और पुलिस आरोपित शिक्षिकाओं पर लगे प्रताड़ना के आरोपों की जांच कर आगे उचित कार्रवाई करेंगे।

# पुलिस से मुठभेड़ में एक लुटेरा घायल, तीन गिरफ्तार

कार्रवाई

- मोहनगंज की चिनगाही मोड़ स्थित पुलिया के नीचे का मामला, आभूषण, मोबाइल व हथियार हुए बरामद

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)

**अमृत विचार।** सर्राफा व्यवसायी से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरों और पुलिस के बीच रविवार को मोहनगंज थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि कुल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए आभूषण, मोबाइल, हथियार और अन्य सामान बरामद किए हैं।

मुठभेड़ मोहनगंज की चिनगाही मोड़ स्थित पुलिया के नीचे हुई। घायल आरोपी की पहचान रामपुर गोसाई निवासी आकाश विश्वकर्मा के रूप में हुई है। उसके साथियों अंकित विश्वकर्मा और



मुठभेड़ में घायल अभियुक्त को ले जाती पुलिस।

शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सत्यम सिंह को भी पुलिस ने दबोच लिया। वहीं गिरोह को सूचना देने वाले मुखबिर साहबदीन, निवासी मोहनगंज को नहर मार्ग से अलग से गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के बारे में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि लूटकांड में शामिल आरोपी पुलिया के नीचे छिपे हुए हैं। पुलिस के पहुंचते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। वहीं स्थानीय पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आकाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सर्राफा व्यवसायी की दिनचर्या पहचानकर दो दिसंबर को पूरे धर्मे गांव में लूट की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने असलहा दिखाकर बैग छीना और रास्ते में आभूषण अलग कर बैग फेंक दिया। साहबदीन लगातार गिरोह को जानकारी उपलब्ध कराता रहा। पुलिस ने उनके पास से बाइक, तमंचा, कारतूस, ओपो मोबाइल, दो पायल और चाबियों का गुच्छा बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार किए तीनों मुख्य आरोपियों का चालान कर अदालत भेज दिया और जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** थाना क्षेत्र के पूरे बड़गाईन निवासी बृजेश पुत्र परीदीन पासी की शिकायत पर न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने आखिरकार मुकदमा दर्ज कर लिया है। बृजेश ने अदालत में दायर प्रार्थना पत्र में बताया था कि 6 जुलाई को घूर गड्ढे के विवाद को लेकर उनकी विपक्षी रामतीरथ यादव से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर रामतीरथ व उनके साथियों ने बृजेश के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने शुकुल बाजार थाने में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन क कार्रवाई न होने पर उन्होंने अमेठी के एसपी को भी प्रार्थना पत्र भेजा। इसके बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने पर उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पुलिस को संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि कोर्ट के निर्देश के बाद मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि विवाद में तत्कालीन नायब तहसीलदार समेत पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के एक गंभीर भूमि विवाद मामले में न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता सुमित्रा देवी, निवासी निहालगढ़ चकजंगला, ने आरोप लगाया है कि उसकी पैतृक भूमि पर साजिशन कब्जा कर लिया गया और विरोध करने पर उसे धमकाया गया। पीड़िता के अनुसार उसके चाचा राकेश और कनिकलाल ने फसली वर्ष 1409 से 1414 के बीच तत्कालीन नायब तहसीलदार की मिलीभगत से भूमि पर अपना नाम दर्ज करा लिया। आरोप यह भी है कि बाद में राकेश ने उक्त भूमि गुलाबचंद्र नाम के व्यक्ति को बेच दी। सुमित्रा देवी का कहना है कि जब उसने 20 अप्रैल 2025 को इस अनियमितता पर आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि दस्तावेजों के साथ नायब तहसीलदार के कार्यालय पहुंचने पर अधिकारी ने उसे फटकार कर भगा दिया। थाने और एसपी कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने पर उसने मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुलतानपुर के संज्ञान में प्रस्तुत किया। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने राकेश, कनिकलाल, गुलाबचंद्र, तत्कालीन नायब तहसीलदार और अर्जी नबीस के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## राजस्व निरीक्षक ने एसआईआर को लेकर किया निरीक्षण

**लालगंज (रायबरेली)।** राजस्व निरीक्षक बृजेश सिंह ने रविवार को ऐहार गांव पहुंचकर बीएलओ के द्वारा किए जा रहे अपलोडिंग और मैपिंग के कार्य का निरीक्षण किया। बेहतर कार्य पर उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों की सराहना की। ऐहार गांव के बूथ संख्या 321, 327, 328, 329 के अपने सहायकों के साथ बीएलओ रविवार के दिन भी काम कर रहे थे। वही निरीक्षण करने पहुंचे राजस्व निरीक्षक बृजेश सिंह ने कहा कि सघन मतदाता सूची सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें मतदाता सूची की जांच कर शुद्ध किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं के नाम, पता, और अन्य जानकारी की जांच की जाती है।



कार्य का निरीक्षण करते राजस्व निरीक्षक बृजेश सिंह।

## नेत्र शिविर में 116 मरीजों ने कराई जांच

**महराजगंज (रायबरेली)।** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ द्वारा हलोर चौराहे पर यूको बैंक के निकट नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 116 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इसमें 62 मरीज को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। 21 मरीजों ने आयुष्मान कार्ड धारक होने का लाभ उठाया, जबकि चार मरीजों को रेफर किया गया। डॉ. मेजॉन इस्लाम, फिरदौस रिजवी, मोनी यादव, जमील अहमद, सलीम आदि की संयुक्त टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। इस मौके पर शिविर के संयोजक रामसागर चौधरी, सहसंयोजक राजेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश अवस्थी, दिनेश यादव, दयाशंकर आदि मौजूद रहे।



नेत्र शिविर में मौजूद लोग।

# सीएम आरोग्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण



मेले का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह व मौजूद अन्य लोग।

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** अमेठी के सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने जिले तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सीएम आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दखिनवारा पहुंचें जहां 24 मरीज पंजीकृत पाये ग, जबकि 8 मरीजों की जांच लैब के तहत की गई थी। इसके बाद भटगवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां कुल 73 मरीज पंजीकृत मिले, जिसमें 8 मरीजों की जांच की गई थी। निरीक्षण के दौरान सभी जगहों पर स्वास्थ्य टीम उपस्थित पाई गई। वहीं सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैंठा के निरीक्षण के दौरान 6 मरीजों की जांच करते पाया गया। लैब के तहत हुई। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि सीएम आरोग्य मेला को लेकर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे मेले में पहुंचने वाले मरीजों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को मरीजों को बेहतर इलाज देने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

सिटी डायरी

## बीडीओ ने अवकाश के दिन भरवाया आईएसआर फार्म



आईएसआर फार्म भरवाते बीडीओ प्रमोद कुमार यादव, मौजूद अन्य।

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** अवकाश होने के बाद रविवार को बीडीओ प्रमोद कुमार यादव ने प्राथमिक विद्यालय लखनापुर में बीएलओ के साथ एसआईआर फार्म को दुरुस्त कराने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सरकार आईएसआर को लेकर बेहद गंभीर हैं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ आईएसआर के फार्म को भरवाया, बल्कि दिन भर बीएलओ के साथ बैठकर ऑनलाइन 190 एसआईआर फार्म को फीड करवाया। इस मौके पर बीएलओ राजवती देवी, अर्चना देवी, सहायक अध्यापक किरन देवी, अमित कुमार, सचिव रोहित कुमार, प्रधान सर्वेश कुमार व कोटेदार संजय, जियालाल आदि लोग मौजूद रहे।



रसोइयों को शॉल भेंट करते समाजसेवी चंदन त्रिवेदी।

## बढ़ती ठंड के चलते समाजसेवी ने रसोइयों को बांटे गर्म शाल

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** बढ़ती ठंड को देखते हुए ऐहार गांव के समाजसेवी चंदन त्रिवेदी ने प्राथमिक स्कूल में भोजन बनाने वाली रसोइयों को गर्म शॉल भेंटकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पृथ्वी लोक में नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसके मद्देनजर अब उनके द्वारा सामाजिक कार्यों का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका रचना दीक्षित व सहायक अध्यापक श्वेता तिवारी, विकास तिवारी, प्रतीक्षा शुक्ला, पुष्पांजलि, शानू शर्मा, सच्चिदानंद वर्मा, रिंकू मिश्रा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।



कथा सुनाते आचार्य संतोष महाराज।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से होता है कल्याण : आचार्य संतोष

**सिंहपुर (अमेठी)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गड़ेहरी में धूमधाम से कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। राष्टीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष संतोष तिवारी "राजू" के आवास पर चल रही कथा में अयोध्या धाम से आए कथा वाचक आचार्य संतोष महाराज ने कहा कि भगवान राम को समझने के लिये सत्य, संयम एवं सनातनी भाव का होना आवश्यक है। इसके श्रवण मात्र से कल्याण होता है। यहां संजय मिश्रा, खण्ड शिक्षा अधिकारी तिलोई आर के कश्यप, राजेंद्र प्रताप सिंह, सोनू सिंह, कामता दीक्षित, अजय मिश्रा, रनबहादुर सिंह, हरि शंकर सिंह, जगदीश उपाध्याय, हरपाल सिंह, गुरुसेवक रहे।





छात्रों के साथ उपस्थित मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## आरजीएनएयू में द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन

**फुरसतगंज (अमेठी)।** राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू) में रविवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस का संयुक्त आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने वर्चुअली जुड़कर विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय समुदाय को संबोधित किया। अपने संदेश में मंत्री ने भारतीय विमानन क्षेत्र की तेजी से बढ़ती संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि विमानन क्षेत्र का भविष्य भारत केंद्रित है। यहां आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के निदेशक प्रो. अमित पत्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान देशभर से आए विद्यार्थियों को कुल 59 उपाधियां प्रदान की गईं।

आयोजन

**सुभाष पंत की कहानी पर आधारित इस नाटक को मिला दर्शकों का भरपूर प्यार**

# कॉलेज में इप्टा ने 'सिंगिंग बेल' नाटक का किया मंचन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार देर शाम भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) रायबरेली द्वारा एक नाटक "सिंगिंग बेल" का मंचन राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली के हॉल में किया गया। 'सिंगिंग बेल' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। सुभाष पंत की कहानी पर आधारित इस नाटक का निर्देशन संतोष डे ने किया। जब कोई गल्प वास्तविकता की चादर ओढ़ने लगे और हमारी रोजमर्रा की घटना बनती जाए तो स्थिति भयावह हो जाती है और बिना हिंसक हुए ऐसी परिस्थिति पैदा कर देती है जिससे कोई भयाक्रांत हो जाए और शेष जिंदगी डरते हुए काटने लगे।





सिंगिंग बेल नाटक का मंचन करते इप्टा के कलाकार। अमृत विचार

प्रस्तुत नाटक की कहानी भी ऐसी है कि जिससे वर्णित स्थितियां, अहिंसक होते हुए भी जनसाधारण को डराने में काफी है। नाटक अपनी संपूर्णता में दर्शकों को प्रभावित करता है किंतु मैडम डिसूजा की भूमिका में अंशिका सिंह ने कमाल का अभिनय किया और दर्शकों के दिल में उतरने में पूरी तरह सफल रहती हैं। अति सरल पहाड़ी आदमी "बहादुर" कि जीवंत भूमिका निभाई लवकुश यादव ने जिसको आज के समय में भी यकीं है कि ओझा उसके बाप का इलाज कर देगा। पेपर लीक और बाढ़ से अपदस्थ "सुंदर" की भूमिका को आदर्श मिश्रा बहुत प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करते हैं। अघोरी की छोटी सी भूमिका में रामदेव ने पूरे दर्शकों को मिसमराइज कर दिया जो यह सिद्ध करता है कि वह एक एक मझे हुए कलाकार हैं। एजेंट की भूमिका में रमेश ने एक चालाक तथा क्रूर किंतु बनावटी मददगार का रोल सराहनीय ढंग से निभाया। संजय यादव ने मोमबत्ती बेचने वाले "मनभर" की भूमिका में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। धर्मगुरु फादर के सपाट रोल को संतोष चौधरी ने बहुत सशक्त रूप से निभाया। अमित के सिपाही के मल्टी डाइमेंशनल रोल में उन्होंने जान फूंक दी। अंत में डिसूजा का डायलॉग "मै लडूंगी" में मै लडूंगी, मैं लडूंगा का आवाज बरवस ऋत्विक घटक की "मेघे ढाका तारा" की याद दिल देती है।

## स्कूल में अभिभावक गोष्ठी संपन्न

**सरेनी, अमृत विचार।** ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। यहां पर अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई, आदतों, अनुशासन और संपूर्ण शैक्षिक प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में शिक्षकों द्वारा प्रत्येक कक्षा के छात्रों की शैक्षिक प्रगति, गृह कार्य की अनियमितता, उपस्थिति की जानकारी साझा की गई। प्रधानाचार्य गौरव कुमार तिवारी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, अनुशासन और संस्कार तीनों में उत्कृष्ट बनाना है। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, अंकिता, तबस्सुम बानो, संध्या, सोनी, रोहित कुमार, शोभा देवी, अर्चना सिंह, माया देवी, सर्वेश द्विवेदी, अनीता, सीमा साहू, अनीता साहू, गीता देवी, रजनी देवी, सुरेश कुमार, नैंसी देवी, दिव्यांशी यादव, ज्योति देवी, साधना शर्मा, मानसी कुशवाहा, राखी तिवारी, राजेश आदि उपस्थित रहे।





गोष्ठी में मौजूद शिक्षक व अभिभावक।

# संकट मोचन सरकार

इंडिगो के परिचालन संकट ने एक बार फिर भारतीय उड्डयन क्षेत्र की नियामकीय कमजोरियों, मानव संसाधन प्रबंधन की खामियों और कंपनियों की मनमानी के बीच आम यात्री की घंघोर उपेक्षा को उजागर कर दिया है। सरकार द्वारा जारी तात्कालिक उपाय-फ्लाइट कटौती, विशेष मॉनीटरिंग और पायलट ड्यूटी टाइम में सख्ती- निश्चित रूप से स्थिति को आंशिक राहत देते हैं, पर यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि केवल इन कदमों से पूरा संकट समाप्त हो जाएगा। सरकार के नए एक्शन से, 'इलेक्टोरल बांड के जरिए इंडिगो से मोटा चंदा लेने के चलते वह इंडिगो पर कठोर नहीं है', आरोप बेअसर हो सकता है, हालांकि साफ है कि किसी भी नियामक हस्तक्षेप की समय सीमा और गंभीरता स्वयं बहुत कुछ कह देती है। वर्षों से जो समस्या जारी थी, उस पर नियामकों की निगरानी क्यों विफल रही? इससे संदेह उभरते हैं, मौजूदा कार्रवाई भर से इसे मिटाना मुश्किल है।

इंडिगो का मौलिक संकट पायलटों की भारी कमी, एफडीटीएल नियमों की अवहेलना और मानव संसाधन नीतियों में 'लीन स्टाफिंग' के अत्यधिक प्रयोग से उपजा है। पायलट संघों ने पिछले दो वर्षों में कई बार चेतावनी दी थी कि इंडिगो ने हायरिंग फ्रीज, नॉन-पोचिंग व्यवस्था और न्यूनतम क्रू मॉडल के कारण भविष्य के संकट को स्वयं आमंत्रित किया है। यह भी चौंकाने वाली बात है कि दो वर्ष के ट्रांजिशन पीरियड के दौरान कंपनी ने पायलटों की संख्या को नियमानुसार 14–16 प्रति विमान तक क्यों नहीं बढ़ाया? यदि यह मानक पूरा किया जाता तो आज फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को लागू करने में यह अव्यवस्था नहीं होती। सवाल है कि डीजीसीए और उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट को शुरुआती चरणों में ही क्यों नहीं रोका? एक एयरलाइन को 'लीन ऑपरेशन' की आड़ में अपनी क्षमता से कहीं अधिक फ्लाइट शेड्यूल चलाने देना न केवल यात्रियों के साथ अन्याय है, बल्कि उड्डयन सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। इस संकट का सबसे बड़ा बोझ यात्रियों पर पड़ा है। फ्लाइटें कैंसिल होने से किसी की नौकरी का मौका छूटा, किसी बीमार को उपचार नहीं मिल पाया, किसी का पारिवारिक या व्यावसायिक जीवन प्रभावित हुआ। ऐसे में केवल टिकट का पैसा वापस कर देना कोई समाधान नहीं। वास्तविक नुकसान आर्थिक, मानसिक और कई बार अपरिवर्तनीय होता है। भारत को 'पैसेंजर राइट्स' के स्पष्ट और बाध्यकारी नियमों की तात्कालिक आवश्यकता है, ताकि एयरलाइंस असुविधा नहीं, हानि की भरपाई करने के लिए बाध्य हों- जैसा कि कई विकसित देशों में व्यवस्था है। इंडिगो की छवि, गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। साथ ही भारतीय उड्डयन क्षेत्र की साख पर भी प्रश्न चिह्न लगा है। अंतर्राष्ट्रीय विमानन बाजार भारत को संभावनाओं की भूमि मानता है, पर इस प्रकार की अव्यवस्थित स्थितियां उसके भरोसे को कमजोर करती हैं।

सरकार के कदम संकट को तत्काल थामने की कोशिश प्रतीत होते हैं, परंतु यह तभी विश्वसनीय बनेंगे जब उड्डयन मंत्रालय दीर्घकालीन ढांचे में सुधार, भर्ती मानकों, कार्य-समय निगरानी, फ्लाइट स्वीकृति प्रक्रिया और यात्री अधिकारों को संस्थागत रूप से लागू करे। फौरी उपाय बेहतर हैं पर सरकार को वास्तव में स्थायी समाधान के प्रति गंभीर होना होगा।

## प्रसंगवश

# वो दिन जब सिद्धार्थ ने विश्व को नया प्रकाश दिया

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुंबिनी में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोदन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे, लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े। अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया। उन्हें बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई।

यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात् प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष आठ दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है।

बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो।

बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।'

# भारत-रूस साझेदारी से बढ़ेगा शक्ति संतुलन





योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पांच दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थायी प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं।

इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा दृष्टिकोण की दृढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं, बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है।

> भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रुपये और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है, बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है।

शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढांचे को सुदृढ़ करेगा।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्टरी की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है। रूस में दवा निर्माण भारत को न केवल बाजार देगा, बल्कि ऐसे समय में तकनीकी और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाएगा, जब पश्चिमी दवाइयों की आपूर्ति-राजनीति वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली पर नियंत्रण का उपकरण बन चुकी है। भारत-रूस संबंधों का सबसे ठोस और दीर्घकालिक आयाम ऊर्जा क्षेत्र है। रूस भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा-आपूर्तिकर्ता बन चुका है और उसने विश्व के ऊर्जा-संकट के मध्य भारत को अबाध आपूर्ति देकर यह साबित किया कि यह संबंध परिस्थितियों से संचालित नहीं बल्कि विश्वास पर आधारित है।

सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा पर हुई चर्चा और कुडनकुलम प्लांट के विस्तार की पुनर्पुष्टि भारत की स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा रणनीति को एक नई दिशा देती है। रूस द्वारा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव उस परिवर्तन की पूर्वपीठिका है, जहां भारत विकेंद्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से हर क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ सकेगा। यह भारत के नेट-जीरो संकल्प की व्यावहारिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण है। क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा आने वाली औद्योगिक क्रांति की रीढ़ है। एआई, इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, बैटरी निर्माण और रोबोटिक्स, इन सभी उद्योगों का अस्तित्व लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और रेयर-अर्थ मेटल्स पर निर्भर है। पश्चिमी देशों ने इन खनिजों पर एकाधिकारवादी नियंत्रण बनाने का प्रयास किया है, जबकि भारत-रूस इस समीकरण को बदल रहे हैं। रूस के पास विशाल खनिज संसाधन हैं और भारत के पास विकासशील तकनीक, अनुसंधान क्षमता और उत्पादन की औद्योगिक शक्ति। दोनों का मिलन वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम प्रदान करेगा।

## आमने सामने



आज भारत की तेजी से ग्रोथ को देखते हुए, क्या आपने कभी कहीं पढ़ा है या किसी को इसे 'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' कहते सुना है? 'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' शब्द का इस्तेमाल तब किया गया था, जब भारत 2–3 प्रतिशत की ग्रोथ रेट के लिए संघर्ष कर रहा था।

**-नरेंद्र मोदी,**
प्रधानमंत्री

'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' राज कृष्णन ने बोला था, जिन्हें जनता पार्टी सरकार ने प्लानिंग कमिशन में सदस्य बनाया था। जनता पार्टी में लाल कृष्ण अडवाणी, मोरारजी देसाई और अटल विहार वाजपेई थे। प्रधानमंत्री मोदी अपनी ही पार्टी पर हमला क्यों बोल रहे हैं?

**-पवन खेड़ा**
कांग्रेस नेता



# मोनोपॉली, ऑटोक्रीसी और ठहरती अर्थव्यवस्था



रजत मेहरोत्रा
वितीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारत की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन इंडिगो के हालिया संकट ने देश के सामने एक गंभीर और असहज प्रश्न खड़ा कर दिया है। क्या आज एक बड़ी एयरलाइन सरकार और नियामक से भी बड़ी हो चुकी है? सिर्फ दो दिनों में सैकड़ों उड़ानों का रद्द होना, लाखों यात्रियों की योजनाओं का बिखरना और पूरे विमानन तंत्र का चरमरा जाना बताता है कि अगर किसी अहम सेक्टर में एक कंपनी पर अत्यधिक निर्भरता हो जाए, तो पूरी अर्थव्यवस्था कैसे कुछ घंटों में ठप पड़ सकती है। यह सिर्फ एक परिचालन विफलता नहीं थी, बल्कि भारत के 'मोनोपॉली मॉडल' की एक खतरनाक झलक थी।

इंडिगो आज भारत के घरेलू विमानन बाजार का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा अकेले नियंत्रित करती है। यानी देश में उड़ने वाले हर तीन में से दो यात्री किसी न किसी रूप में इसी कंपनी पर निर्भर हैं। एयर इंडिया समूह लगभग 25–27 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। इसका मतलब साफ है कि देश का करीब 90 प्रतिशत हवाई यातायात केवल दो कंपनियों के हाथों में है। ऐसी स्थिति में अगर एक बड़ी एयरलाइन डगमगाती है, तो पूरा तंत्र हिल जाता है– ठीक वैसे ही जैसा हमने हाल में देखा।

> भारत की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन इंडिगो के हालिया संकट ने देश के सामने एक गंभीर और असहज प्रश्न खड़ा कर दिया है। क्या आज एक बड़ी एयरलाइन सरकार और नियामक से भी बड़ी हो चुकी है?

यह संकट नए पायलट ड्यूटी समय और विश्राम नियमों के लागू होने के बाद सामने आया। सुरक्षा की दृष्टि से बनाए गए इन नियमों में पायलटों को अधिक विश्राम, रात की सीमित लैंडिंग और तय ड्यूटी घंटे जैसी शर्तें रखी गई थीं, ताकि थकान के कारण होने वाले हादसों को रोका जा सके, लेकिन इंडिगो जैसी विशाल कंपनी ने समय रहते अपने पायलट स्टाफ और क्रू-प्लानिंग को इन नियमों के अनुरूप तैयार नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि नियम लागू होते ही कंपनी को बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यहीं से दूसरा बड़ा सवाल खड़ा होता है। संकट गहराने पर सरकार ने रात की कुछ ड्यूटी सीमाओं में अस्थायी ढील दे दी, ताकि इंडिगो अपनी उड़ानों को फिर से पटरी पर ला सके, लेकिन यह सुविधा केवल एक बड़ी कंपनी के लिए क्यों? क्या नियम सिर्फ छोटे खिलाड़ियों पर लागू होते हैं और बड़े खिलाड़ियों के लिए लचीले बन जाते हैं? यह स्थिति न सिर्फ नियामक की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि यदि आप बहुत बड़े हैं, तो व्यवस्था भी आपके अनुसार ढल सकती है।

यात्रियों के लिए यह संकट किसी आपदा से कम नहीं रहा। एक ही दिन में हजार से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कई दिनों तक 300–400 उड़ानें प्रतिदिन या तो रद्द होती रहीं या घंटों की देरी से चलीं। हजारों लोग अपने इंटरव्यू, परीक्षाएं, मेडिकल अपॉइंटमेंट और जरूरी पारिवारिक कार्यक्रमों से चूक गए। किरायों का हाल और भी चौंकाने वाला रहा। जहां सामान्य दिनों में 5–6 हजार रुपये में मिलने वाली टिकटें 20–28 हजार रुपये तक पहुंच गईं। साफ था कि कम क्षमता और अधिक मांग का फायदा उठाकर किराये आसमान पर पहुंचा दिए गए। सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा, लेकिन तब तक यात्रियों की जेब से लाखों रुपये अतिरिक्त निकल चुके थे।

इस पूरे घटनाक्रम का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। भारतीय विमानन उद्योग देश की जीडीपी में करीब 1.5 प्रतिशत का योगदान देता है और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 77 लाख लोगों को रोज़गार देता है। जब हवाई यातायात लड़खड़ाता है, तो उसका असर केवल एयरलाइंस तक सीमित नहीं रहता– होटल, टैक्सी, पर्यटन, कॉर्पोरेट यात्रा, कार्गो सेवाएं, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबार सभी प्रभावित होते हैं। सिर्फ कुछ दिनों की अव्यवस्था से ही उद्योग को हजारों करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान हुआ माना जा रहा है। इसका बोझ अंततः आम नागरिक और करदाताओं पर ही आता है।

निवेशकों और शेयरधारकों के लिए भी यह झटका कम गंभीर नहीं था। संकट के दौरान इंडिगो की मूल कंपनी के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। कुछ ही दिनों में निवेशकों की हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति बाजार से मिट गई, जिन्हें अब तक लगता था कि विशाल बाजार हिस्सेदारी यानी सुरक्षा, उन्हें यह समझ में आ गया कि अत्यधिक एकाग्रता अपने साथ बड़ा जोखिम भी लाती है। यह संकट सिर्फ विमानन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक चेतावनी है कि अगर किसी भी आवश्यक सेवा– चाहे वह टेलीकॉम हो, यूपीआई पेमेंट सिस्टम हो, बिजली वितरण हो या बंदरगाह सेवाएं– पर कुछ गिनी-चुनी कंपनियों का अत्यधिक नियंत्रण हो जाए, तो एक छोटी सी चूक भी पूरे देश को ठप कर सकती है। यह 'कॉरपोरेट ऑटोक्रीसी' का खतरनाक रूप है, जहां निर्णय कुछ बोर्डरूम में होते हैं, लेकिन उसका असर करोड़ों लोगों की जिंदगी पर पड़ता है।

अंततः लोकतंत्र का मूल सिद्धांत यह है कि न तो कोई व्यक्ति और न ही कोई कंपनी कानून से ऊपर हो सकती है। इंडिगो संकट ने यह साफ दिखा दिया कि अगर मोनोपॉली और कमजोर नियमन को समय रहते नहीं रोका गया, तो एक निजी कंपनी दो दिनों में पूरे देश के हवाई यातायात को ठप कर सकती है, यात्रियों, करदाताओं और निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है और सरकार को रक्षात्मक मुद्रा में ला सकती है।

## सोशल फोरम

# रेगिस्तान का फूल वारिस



यह कहानी एक ऐसी लड़की की है, जिसे पांच साल की उम्र में पकड़कर ज़मीन पर लिटा दिया गया था। न कोई दवाई, न बेहोशी, न साफ़-सफ़ाई— सिर्फ एक कुंद, खून से सना उस्तरा और एक चीख, जिसने सोमालिया के रेगिस्तान की हवा को चीर दिया। उसका नाम था वारिस डीरी, जिसका मतलब होता है रेगिस्तान का फूल। एक घुमंतू परिवार में पैदा हुई बच्ची।



कलम रंगदार
ब्लॉगर

फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (FGM) यानी महिला जननांग अंगभंग। सबसे भयानक रूप, टाइप 3। सब कुछ काट दिया गया। सब कुछ सिल दिया गया। सिर्फ एक माचिस की तीली जितना छोटा छेद उससे सांस चलती रहे, शायद। उसकी बहन मर गई थी। उसकी कई चचेरी बहनें भी। वारिस बच गई, लेकिन दर्द उसके हर दिन, हर कदम के साथ रहा। तेरह साल की उम्र में उसके पिता ने उसे बेचने की कोशिश की- एक 60 साल के बूढ़े आदमी को, पांच ऊंटों के बदले।

तो वो भाग गई। नंगे पांव। अकेली। रेगिस्तान को पार करती हुई— न नक्शा, न खाना, न सुरक्षा। सिर्फ एक जज़्बाः ज़िंदगी चुनना, परंपरा नहीं। वो किसी तरह मोगादिशू पहुंची। फिर लंदन— एक नौकरानी बनकर। न भाषा आती थी, न स्कूल की पढ़ाई, न पैसे। सिर्फ जीने की जद्दोजहद और फिर एक दिन एक फोटोग्राफर ने उसे देख लिया। मैकडॉनल्ड्स में फर्श साफ़ करने से लेकर पेरिस और न्यूयॉर्क की रनवे तक। Chanel. L'Oral. Vogue. James Bond हर जगह उसका नाम चमकने लगा। शोहरत के सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंचकर, वारिस ने वह किया जो शायद ही कोई मशहूर इंसान करने की हिम्मत करता। उसने सच बोल दिया।

उसने दुनिया को बताया कि उसके साथ क्या हुआ था और यह भी कि लाखों लड़कियों के साथ वही आज भी हो रहा है। उसकी आवाज़ ने दुनिया की चुप्पी तोड़ दी। यूएन ने उसे FGM खत्म करने के लिए स्पेशल एम्बेसडर बनाया। उसने Desert Flower लिखी- 1.1 करोड़ कॉपियां बिकीं। उसने Desert Flower Foundation शुरू किया। उसने यूरोप में सर्वाइवर क्लिनिक बनाए। उसने लाखों लड़कियों को बचाया। वह रेगिस्तान में पैदा हुई थी, लेकिन उसने सूखने से इनकार कर दिया। वह खिली और उसने यह सुनिश्चित किया कि लाखों और लड़कियां भी खिल सकें।

## सामयिकी

# मिट्टी में जहर से स्वास्थ्य पर मंडराता संकट

मृदा प्रदूषण तब होता है जब मनुष्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हानिकारक रसायन, भारी धातुएं या प्रदूषक पदार्थ मिट्टी में मिला देते हैं, जिससे न केवल मिट्टी की उर्वरता नष्ट होती है, बल्कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है।

भारत में मृदा प्रदूषण अब एक गंभीर राष्ट्रीय संकट बन चुका है। मिट्टी की बिगड़ती सेहत चुपचाप कृषि उत्पादन को खोखला कर रही है। जलवायु परिवर्तन इस समस्या को और भयावह बना रहा है। भारत आज अनाज में आत्मनिर्भर है, लेकिन अगर मिट्टी की गुणवत्ता इसी तरह घटती रही, तो आने वाले दशकों में हमें फिर से अनाज आयात करना पड़ सकता है। यदि अभी मिट्टी की सेहत सुधारने के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो खाद्य सुरक्षा पर संकट के साथ-साथ लाखों किसानों की आजीविका भी दांव पर लग जाएगी।



अंबिका कुशवाहा
लेखिका

मिट्टी की खराब गुणवत्ता का असर सिर्फ फसल पर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा और सबसे बड़ी बात कि मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। आज देश की अधिकांश कृषि योग्य भूमि किसी-न-किसी रूप में मृदा प्रदूषण की चपेट में है और यह जहर अब हमारी थाली तक पहुंच चुका है। चावल में आर्सेनिक, गेहूं में कैडमियम, सब्जियों में सीसा (लेड) और कीटनाशकों के अवशेष लगातार बढ़ रहे हैं। इन्हें खाकर लोग बीमार हो रहे हैं, बच्चे कुपोषित पैदा हो रहे हैं और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

मृदा प्रदूषण केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर सीधा हमला है। अगर यही स्थिति रही तो एक दिन हमारी खेती की जमीन इतनी जहरीली हो जाएगी कि उसमें कुछ भी उगाना असंभव हो जाएगा। पंजाब का मालवा क्षेत्र (बठिंडा, फरीदकोट, संगरूर, मुक्तसर आदि) इसका जीता-जागता उदाहरण है। इसे 'भारत की कैंसर बेल्ट' कहा जाता है। यहां कैंसर के मामले राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक हैं। हर दूसरे-तीसरे घर में कोई न कोई कैंसर से जूझ रहा है। इसका मुख्य कारण जहरीली मिट्टी में उगा अनाज और सब्जियां हैं, जो रोज लोगों की थाली में परोसे जा रहे हैं।

सरकार जैविक खाद को बढ़ावा दे रही है, लेकिन आज भी लाखों किसान अधिक पैदावार के लालच में यूरिया और खतरनाक कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं। लंबे समय तक इनका इस्तेमाल मिट्टी को बंजर बना रहा है। फैक्ट्रियां रात के अंधेरे में जहरीला पानी नदियों-नालों में छोड़ रही हैं, जो सीधे खेतों में पहुंच जाता है। शहरों में प्लास्टिक कचरा जलाने से निकलने वाला डाइऑक्सिन हवा के रास्ते मिट्टी में समा रहा है। सरकार ने 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' शुरू की है, जिसका उद्देश्य हर खेत की मिट्टी की जांच कर किसानों को उसकी सही स्थिति और सुधार के उपाय बताना है, लेकिन दुखद अधिकांश किसान इस योजना से अनजान हैं।

मृदा प्रदूषण रोकने के लिए अब कड़े और त्वरित कदम उठाने होंगे। रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद और जैविक खेती को बड़े पैमाने पर अपनाना होगा। पेड़-पौधे लगाकर मिट्टी का कटाव रोका जाए साथ ही हर किसान अपनी मिट्टी का नियमित परीक्षण करवाए और उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करे। कचरे के सही निपटान और प्लास्टिक जलाने पर सख्ती हो। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के उपाय अपनाए जाएं। घरेलू जैविक कचरे से कंपोस्ट बनाकर खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाए। हर नागरिक को मिट्टी बचाने के लिए प्रेरित किया जाए। अगर हम आज मिट्टी नहीं बचाएंगे, तो कल हमारी थाली में सिर्फ जहर ही होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# लंदन में 30 साल बाद फिर दिखा DDLJ का जादू






साल 1995 में रिलीज हुई शाहरुख खान और काजोल की 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' आज भी बॉलीवुड की सबसे प्यारी और यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। भारत ही नहीं, दुनियाभर के दर्शकों ने इस फिल्म को दिल से अपनाया। इसी जुड़ाव को सम्मान देते हुए फिल्म के 30 साल पूरे होने पर एक बेहद खास पल रचा गया। 4 दिसंबर को लंदन के लेस्टर स्क्वायर में राज और सिमरन की ब्रॉन्ज प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसे देखकर फैन्स पुरानी यादों में खो गए। यह मूर्ति Heart of London Business Alliance की "Scenes in the Square" पब्लिक आर्ट ट्रेल का हिस्सा है और खास बात यह है कि इस प्रतिष्ठित परियोजना में जगह पाने वाली DDLJ पहली भारतीय फिल्म बन गई है। प्रतिमा में शाहरुख और काजोल को फिल्म के एक लोकप्रिय पोज में दिखाया गया है, जो उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का प्रतीक बन चुका है। इस मौके ने न केवल बॉलीवुड की आइकॉनिक लव स्टोरी को फिर से जीवंत कर दिया, बल्कि भारतीय सिनेमाई संस्कृति को वैश्विक मंच पर एक बार फिर चमकाया। यह मूर्ति आने वाली पीढ़ियों को भी याद दिलाती रहेगी कि DDLJ सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भावनाओं, प्यार और यादों का एक अनमोल सफर है।



## बड़े-बड़े देशों में ऐसी छोटी-छोटी बातें होती रहती हैं

मूर्ति के अनावरण के साथ ही लंदन के लेस्टर स्क्वायर में एक यादगार पल बन गया, जब शाहरुख खान और काजोल ने अपने किरदार राज और सिमरन के आइकॉनिक पोज को फिर से दोहराया। काजोल हल्के नीले रंग की साड़ी में बिल्कुल फिल्म वाली सादगी और मोहकता लिए नजर आईं, जबकि शाहरुख एक स्टाइलिश ओवरकोट में राज के क्लासिक लुक को फिर से जीवंत कर रहे थे। दोनों को इस रूप में देख फैन्स एक बार फिर DDLJ के सुनहरे दौर में पहुंच गए। शाहरुख ने इस खास अवसर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपने सदाबहार डायलॉग का जिक्र किया- "बड़े-बड़े देशों में ऐसी छोटी-छोटी बातें होती रहती हैं, सेनोरिटा।" उन्होंने लिखा कि DDLJ के 30 साल पूरे होने पर राज और सिमरन की मूर्ति का अनावरण करना उनके लिए सम्मान की बात है। यह भी खास है कि दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे पहली भारतीय फिल्म बन गई है, जिसे Heart of London Business Alliance की "Scenes in the Square" ट्रेल में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न सिर्फ फिल्म की लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहचान का भी प्रमाण है। तीन दशक बाद भी DDLJ का जादू उसी तरह बरकरार है और यह ब्रॉन्ज मूर्ति उस अमर प्रेम कहानी को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का खूबसूरत माध्यम बन गई है।



## लंबे समय तक चलने वाली फिल्म

यह ब्रॉन्ज स्टैच्यू लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में स्टैच्यू से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है और हैरी पॉटर, मैरी पॉपिंस, पैडिंगटन और सिंगिन इन द रेन जैसी ऐतिहासिक फिल्मों के मशहूर किरदारों के साथ-साथ बैटमैन और वंडर वुमन जैसे हीरो के साथ जुड़ गई है। इस फिल्म का डायरेक्शन आदित्य चोपड़ा ने किया था और ये हिंदी सिनेमा की थिएटर्स में सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म है। अभी भी मुंबई के मराठा मंदिर सिनेमाघर में ये फिल्म चलती है। शाहरुख ने इस पिक्चर में राज और काजोल ने सिमरन का किरदार निभाया था। दोनों की जोड़ी और प्रेम कहानी फैंस को काफी पसंद आई थी।

## फिल्म की कमाई

DDLJ के लिए शाहरुख खान और काजोल को भारत के बाहर दूसरे देशों में भी जाना जाता है। इसमें इन दोनों के अलावा अमरीश पुरी, अनुपम खेर, फरीदा जलाल, मंदिरा बेदी और करण जौहर भी नजर आए थे। न सिर्फ लोगों के दिलों में बल्कि इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी राज किया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। सैकनिल्क के अनुसार इस पिक्चर का बजट सिर्फ 4 करोड़ रुपये था और वर्ल्डवाइड फिल्म ने 102.50 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था।

### ओटीटी प्लेटफार्म

## बीस्ट इन मी



"बीस्ट इन मी" एक अमेरिकन अपराध फिल्म है, जिसमें मानव मनोविज्ञान के बहुत क्लिष्ट पहलुओं को छुआ गया है। क्या वो आदमी अपराधी है, जो यह जानता या मानता ही नहीं कि उसका किया गया कर्म अपराध है? कोई कर्म समाज या किसी नियम के अंतर्गत ही तो अपराध होता है। यदि किसी को लगे ही नहीं कि उसके द्वारा किया गया कर्म अपराध होगा, तो उसका कितना दोष होगा? यदि कोई प्रेम वश आपको दुख मुक्त करने लिए कुछ करे, तो क्या उस अपराध में आप दोषमुक्त रह जाएंगे?

एक लेखिका अपने पड़ोस में रहने आए एक व्यक्ति, जिसको सारा शहर उसकी पत्नी का हत्यारा मानता है, परंतु पत्नी की लाश न मिलने के कारण उसे कानूनन हत्यारा नहीं माना जा सका है, के बारे में एक पुस्तक लिखने का कॉन्ट्रैक्ट लेती है, जो उस आदमी से लिए गए इंटरव्यूज पर आधारित होगी। वह व्यक्ति सोचता है कि वह अपनी बातों और व्यक्तित्व से लेखिका को प्रभावित करके स्वयं को निर्दोष सिद्ध करवा लेगा। लेखिका सोचती है इस प्रकार सभी संबंधित लोगों और पुलिस/एफबीआई से बात करके उसे वास्तविकता का पता चल ही जाएगा। कहानी के और भी कई पात्र हैं, जैसे उस व्यक्ति का भाई, पिता, दूसरी जीवित पत्नी, लेखिका की महिला पत्नी, FBI के एजेंट्स इत्यादि और सबकी अपनी-अपनी कहानियां हैं, जो उस व्यक्ति की कहानी से कहीं न कहीं जुड़ती हैं। वह व्यक्ति कातिल है या नहीं और कहानी किस तरह चलती है, इसके लिए आपको आठ एपिसोड्स देखने पड़ेंगे। अंत में लेखिका का प्रतिवेदन, जिसकी एकाध लाइन मैंने ऊपर उद्धृत की है, मनोविज्ञान का पाठ है।

पात्रों में मुख्य पात्र यानी संभावित कातिल व्यक्ति के चरित्र को बहुत अच्छी तरह जिया है मैथ्यू रिस ने,लेखिका के रोल में क्लेयर डेंस ने अच्छा अभिनय किया है, परंतु उसके हाव-भाव भारतीयों से मेल नहीं खाते इसलिए कई बार समझ में नहीं आते।

कहानी लेटस्टार्ट होती है, पर फिर गति पकड़ लेती है, संगीत बहुत सहायक है, हिंदी डबिंग अच्छी हुई है। कुछ भी हो पर साधारण परिस्थितियों का मनोवैज्ञानिक पक्ष दुरूह हो सकता है, यह बात "बीस्ट इन मी" बड़ी स्टाइल से कहती है।

**समीक्षकः**
**ब्रज राज नारायण सक्सेना**

### जिंदगी का सफर

## 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी



फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी, जिन्हें अक्सर 'ड्रीम गर्ल' के खूबसूरत नाम से भी जाना जाता है, भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक बहुमुखी और स्थायी हस्ती हैं। वह सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं, बल्कि एक निपुण भरतनाट्यम नृत्यांगना, फिल्म निर्माता, निर्देशक और एक सक्रिय राजनीतिज्ञ भी हैं। उनका जीवन कला, सुंदरता, दृढ़ संकल्प और सार्वजनिक सेवा का एक उत्कृष्ट मिश्रण है। हेमा मालिनी का जन्म 16 अक्टूबर 1948 को तमिलनाडु के अम्मानकुडी में हुआ था। उनकी मां, जया चक्रवर्ती फिल्म निर्माता थीं और पिता वीएसआर चक्रवर्ती थे।



माता-पिता के मार्गदर्शन ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेमा ने बहुत कम उम्र से ही शास्त्रीय नृत्य, विशेषकर भरतनाट्यम, सीखना शुरू कर दिया था और जल्द ही एक कुशल नृत्यांगना बन गईं।

एक तमिल फिल्म में अस्वीकार किए जाने के शुरुआती असफलताओं के बावजूद, हेमा ने हार नहीं मानी। उन्होंने 1968 में राज कपूर के साथ हिंदी फिल्म 'सपनों का सौदागर' से मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपनी शुरुआत की। उनकी सफलता 'जॉनी मेरा नाम' (1970) जैसी फिल्मों से शुरू हुई और 1970 का दशक, उनके स्टारडम का गवाह बना। उन्होंने 'सीता और गीता' (1972) जैसी फिल्मों में दोहरी भूमिकाओं के साथ साबित किया कि उनकी अभिनय की रेंज कितनी ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने अपना पहला फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

रमेश सिप्पी की क्लासिक कल्ट 'शोले' (1975) में 'बसंती' के रूप में उनका किरदार आज भी भारतीय सिनेमा के यादगार किरदारों में से एक माना जाता है। उन्होंने धर्मेंद्र, राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन सहित उस समय के सभी प्रमुख अभिनेताओं के साथ काम किया। फिल्मों में अपने सह-कलाकार धर्मेंद्र के साथ उनका रिश्ता परवान चढ़ा। कई चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने 1980 में शादी की। उनकी दो बेटियां, ईशा देओल और आहना देओल हैं। हेमा फिल्म निर्माता भी बनीं। उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म 'दिल आशना है' (1992) का निर्देशन किया। 2000 के दशक में हेमा मालिनी ने सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया।

भारतीय सिनेमा में उनके अपार योगदान के लिए उन्हें 2000 में भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित 'पद्म श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सुंदरता, प्रतिभा और गरिमा के साथ, हेमा मालिनी भारतीय मनोरंजन जगत में एक सच्ची और स्थायी किंवदंती बनी हुई हैं।

## मॉडल आफ द वीक



**नामः पद्मिनी शर्मा**

**टाउनः कानपुर**

**एजुकेशनः 12वीं की छात्रा**

**अचीवमेंटः मिस टैलेंटेड मिस कानपुर 2025**

**ड्रीमः नेशनल मॉडलिंग स्टेज पर UP का प्रतिनिधित्व करना**

## बीओएम ने खुदरा ऋण दरों में की कटौती

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रविवार को रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) से जुड़े ऋणों में 0.25% की कटौती की घोषणा की है। रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.25% की कटौती के बाद यह फैसला लिया गया। बीओएम ने कहा कि संशोधन के साथ बैंक का आवास ऋण 7.10% ब्याज दर से और कार ऋण 7.45 प्रतिशत से शुरू होगा, जो बैंकिंग उद्योग में सबसे कम है।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 8 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

#### नाल्को जल्द शुरू करेगा पोटांगी बॉक्साइट खदान

नई दिल्ली। नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) अगले साल जून तक ओडिशा में अपनी पोटांगी बॉक्साइट खदान शुरू करने की योजना बना रही है। इससे कंपनी को खनन क्षमता बढ़ाने और एकीकृत एल्यूमिनियम कारोबार के विस्तार का लक्ष्य पूरा करने में मदद मिलेगी। पोटांगी बॉक्साइट खदान के विकास और संचालन के लिए दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड एल-1 बोलीदाता चुनी गई है। नाल्को के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अगले साल जून तक खदान शुरू हो जाएगी।

#### वित्तपोषण रोकने को कोई परामर्श नहीं हुआ जारी : एमएनआरई

नई दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने रविवार को साफ किया कि उसने वित्तीय संस्थानों को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं या नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण इकाइयों को ऋण देना रोकने के लिए कोई परामर्श जारी नहीं किया है। मंत्रालय ने रविवार को यह कहा। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बीच आया, जिनमें कहा जा रहा था कि एमएनआरई ने अत्यधिक क्षमता की चिंताओं के मद्देनजर ऋणदाताओं को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए नई वित्त सहायता रोकने की सलाह जारी की है।

#### सीएट की वैश्विक बाजार पर नजर, बना रहा विशेष टायर

नई दिल्ली। टायर बनाने वाली कंपनी सीएट विभिन्न वैश्विक बाजारों के लिए खास तौर से टायर बना रही है, ताकि यूरोप और अमेरिका जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाया और खुद को वैश्विक ब्रांड बनाया जा सके। आरपीजी समूह के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका ने यह बात कही। आरपीजी समूह की इस कंपनी की कुल आय में निर्यात की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है और आने वाले कुछ सालों में ये हिस्सा बढ़ने की उम्मीद है। गोयनका ने कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय वृद्धि पर बहुत ध्यान दे रहे हैं- अमेरिका में वृद्धि, यूरोप में वृद्धि। हमारा लक्ष्य वैश्विक ब्रांड बनना है।

# फेड-एफआईआई डालेंगे बाजार पर असर

## भारत के सीपीआई आंकड़ों पर और रुपये की चाल पर बारीकी से नजर रखेंगे निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर संबंधी फैसला इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के रूझान तय करने वाला प्रमुख कारक होगा। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक गतिविधियां और विदेशी निवेशकों का रुख भी बाजार की भावना को प्रभावित करेगा। पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में सुस्ती रही, जहां प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिना किसी खास बदलाव के बंद हुए।




रिलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार 12 दिसंबर को आने वाले भारत के सीपीआई आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर ध्यान रहेगा, जो उभरते बाजारों की जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकता है। निवेशक रुपये की चाल पर भी नजर रखेंगे, जो पिछले सप्ताह डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे चली गई थी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ शोध विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अब पूरी तरह 9-10 दिसंबर 2025 को होने वाली अमेरिकन फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक पर है।

उन्होंने कहा कि एफओएमसी के फैसले के साथ ही प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। नौ दिसंबर को जारी होने वाले अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों से अमेरिकी श्रम बाजार के बारे में पता चलेगा। पि

### पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने 11,820 करोड़ निकाले

नई दिल्ली। पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 11,820 करोड़ रुपये निकाले। इसका मुख्य कारण रुपये का तेज अवमूल्यन है। नवंबर में 3,765 करोड़ की निकासी के बाद ये तेज बिकवाली हुई है और इससे बाजार पर दबाव बढ़ा है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 14,610 करोड़ की लिवाली की थी, जिससे तीन महीने की भारी बिकवाली का क्रम टूटा। सितंबर में 23,885 करोड़, अगस्त में 34,990 करोड़ और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले गए थे। एनएसडीएल के अनुसार इस महीने के पहले हफ्ते में एफपीआई ने इक्विटी से 11,820 करोड़ की शुद्ध निकासी की। इससे 2025 में कुल निकासी 1.55 लाख करोड़ हो गई। विश्लेषकों के अनुसार ताजा बिकवाली का मुख्य कारण मुद्रा संबंधी चिंताएं हैं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि इस साल रुपया 5% कमजोर हुआ है, जिससे एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। एफपीआई की निकासी के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 19,783 करोड़ की खरीदारी की।

### शीर्ष 10 में पांच कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 72,285 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का कुल बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 72,284.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। इस दौरान भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन बढ़ा, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो और एलआईसी में गिरावट हुई।

# आवास ऋण नौ लाख करोड़ के पार, ऋण वृद्धि 14% रहने की उम्मीद : एसबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई में तेजी से कुल ऋण वृद्धि मजबूत

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और उन्हें भरोसा है कि खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्र में जारी तेजी से चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहेगी। आरएएम खंड सितंबर में ही 25 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका है।

आर्थिक वृद्धि में सुधार को देखते हुए एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए ऋण वृद्धि लक्ष्य को पहले के 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। शेट्टी ने कहा कि हमने ऋण वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया है। अब यह 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत है। हमें मजबूत ऋण वृद्धि दिख रही है, खासकर आरएएम खंड में। एमएसएमई क्षेत्र में 17-18 प्रतिशत और कृषि तथा खुदरा में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण ऋण में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है, जबकि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण में दो अंकों की वृद्धि होगी। कुछ समय से सुस्त चल रहा कॉर्पोरेट ऋण खंड भी दूसरी तिमाही में पुनः गति पकड़ता दिखा और 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। शेट्टी ने कहा कि कॉर्पोरेट ऋण के लिए हमारा अनुमान निचले दो अंकों में है। इस तरह कुल मिलाकर 12-14 प्रतिशत ऋण वृद्धि हासिल करना पूरी तरह संभव है। रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में 25 आधार अंक की और कटौती से ऋण सस्ते होंगे और नई मांग को बल मिलेगा।

# शीतकालीन पुनर्भंडारण के कारण कोकिंग कोयले का आयात बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्टूबर में कोयला आयात में मिश्रित रुझान देखा गया, जिसमें सामान्य कोयले के आयात में गिरावट आई जबकि कोकिंग कोयले के आयात में वृद्धि हुई। कुल कोयला आयात में गिरावट का मुख्य कारण घरेलू बाजार में कोयले की अधिक उपलब्धता रही। वहीं, कोकिंग कोयले के आयात में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह अक्टूबर में 45 लाख टन से बढ़कर पांच लाख टन हो गया। यह बढ़ोतरी मुख्यतः इस्पात उद्योग द्वारा सर्दियों में भंडारण बढ़ाने की गतिविधियों के कारण हुई।

कोकिंग कोयला इस्पात उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में कुल कोयला आयात 3.9 प्रतिशत घटकर 2.09 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 2.18 करोड़ टन था। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, इस्पात निर्माता आमतौर पर सर्दियों से पहले कोकिंग कोयले की खरीद बढ़ाते हैं, ताकि सर्दियों में उत्पादन निर्बाध रूप से जारी रह सके, जब परिवहन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में संभावित बाधाएं रहती हैं। इसी मौसमी मांग के कारण, सामान्य कोयले के आयात में धीमापन के बावजूद कोकिंग कोयले के आयात में वृद्धि देखी गई। कुल कोयला आयात में गिरावट का मुख्य कारण घरेलू बाजार में कोयले की अधिक उपलब्धता रहा। कोकिंग कोयले के आयात में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह अक्टूबर में 45 करोड़ टन से बढ़कर 50.4 लाख टन हो गया। इस वृद्धि का मुख्य कारण इस्पात मिलों द्वारा सर्दियों में भंडारण करने की गतिविधियां रही।



- बाजार में अधिक उपलब्धता बनी कुल कोयला में गिरावट का मुख्य कारण

# सोने की चमक बरकरार, इस साल दिया 67 % रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में सोने की चमक बरकरार है और इस साल घरेलू बाजार में इसने अबतक लगभग 67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये-डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 16 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम और चढ़ सकती हैं। उनका यह भी कहना है कि चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, इसलिए अनुशासित और सोच-विचार कर निवेश करना जरूरी है।

दिल्ली सर्राफा संघ के आंकड़ों अनुसार, इस साल एक जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी जो बीते शुक्रवार पांच दिसंबर को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा कि चालू वर्ष में सोने ने असाधारण रूप से मजबूत रिटर्न दिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक 60 प्रतिशत (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) तक चढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण सुरक्षित निवेश की मांग, भू-राजनीतिक तनाव और दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने की उम्मीद है। वहीं भारत में रिटर्न इससे भी ज्यादा है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक करीब 67 प्रतिशत चढ़ चुकी है। इसका अन्य कारण डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना और मजबूत वैश्विक संकेत है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, 2025 में सोने ने अधिकांश निवेश उत्पादों (इक्विटी शेयर और बॉण्ड) की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और साबित किया है कि अनिश्चितता और अस्थिर समय में यह सबसे भरोसेमंद साधन है। अगर इक्विटी शेयर पर रिटर्न देखा जाए तो निफ्टी 50 टीआरआई (कुल रिटर्न सूचकांक) और निफ्टी 500 टीआरआई ने तीन दिसंबर तक क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



- रुपया कमजोर हुआ तो 2026 में सोने की कीमत पांच से 16% चढ़ सकती हैं

### रुपये की कमजोरी ने सोने की कीमतों में और इजाफा किया

सोने की कीमत में आई तेजी के कारणों पर कलंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता, डॉलर सूचकांक में कमजोर रुख, मुद्रास्फीति की चिंता और इसके खिलाफ सुरक्षा की आवश्यकता ने निवेशकों के लिए सोने में निवेश को आकर्षक विकल्प बनाया है। वैश्विक केंद्रीय बैंकों और संस्थागत निवेशकों द्वारा बड़े पैमाने पर खरीद के अलावा अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अनुकूल मौद्रिक नीति की संभावनाएं भी सोने की बढ़ती कीमतों का महत्वपूर्ण कारक रही हैं। साथ ही, डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने भारत में सोने की कीमतों में और इजाफा किया है। अगले साल के परिदृश्य के बारे में कलंत्री ने कहा कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये-डॉलर दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो भारत में सोने की कीमत 1.45 लाख से 1.55 लाख रुपये को पार कर सकती है।



# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने बरता संयम

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन की 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया

लेह, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बल और भी बहुत कुछ कर सकते थे लेकिन उन्होंने जानबूझकर संयमित और संतुलित प्रतिक्रिया का विकल्प चुना। सिंह ने कहा कि मई में हुए ऑपरेशन ने भारतीय सेना की क्षमता और अनुशासन को रेखांकित किया, जिन्होंने बिना तनाव बढ़ाये आतंकी खतरों को बेअसर कर दिया।

रक्षामंत्री सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमने अपने सशस्त्र बलों, नागरिक प्रशासन और सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के बीच जो समन्वय देखा, वह अविश्वसनीय था। मैं लद्दाख और सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रत्येक नागरिक के प्रति हमारे सशस्त्र बलों को अपना समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।




लेह में परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य लोग

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि अगर हम चाहते तो और भी बहुत कुछ कर सकते थे, लेकिन हमारे बलों ने ना केवल वीरता, बल्कि संयम का भी परिचय दिया और केवल वही किया जो जरूरी था। इतना बड़ा ऑपरेशन मजबूत कनेक्टिविटी से ही संभव हो पाया। इसलिए, कनेक्टिविटी को केवल नेटवर्क, ऑप्टिकल फाइबर, ड्रोन और रडार तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षा की रीढ़ माना जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर वह देश के किसी भी कोने में सशस्त्र बलों से मिल पाते हैं, तो यह मजबूत संचार नेटवर्क और कनेक्टिविटी की वजह से ही संभव है। उन्होंने कहा कि संचार को सिर्फ बुनियादी ढांचे के लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिए। यह एक बहुत व्यापक शब्द है। शांति, सद्भाव और समाज की समझ के लिए संचार जरूरी है।'' उन्होंने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास लद्दाख समेत सभी सीमावर्ती इलाकों के साथ संचार और कनेक्टिविटी को मज़बूत करना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती इलाकों के समग्र विकास के लिए पूरे उत्साह से काम कर रही है।

### बेहतर कनेक्टिविटी सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के साथ आर्थिक विकास को भी दे रही गति

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार, हमारे सशस्त्र बल और बीआरओ जैसे संगठन आपके साथ खड़े हैं। हमें बस इस संबंध को मजबूत करते रहना है ताकि हमारे संबंध किसी बाहरी तत्व से प्रभावित ना हो। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी ना सिर्फ सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति दे रही है। वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि मजबूत संचार और कनेक्टिविटी नेटवर्क एक प्रमुख कारक रहे हैं, जिसे सरकार की विकास-समर्थक नीतियों और राष्ट्रव्यापी सुधारों का समर्थन प्राप्त है।

### 5,000 करोड़ से हुआ परियोजनाओं का निर्माण

रक्षामंत्री ने भारत के सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इन परियोजनाओं का निर्माण 5,000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और ये परियोजनाएं लद्दाख और जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेशों तथा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम सहित सात राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और चार अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।

# विशाल गीता पाठ में लाखों लोग शामिल

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से साधुओं एवं साध्वियों सहित लाखों श्रद्धालुओं ने कोलकाता के ''ब्रिगेड परेड ग्राउंड'' में आयोजित भागवत गीता पाठ समारोह में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि भगवा वस्त्र पहने भिक्षुओं ने कार्यक्रम स्थल पर गीता की प्रतियों से एक स्वर में श्लोक पढ़ा। इस कार्यक्रम में भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व प्रमुख सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्र पॉल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। स्वामी प्रदीप्तानंद तथा धीरेंद्र शास्त्री सहित प्रमुख हस्तियां भी समारोह में शामिल हुईं।

''पंच लाखो कोंठे गीता पाठ'' (एक साथ पांच लाख गीता पाठ) नामक इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्कृति संसद द्वारा किया गया जो विभिन्न मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों के भिक्षुओं और आध्यात्मिक नेताओं का समूह है। बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं सहित उत्साही भीड़ ने शंखनाद और जयघोष के बीच भगवान कृष्ण का नाम जपते हुए जयकारे लगाए। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सभा को संबोधित करते हुए भागवत गीता का पाठ किया तथा शांति और अहिंसा की बात की। प्रदीप्तानंद ने कहा कि लाखों लोगों का एकत्रित होना स्वतःस्फूर्त था और इसमें किसी राजनीतिक दल की कोई भूमिका नहीं थी।



कोलकाता में आयोजित गीता पाठ में शामिल साधु-संत।

### कबीर करेंगे एक लाख लोगों संग कुरान ख्वानी

टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को कहा कि वह फरवरी में एक लाख लोगों के साथ 'कुरान ख्वानी' (कुरान पढ़ना) का आयोजन करेंगे। मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद की नींव रखने वाले कबीर ने कहा कि वह सभी प्रतिभागियों को मांस और चावल का भोज देंगे। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में कहा कि मैं फरवरी में एक लाख लोगों के साथ 'कुरान ख्वानी' करूंगा। इसके बाद मस्जिद का निर्माण होगा।

# लोकसभा में चर्चा के दौरान नेहरू की असलियत आएगी सामने : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा- कांग्रेस ने पटेल, आंबेडकर, बोस की विरासत को समाप्त करने की कोशिश की

भाजपा ने रविवार को कहा कि राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की वर्षगांठ पर लोकसभा में होने वाली चर्चा के दौरान जवाहरलाल नेहरू की ''असलियत'' सामने आ जाएगी। पार्टी ने सोनिया गांधी के इस आरोप को लेकर उन पर निशाना साधा कि सत्तारूढ़ गठबंधन का मुख्य उद्देश्य नेहरू को बदनाम करना है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सिर्फ नेहरू की विरासत को जीवित रखने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. भीम राव आंबेडकर और सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं की विरासत को समाप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष से नेहरू-गांधी परिवार को बढ़ावा देना बंद करने को कहा। पुरी से भाजपा सांसद ने दिल्ली में कहा कि जहां तक नेहरू की विरासत को खत्म करने का सवाल है, तो 'नेशनल हेराल्ड' मामले में जमानत पर बाहर आए तथाकथित वर्तमान गांधी परिवार के अलावा उनकी विरासत को सबसे बेहतर तरीके से कौन खत्म कर सकता है। उनका इशारा सोनिया और उनके बेटे राहुल गांधी की ओर था। गांधी परिवार का नाम लिए बिना पात्रा ने कहा कि हाल में उनके खिलाफ 'नेशनल हेराल्ड' पर कथित रूप से कब्जा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। 'नेशनल हेराल्ड' की शुरुआत नेहरू ने की थी।

पात्रा ने कहा कि अगर वे नेहरू की विरासत को कलंकित नहीं कर रहे हैं, तो फिर ऐसा करने की कोशिश कौन कर रहा है? जब कल संसद में 'वंदे मातरम' पर चर्चा होगी, तो मुझे लगता है कि नेहरू जी की असलियत सभी के सामने आ जाएगी, वह फिर से बेनकाब हो जाएंगे।

# वांगचुक की पत्नी की याचिका पर आज होगी शीर्ष सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनके पति को हिरासत में लिए जाने को अवैध और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाली मनमानी कार्रवाई बताया गया है। इस मामले की सुनवाई संभवतः न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ करेगी।

पीठ ने 24 नवंबर को मामले की सुनवाई उस वक्त टाल दी थी जब केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वांगचुक की पत्नी के जवाब पर अपना पक्ष रखने (रिज्वाइंडर) के लिए मोहलत मांगी। शीर्ष अदालत ने 29 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी की संशोधित अर्जी पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। संशोधित अर्जी के मुताबिक, हिरासत का आदेश पुरानी प्राथमिकी, अस्पष्ट आरोपों और अनुमानों पर आधारित है, इसका हिरासत के कथित आधारों से कोई सीधा या करीबी संबंध नहीं है और इसलिए इसका कोई कानूनी या तथ्यात्मक औचित्य नहीं है...।

# जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को नकारा : शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने किया कई परियोजनाओं का शिलान्यास

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के हर कोने में जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को खारिज कर दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में जनता के समर्थन से बड़ी जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा की कि 2029 विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों और 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद, अहमदाबाद 2036 ओलंपिक की भी मेजबानी करेगा।

1,500 करोड़ में बने तीन खेल परिसर सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अहमदाबाद नगर निगम के कार्यक्रम में शाह ने कहा कि भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों ने बिहार में हाल के विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत हासिल करके अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा तथा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी बड़ी जीत दर्ज करेंगे, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। शाह ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर 2025 तक...यह भाजपा के लिए लगातार जीत का समय रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारे नेता नरेन्द्र भाई लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और कई दशकों के बाद एक रिकॉर्ड बनाया।



अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों से मिलते केंद्रीय मंत्री अमित शाह।

### 2030 में राष्ट्रमंडल और 36 में ओलंपिक की करेंगे मेजबानी

अहमदाबाद के लोगों से शाह ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार रहने की अपील की। शाह ने कहा कि खेल सुविधाओं, कोचिंग व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, शहर के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और आवास सुविधाओं को देखते हुए, 2030 राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में होंगे।'' उन्होंने कहा, ''यह भी तय हो गया है कि 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल शहर में आयोजित किए जाएंगे। अहमदाबाद में 13 अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन होने हैं। और तैयार हो जाइए, क्योंकि 2036 ओलंपिक भी अहमदाबाद में ही आयोजित होंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हवाई के किलाउआ ज्वालामुखी से निकले लावा के तीन फव्वारे

**होनोलुलु।** अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने रविवार को कहा कि हवाई के किलाउआ ज्वालामुखी में 38वें विस्फोट के दौरान लावे के तीन फव्वारे फूटे हैं जिनमें से एक फव्वारा 1,200 फीट की ऊंचाई तक जा रहा है। मौजूदा विस्फोट के दौरान पहली बार लगभग बराबर आकार के तीन फव्वारे फूट निकले हैं। यूएसजीएस ने कहा, वर्तमान में तीनों छिद्रों से फव्वारे निकल रहे हैं। दक्षिणी फव्वारा लगभग 1200 फीट ऊंचा है जबकि दो फव्वारे 500 फीट के आस पास हैं। इन फव्वारों में से दो उत्तरी छिद्र से और एक दक्षिणी छिद्र से है। यह तिहरा फव्वारा एक अत्यंत दुर्लभ घटना है और इस विस्फोट के दौरान ऐसा पहली बार देखा गया है। किलाउआ विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। यह हवाई द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है।

### अमेरिका का नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान ढोंग: क्यूबा

**हवाना।** क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने कहा कि होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को दी गई माफी यह दर्शाती है कि अमेरिकी सरकार की ओर से घोषित नशीले पदार्थों के विरुद्ध युद्ध एक ढोंग है। नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य आरोपों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 45 साल जेल की सजा पाने वाले हर्नांडेज को ट्रंप प्रशासन से आधिकारिक माफ़ी मिलने के बाद सोमवार को रिहा कर दिया गया था। रोड्रिगेज ने शनिवार को कहा कि अमेरिका का तथाकथित ड्रग-विरोधी अभियान वेनेजुएला की वैध सरकार को उखाड़ फेंकने का एक बहाना है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह माफी अमेरिकी सरकार और उसकी एजेंसियों की नशीले पदार्थों के एक विशाल बाजार के साथ मिलीभगत को उजागर करती है, जो उनके ही अपने ही देश में लाखों लोगों की जान ले रहा है।

### अमेरिका से 32 एफ-35 लाइटनिंग-2 खरीदेगा रोमानिया

**चिसिनाउ।** रोमानिया अमेरिका से 6.5 अरब डॉलर में 32 एफ-35 लाइटनिंग-2 विमान खरीदने जा रहा है। रोमानियाई रक्षा मंत्रालय की डिफेंस रोमानिया न्यूज वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में कहा कि यह देश के इतिहास का सबसे महंगा समझौता होगा। एफ-35 खरीद कार्यक्रम को पूरी तरह रक्षा मंत्रालय के बजट से फंड दिया जाएगा। इसे पहले ही राष्ट्रीय रक्षा की सर्वोच्च परिषद से मंज़ूरी मिल चुकी है। अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद यह सौदा दस्तावेज़ीकरण के आखिरी चरण में है। इससे पूर्व, रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि रोमानियाई सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण दो चरणों में किया जाएगा।

# भारत हमास को आतंकी संगठन घोषित करे तो पड़ेगा बड़ा प्रभाव

**यरुशलम, एजेंसी**

- **इजराइली विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा- दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर**

इजराइली अधिकारी ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को बेहतरीन करार दिया और कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर मौजूद हैं।

इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, इजराइल भारत के साथ-साथ बाकी दुनिया पर भी हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए दबाव डाल रहा है। अधिकारी ने कहा कि भारत अगर हमास को सूचीबद्ध करता है तो इसका एक मजबूत वैश्विक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी।

विदेश मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के पास साथ मिलकर काम करने के अनंत अवसर हैं। आईएमईसी परियोजना के बारे में अधिकारी ने कहा, इजराइल के लिए यह एक बहुत ही अच्छी पहल। हम इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। फिलहाल, दो देश ऐसे हैं जो हस्ताक्षरकर्ता नहीं हैं - जॉर्डन और इजराइल।

## इंडिगो संकट के कौन जिम्मेदार

भारतीय विमानन क्षेत्र के इतिहास में 2 दिसंबर 2025 का दिन काले अध्याय के रूप में जुड़ गया। इसी दिन से देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ानें रद्द होनी शुरू हुईं और यह सिलसिला अब तक बरकरार है। इस बीच हर दिन सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से देश-विदेश के हजारों यात्री देश के अलग-अलग हवाई अड्डों पर फंस गए। कुछ यात्रियों को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई असंभव थी। इस पूरे घटनाक्रम से पूरी दुनिया में भारतीय विमानन की साख धराशायी हो गई, हैरतअंगेज यह भी रहा कि कोई जिम्मेदारी लेने आगे नहीं आया। इस घटनाक्रम ने भारत में हवाई यात्रा के नए जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। सरकार ने अपने कुछ उन फैसलों को रद्द किया है जिन्हें संकट का प्रमुख कारण कहा गया, लेकिन इसे भविष्य में दोबारा ऐसा संकट खड़ा न होने की गारंटी नहीं माना जा रहा है।

# हवाई यात्रा के नए जोखिम



### संकट के प्रमुख कारण

- डीजीसीए की ओर से पायलटों के आराम के घंटे बढ़ाने और उड़ान के घंटों को सीमित करने के सख्त नियमों से एयरलाइन के रोस्टर पर प्रभाव पड़ा।
- इंडिगो ने महीनों बाद भी पर्याप्त पायलटों और चालक दल की भर्ती नहीं की, जिसके चलते नियमों के लागू होते ही कर्मचारियों की भारी कमी हो गई।
- एयरलाइन ने लागत कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी रखने में रुचि नहीं दिखाई और नए नियमों के अनुसार परिचालन में विफल हो गई।

### जिम्मेदारी और सवाल

- डीजीसीए ने सीधे तौर पर इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को योजना, निरीक्षण और संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण चूक के लिए जिम्मेदार ठहराया है।
- एयरलाइन अपने मौजूदा नेटवर्क के लिए नए मानदंडों के तहत जरूरी चालक दल की संख्या का सही अनुमान लगाने और प्रबंधन करने में विफल रही।
- विशेषज्ञों का यह भी तर्क है कि डीजीसीए को नियमों को चरणबद्ध तरीके से लागू करते समय एयरलाइंस की तैयारियों पर बेहतर निगरानी रखनी चाहिए थी।
- भारतीय विमानन बाजार में गहरी संरचनात्मक विफलता, जहां तीव्र विकास के साथ बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन में निवेश तालमेल नहीं बैठा पाए हैं।

### भविष्य के जोखिम

- भारत के घरेलू यात्री यातायात में इंडिगो की 60% से अधिक हिस्सेदारी है, इस एयरलाइन में कोई भी व्यवधान बड़े प्रभाव छोड़ सकता है।
- यह एकाधिकार और प्रणालीगत विफलता का उदाहरण है, एक एयरलाइन पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में फिर संकट खड़ा कर सकती है।
- ताजा संकट के दौरान छोटे मार्गों पर भी टिकट की कीमतें 1.5 लाख रुपये से अधिक हो गईं, इससे यात्रियों के शोषण की मंशा उजागर हुई।
- पायलट यूनियनों और पूर्व नियामकों ने आरोप लगाया है कि एयरलाइन प्रबंधन ने परिचालन व्यवस्था की कीमत पर स्टाफ के हित की अनदेखी की।

### अंतर्राष्ट्रीय छवि पर प्रभाव

- हवाई अड्डों पर फंसे यात्रियों और अव्यवस्था के वीडियो सोशल मीडिया के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वायरल हुए।
- भारतीय विमानन पारिस्थितिकी तंत्र की कमजोरी उजागर हुई जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए किस्म की चिंताएं पैदा हुईं।
- विदेशी यात्रियों और एयरलाइनों के बीच भारतीय घरेलू बाजार की विश्वसनीयता पर सवाल उठने की आशंका भी पैदा हुई।

# बेनिन में सैनिक विद्रोह, तख्तापलट करने की कोशिश विफल, गोलीबारी

## सरकारी टीवी पर राष्ट्रपति को हटाने का एलान, सशस्त्र बलों ने पाया नियंत्रण

**कॉन्टोनू, एजेंसी**

पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र बेनिन में रविवार को घोषित तख्तापलट को विफल कर दिया गया है। सैनिकों के एक समूह ने इससे पहले विद्रोह शुरू करते हुए सरकारी टीवी पर आकर राष्ट्रपति और सभी सरकारी संस्थाओं को बर्खास्त करने का एलान किया। इस बीच राष्ट्रपति आवास के पास गोलीबारी भी हुई लेकिन बाद में गृहमंत्री ने घोषणा की कि तख्तापलट की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है।

गृह मंत्री अलास्साने सेइदोउ ने कहा, रविवार, सात दिसंबर, 2025 की सुबह, सैनिकों के एक छोटे समूह ने देश और उसकी संस्थाओं को अस्थिर करने के उद्देश्य से विद्रोह शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, बेनिनी के सशस्त्र बल और उनका नेतृत्व गणतंत्र के प्रति प्रतिबद्ध रहे और इस स्थिति का सामना किया। उन्होंने तख्तापलट की कोशिशों को विफल कर दिया है। पश्चिम अफ्रीकी देशों में सिलसिलेवार तरीके से तख्तापलट होते रहे हैं। इस सिलसिले में यह सबसे ताजा मामला है।

इससे पहले बेनिन में सैनिकों के एक समूह ने सरकारी टीवी पर संबोधन के जरिए सरकार के तख्तापलट की घोषणा की थी। खुद को 'मिलिट्री कमेटी फॉर रीफाउंडेशन' कहने वाले सैनिकों के समूह ने राष्ट्रपति और सभी सरकारी संस्थाओं को हटाए जाने की घोषणा की। समूह ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल तिगरी को सैन्य समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



सरकारी टीवी पर तख्तापलट का एलान करते बेनिन की सेना के अधिकारी।

### आजादी मिलने के बाद कई बार हो चुके हैं तख्तापलट

वर्ष 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र बेनिन ने तख्तापलट की कई घटनाओं को देखा है। ताजा घटनाक्रम में राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन 2016 से सत्ता में थे और अगले साल अप्रैल में राष्ट्रपति चुनाव के बाद उन्हें पद छोड़ना था। टैलोन की ही पार्टी के उम्मीदवार, पूर्व वित्त मंत्री रोमुआल्ड वडाग्नि को चुनाव जीतने की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। देश में तेज होती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच विपक्षी उम्मीदवार रेनॉड अगबोडजो की उम्मीदवारी को निर्वाचन आयोग ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि उनके पास पर्याप्त प्रायोजक नहीं थे। इस घटना के बाद से बेनिन में राजनीतिक उथलपुथल बढ़ने लगी थी। पिछले महीने देश की विधायिका ने राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष कर दिया था तथा कार्यकाल सीमा दो ही रखी थी। इससे राजनीतिक उथलपुथल ने और जोर पकड़ा। इसी के बाद नतीजा अचानक तख्तापलट की कोशिशों के रूप में सामने आया।

- अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय और अफ्रीकी संघ, इस घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। यह प्रयास ऐसे समय में हुआ है जब राष्ट्रपति टैलोन अगले साल अप्रैल में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद पद छोड़ने वाले थे। इस घटना से बेनिन में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

### राष्ट्रपति आवास पर तड़के हमला, राष्ट्रीय चैनल पर किया कब्जा

तख्तापलट के प्रयास की शुरुआत राजधानी पोर्टो-नोवो में राष्ट्रपति तालोन के आधिकारिक आवास पर तड़के हुए हमले से हुई। इसके तुरंत बाद, खुद को 'पुनर्निर्माण के लिए सैन्य समिति' कहने वाले सैनिकों ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कब्ज़ा कर लिया और राष्ट्रपति तालोन को सत्ता से बेदखल करने की घोषणा कर दी। साल 2016 से सत्ता में शीर्ष पर रहे राष्ट्रपति तालोन के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे देश के शासक की वास्तविक स्थिति को लेकर भ्रम बना हुआ है। हालांकि, इन्हीं खबरों के बीच राष्ट्रपति पैट्रिस तालोन के कार्यालय की ओर से एक बयान में रविवार को दावा किया गया कि वे सुरक्षित हैं और सरकारी बलों ने स्थिति पर काबू पाने के साथ तख्तापलट की कोशिशों को नाकाम कर दिया है। बेनिन के गृह मंत्रालय ने कहा कि देश में तख्तापलट का प्रयास किया गया था लेकिन सेना की मदद से इसे नाकाम कर दिया गया। इस बीच, राजधानी में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कुछ खबरों में कहा गया है कि राष्ट्रपति आवास के पास स्थित 'कैंप गेज़ो' में गोलीबारी हुई है। पूरे दिन स्थिति साफ नहीं हो सकी। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से इस स्थिति पर चिंता जताई गई है।

## शंघाई में अत्याधुनिक भवन में पहुंचा भारत का वाणिज्य दूतावास

**बीजिंग।** भारत ने शंघाई स्थित अपने वाणिज्य दूतावास के नए अत्याधुनिक भवन का रविवार को उद्घाटन किया। भारत ने चीन के मुख्य व्यापारिक केंद्र स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को 32 साल में पहली बार दूसरे भवन में स्थानांतरित किया है।

शंघाई वाणिज्य दूतावास चीन के पूर्वी क्षेत्र में भारत के तेजी से बढ़ते व्यापारिक समुदाय की सेवा करता है, जहां यिवू जैसे शीर्ष व्यापार और व्यवसाय केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में भारतीय व्यवसाय मौजूद हैं। चांगनिंग जिले के प्रमुख डॉनिंग सेंटर में 1,436.63 वर्ग मीटर में फैले विशाल नए वाणिज्य दूतावास भवन का उद्घाटन चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने किया। यह भवन पिछले भवन के आकार की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। वाणिज्य दूतावास 8 दिसंबर को नए परिसर से काम शुरू कर देगा। रावत ने 1992 के बाद पहली बार वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह वर्ष विशेष है क्योंकि भारत और चीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

# चीनी सैन्य विमान ने जापानी लड़ाकू विमानों को निशाने पर लिया, तनाव और बढ़ा

**टोक्यो, एजेंसी**

- **जापान ने चीन के समक्ष जताया विरोध, खतरनाक कृत्य बताया**

चीनी विमानवाहक पोत लिया ओनिंग से उड़ान भरने वाले सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया, इस पर जापान ने चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस घटना से दोनों देशों के बीच पहले से चल रहा तनाव और गहराता दिखने लगा है।

रडार लॉक का मतलब है कि किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया।

मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर रडार लॉक किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ उड़ान भरी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि रडार लॉक करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।

जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने रविवार की सुबह पत्रकारों से कहा कि जापान ने चीन के समक्ष विरोध जताया है और इसे एक खतरनाक कृत्य करार देते हुए कहा कि यह सुरक्षित विमान संचालन के नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, ऐसी घटना का होना अत्यंत निंदनीय है। हमने चीनी पक्ष के समक्ष सख्त विरोध जताया है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने मांग की है।

# अमूर्त विरासत संस्कृति की सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति : जयशंकर

## लाल किला परिसर में यूनेस्को की बैठक में बोले विदेश मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि परंपराएं, भाषाएं, संगीत, शिल्प कौशल और अमूर्त विरासत के अन्य रूप कई मायनों में संस्कृति की सबसे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति हैं, जो सभी की साझा संपत्ति होती हैं और कई लोग इसका संरक्षण करते हैं।

यहां लाल किला परिसर में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण पर यूनेस्को की एक महत्वपूर्ण बैठक के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान जयशंकर ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से कहा कि शांति और समृद्धि की साझा खोज में विरासत को पोषित करना और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना आवश्यक है। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतर-सरकारी समिति (आईसीएच) का 20वां सत्र आठ से 13 दिसंबर तक लाल किले में आयोजित होगा।

यह पहली बार है कि भारत यूनेस्को पैनल के किसी सत्र की मेजबानी कर रहा है। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के महानिदेशक खालिद अल-एनानी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी. शर्मा उपस्थित थे। मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा निर्मित लाल किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और एएसआई द्वारा संरक्षित एक स्मारक है।




दिल्ली में यूनेस्को की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# शांति वार्ता के बीच रूस ने यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर भी किया कब्जा

**मॉस्को, एजेंसी**

रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसके त्सेन्ट्र बैटलग्रुप ने यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर कब्जा कर लिया है। यह समूह दिमित्रोव में यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई कर रहा है और डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक में ग्रिशिनो क्षेत्र को सैनिकों से मुक्त करा रहा है।

मंत्रालय ने कहा कि त्सेन्ट्र बैटलग्रुप की इकाइयों ने 'डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक की रोवनोये बस्ती को आजाद कराने का काम पूरा कर लिया है। रूसी सेना ने इस क्षेत्र के एक और गांव को घेर लिया है। बैटलग्रुप ने दावा किया है कि शनिवार को विभिन्न मोर्चों पर उसके अभियान में 480 यूक्रेनी सैन्यकर्मी मारे गए हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है, जबकि युद्ध खत्म करने के लिए शांति वार्ता तेज हो गई है, जिसमें मियामी में यूक्रेन-अमेरिका के बीच विस्तृत बातचीत भी शामिल है।

**रूसी हमलों में एक की मौत:** रविवार रात रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में यूक्रेन में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच तीसरे दिन की वार्ता समाप्त हो गई है।

# बंकरों-चौकियों के निर्माण में सेना ने शुरू किया थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल

**गंगटोक, एजेंसी**

- **भूभाग डिजाइन ,उन्नत छलावरण जरूरतों के अनुरूप है ये तकनीक**

भारतीय सेना ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद के सहयोग से सिक्किम के अग्रिम इलाकों में बंकरों, संतरी चौकियों और सुरक्षात्मक संरचनाओं के त्वरित निर्माण के लिए 'ऑन-साइट थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। रक्षा विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई।

रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि यह क्षमता पहले ही अन्य अभियानगत क्षेत्रों में अपनी उपयोगिता साबित कर चुकी है और अब सिक्किम के 'त्रिशक्ति कोर' ने इसका प्रभावी उपयोग शुरू किया है। बयान में कहा गया, स्वदेशी 'रोबोटिक थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटर' रोबोटिक आर्म, सर्कुलर मिक्सर, पिस्टन पंप और जनरेटर से लैस है। इसे वाहनों से पहाड़ी इलाकों में तीव्र गति से लाया-ले जाया जा सकता है।

बयान में कहा गया है कि थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग अनुकूलित डिजाइन, विस्फोट और बैलिस्टिक प्रतिरोध में वृद्धि, अधिक दाब-सहनशीलता, बेहतर गुणवत्ता नियंत्रण, स्थानीय सामग्री के प्रभावी उपयोग और सामरिक रूप से स्वीकार्य समय-सीमा के भीतर तेज निर्माण सहित कई परिचालन लाभ प्रदान करती है। यह भू-भाग-विशिष्ट डिजाइन और उन्नत छलावरण आवश्यकताओं के भी अनुरूप है।

कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण इलाकों में तेज, टिकाऊ और मिशन-केंद्रित आधारभूत संरचना विकसित करने में सक्षम 'ऑन-साइट 3डी प्रिंटिंग' का निरंतर उपयोग सेना की इंजीनियरिंग और परिचालन क्षमता में एक महत्वपूर्ण प्रगति दर्शाता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 दिसंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 16.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 09 दिसंबर 02.52 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** - आज दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वो आपको काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें।

**वृष** - आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**मिथुन** - आज आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**कर्क** - आज प्रेम संबंधों को विवाह का स्वरूप दे सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा।

**सिंह** - आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।

**कन्या** - आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके खर्चों में कमी आएगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है।

**तुला** - आज सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय अधिक व्यर्थ करेंगे।

**धनु** - आज आप कोई नया कार्य आरंभ करने से बचें। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है।

**मकर** - आज तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। आपके प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी।

**कुंभ** - आज आपका दिन अत्यंत व्यस्त रहेगा। एक साथ अनेक कार्य संभालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन** - आज प्रेमी जन को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ट व मधुर होंगे। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

## सुडोकू -184

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 3 | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 1 | | | | | |
| | | | | 9 | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | 5 | 8 | | | | | |

### सुडोकू - 183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 2 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 9 |



> जरूरत से ज्यादा अभ्यास करना इंग्लैंड को भारी पड़ा। टीम के लिए एशेज की ऐतिहासिक ट्रॉफी को हासिल करने के लिए सीरीज के बचे हुए तीनों टेस्ट मैचों को जीतना जरूरी है।
> –ब्रेंडन मैकुलम, इंग्लैंड के मुख्य कोच

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

## हाईलाइट

### निशानेबाजी विश्व कप में सिमरनप्रीत ने जीता स्वर्ण पदक

**दोहा :** युवा सिमरनप्रीत कौर बरार ने रविवार को यहां मुश्किल मुकाबले में जीत हासिल करके महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया। ऐश्वर्य ने इस तरह इस खेल में सभी संभावित विश्व और महाद्वीपीय चैंपियनशिप में पदकों का सेट पूरा कर लिया। इस साल की शुरुआत में लीमा में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली सिमरनप्रीत के पिता ने अपनी बेटी के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। इस निशानेबाज ने फाइनल में 41 का शानदार स्कोर बनाकर अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता को फक्र महसूस कराया।

### टेनिस से संन्यास लेंगी सोराना सिर्स्टिया

**बुखारेस्ट (रोमानिया) :** रोमानिया की महिला टेनिस खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया ने सोशल मीडिया मंच पर कहा है कि वह 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी। 35 साल की रोमानियाई खिलाड़ी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि डब्लयूटीए टूर पर उनका 20वां सीजन का आखिरी साल होगा। सिर्स्टिया ने लिखा मुझे टेनिस बहुत पसंद है। मुझे इसका अनुशासन, रूटीन, कड़ी मेहनत पसंद है। मुकाबला और एड्रेनालाईन मेरी आत्मा को एनर्जी देते हैं। लेकिन जिदगी में हर चीज की तरह, इसका भी अंत होना है।

### सारस्वत ने जीता पहला सुपर 100 खिताब

**गुवाहाटी :** राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच यह फाइनल 50 मिनट तक चला। हालांकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह उप विजेता रहीं।



मेहंदी की रस्म के दौरान की तस्वीर। फाइल फोटो

# मंधाना और पलाश ने रिश्ता खत्म करने की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को घोषणा की कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है। उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अटकलों पर विराम लगाने का आग्रह किया, जबकि संगीतकार पलाश मुच्छल ने पुष्टि की कि उन्होंने रिश्ते से आगे बढ़ने का फैसला किया है। मुच्छल ने अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

भारत की सबसे प्रमुख महिला क्रिकेटरों में से एक मंधाना ने पिछले महीने अपनी निजी जिंदगी को लेकर अफवाहें तेज होने के बाद



- निजता बनाए रखने की अपील की, 23 नवंबर को होनी थी शादी

सोशल मीडिया पर अपना पहला सार्वजनिक बयान जारी किया। मंधाना ने लिखा मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा करने का अनुरोध करती हूं।

### मैंने आगे बढ़ने का फैसला किया है : मुच्छल

मंधाना की पोस्ट के तुरंत बाद पलाश मुच्छल ने भी बयान जारी किया, जिसमें पुष्टि की गई कि उन्होंने आगे बढ़ने का फैसला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा को आधारहीन करार देते हुए इस पर दुख भी व्यक्त किया। मुच्छल ने कहा मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। मेरे लिए यह देखना बहुत मुश्किल रहा है कि जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्र है उसको लेकर लोग निराधार अफवाहों पर इतनी सहजता से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने लिखा यह मेरे जीवन का सबसे मुश्किल दौर है और मैं अपने विश्वास पर कायम रहते हुए इसका सामना करूंगा। मुछाल ने लोगों से आग्रह किया कि वे असत्यापित दावों को बढ़ावा देने से पहले विचार करें।

मंधाना की 23 नवंबर को मुच्छल से शादी होने वाली थी, लेकिन इस स्टार क्रिकेटर के पिता श्रीनिवास को दिल से जुड़ी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था जिसके कारण शादी स्थगित कर दी गई थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा पिछले कुछ सप्ताह से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर अपनी बात रखना महत्वपूर्ण है। खुद को एक बेहद निजी इंसान करार देते हुए मंधाना ने कहा कि चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत के कारण उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने प्रशंसकों और जनता से अनुरोध किया कि वे दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और उन्हें इससे निपटने और आगे बढ़ने के लिए जगह दें। भारत के आगामी अंतर्राष्ट्रीय सत्र की तैयारी कर रही मंधाना ने कहा कि उनका ध्यान पूरी तरह से क्रिकेट पर है।

उन्होंने कहा मेरा मानना है कि हम सभी का (जीवन में) एक बड़ा उद्देश्य होता है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मुझे उम्मीद है मैं लंबे समय तक भारत के लिए खेलती रहूंगी।

# युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन अविश्वसनीय

## मुख्य कोच गौतम गंभीर बोले- सीनियर खिलाड़ियों के अलावा अन्य की भी प्रशंसा जरूरी

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है, लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद पत्रकारों से कहा वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। वे इस प्रारूप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा वे वही कर रहे हैं जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते



टी-20 क्रिकेट मैच से पहले भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचे कोच गौतम गंभीर। एजेंसी

आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को विश्राम दिए जाने तथा शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की चोट के कारण अनुपस्थिति ने भारत को कुछ युवा खिलाड़ियों के कौशल को परखने का मौका दिया।

गंभीर हर्षित राणा के गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरने से विशेष रूप से प्रसन्न थे। उन्होंने कहा हम हर्षित जैसे खिलाड़ी को इस तरह से तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तव में नंबर आठ पर बल्लेबाजी करते हुए अपना योगदान दे सके। हमें इसी तरह संतुलन बनाना होगा, क्योंकि दो साल बाद (2027 वनडे विश्व कप के लिए) दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हमें तीन अच्छे तेज गेंदबाजों की भी ज़रूरत होगी। अगर वह एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में खुद को स्थापित करता है तो यह हमारे लिए अच्छा होगा। गंभीर भी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा इस श्रृंखला में अर्शदीप, प्रसिद्ध और हर्षित का प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा।

### रोहित और कोहली के साथ अलग तरह से व्यवहार करना होगा : बांगड़

**विशाखापत्तनम :** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का पिछले कुछ वर्षों में प्रदर्शन को देखते हुए उनके साथ अलग तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए और वनडे टीम में उनकी जगह को लेकर कभी भी बहस नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर इस सीनियर जोड़ी के 2027 विश्व कप तक फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने को लेकर भले ही संशय में हो सकते हैं, लेकिन दोनों बल्लेबाजों ने पिछले छह वनडे मैचों में तीन शतक (कोहली के दो) और पांच अर्धशतक (रोहित के तीन) लगाकर बतला दिया है कि उनका कोई सानी नहीं है।

### रोहित से मजाकिया बातचीत के बाद कुलदीप ने कहा, 'डीआरएस लेने में गलत रहता हूं'

**विशाखापत्तनम :** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे। कुलदीप ने बीसीसीआई के वीडियो में कहा साफ जाहिर है कि डीआरएस लेने के मामले में मेरा आकलन सही नहीं रहता। मुझे लगता है कि एक डीआरएस मेरे लिए आरक्षित रहता है। उन्होंने कहा एक गेंदबाज होने के कारण आपको हमेशा यह लगता है कि यह आपका विकेट है, यह आउट है। लेकिन रोहित भाई, केएल भाई, वे विकेट के पीछे खड़े होते हैं इसलिए उन्हें बेहतर अंदाजा होता है कि गेंद स्टंप्स को छोड़कर जा रही है या नहीं। गेंद की ऊंचाई और प्रभाव के बारे में उन्हें बेहतर जानकारी होती है।



बिस्बेन टेस्ट मैच जीतने के बाद जश्न मनाते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया की दूसरे टेस्ट में भी शानदार जीत

**ब्रिस्बेन टेस्ट**

- एशेज शृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल की

ब्रिस्बेन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली।

चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए। इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी।

### हम दबाव का सामना नहीं कर पाए हैं: स्टोक्स



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली आठ विकेट से करारी हार पर कहा कि हम दबाव का सामना नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि हम कमजोर नहीं है और वापसी के लिए जरूरत पड़ने पर जोश दिखाना होगा। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि हम मैच में दबाव का सामना नहीं कर पाये। इंग्लैंड को सीरीज में बने रहे के लिए और अधिक संघर्ष करना होगा।



ट्रॉफी के साथ इंटर मियामी की टीम। एजेंसी

# मेसी ने इंटर मियामी को पहला एमएलएस कप खिताब दिलाया

- थॉमस मुलर के साथ प्रतिद्वंद्विता में लियोनेल ने बाजी मारी

फोर्ट लॉडरडेल, एजेंसी

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेसी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है, लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार को खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली।

मुलर और मेसी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेस्सी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन शनिवार को अर्जेन्टीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को एमएलएस कप फाइनल में मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

मेसी ने मैच के बाद कहा तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

मेसी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रैंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं।

**साक्षात्कार**

**एफआईएच अध्यक्ष बोले- ओलंपिक की मेजबानी दूर की बात नहीं**

# भारत सरकार का फोकस खेलों पर : तैयब इकराम

चेन्नई, एजेंसी

भारत की मेजबानी में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2030 में हॉकी की मजबूती से वापसी का दावा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा कि खेलों पर भारत सरकार के फोकस को देखते हुए ओलंपिक की मेजबानी अब दूर की बात नहीं है। भारत को दो दशक बाद राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली है जो 2030 में अहमदाबाद में आयोजित होंगे जिसे 2036 ओलंपिक की भारत की दावेदारी पुख्ता करने के लिये एक अहम कदम माना जा रहा है। यहां जूनियर हॉकी विश्व कप से इतर भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में भारत की ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के बारे में पूछने पर इकराम ने कहा,'' हमें इस तरह की उम्मीदवारी पसंद है और यह अच्छा भी है क्योंकि इसमे अलग हितधारक और प्रतिस्पर्धी होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2030 भी भारत में हो रहे है।

उन्होंने कहा इस समय भारत सरकार का फोकस खेलों और खेलों की मेजबानी पर है लिहाजा ओलंपिक की मेजबानी बहुत दूर की बात नहीं है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में बजट में कटौती के लिये कई खेलों को रोस्टर से हटाया गया है जिनमे हॉकी भी शामिल है लेकिन एफआईएच अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि 2030 में हॉकी की मजबूती से वापसी होगी। उन्होंने कहा अगले साल होने वाले खेल राष्ट्रमंडल खेल के लिये काफी कठिन और चुनौतीपूर्ण हैं। लेकिन हॉकी राष्ट्रमंडल का हिस्सा रही है और हमेशा रहेगी। हमारी राष्ट्रमंडल खेल से लगातार अच्छी बातचीत हो रही है और 2030 में हॉकी की और मजबूती से वापसी होगी। व्यावसायिक दृष्टि से भारत को वैश्विक हॉकी का महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए एफआईएच अध्यक्ष ने कहा कि खेल को क्रिकेट या बाकी खेलों की तरह लोकप्रिय बनाने के लिये भारत बड़ा मंच है और यही वजह है कि यहां पिछले एक दशक में काफी वैश्विक हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किये गए हैं। भारत में 2016 पुरुष जूनियर विश्व कप (लखनऊ), 2014 चैम्पियंस ट्रॉफी (भुवनेश्वर), 2018 सीनियर पुरूष विश्व कप (भुवनेश्वर), 2023 सीनियर पुरुष विश्व कप (भुवनेश्वर और राउरकेला) के अलावा महिला और पुरूष एशिया कप और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का भी आयोजन किया गया है।

इकराम ने कहा यह भारत ही नहीं बल्कि विश्व हॉकी के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा एफआईएच समानता, विविधता और समावेशिता का पक्षधर रहा है। यह हमारा प्रोजेक्ट और थीम है जो सिर्फ समान संख्या में अधिकारियों या खिलाड़ियों को लेकर नहीं है बल्कि सामर्थ्य निर्माण के बारे में भी है ताकि भविष्य में मजबूत महिला अधिकारी, खिलाड़ी और नायक निकल सके। यह एफआईएच की सशक्तिकरण और जुड़ाव की नीति के काफी करीब है।

### भारत हॉकी का घर, यहां लोग खेलों से करते हैं प्यार



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा भारत हॉकी का घर हैं और यहां लोग खेलों से प्यार करते हैं। क्रिकेट यहां काफी लोकप्रिय है लेकिन भारत में एफआईएच और अन्य एशियाई टूर्नामेंटों की मेजबानी से दर्शक हॉकी की ओर भी आ रहे हैं। मेरे लिये यह बहुत अहम है कि हॉकी उस स्तर पर पहुंचे जहां क्रिकेट जैसे दूसरे खेल हैं। उन्होंने कहा भारत यह साबित करने के लिये सबसे बड़ा मंच है और यह हो रहा है। हमे सबसे ज्यादा दर्शक संख्या भारत से मिल रही है जो यह अपने आप में सब कुछ कहता है। जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पहली बार महिला अंपायरों की नियुक्ति की गई है और इकराम ने इसे लैंगिक समानता की एफआईएच की मुहिम का अहम कदम बताया। उन्होंने कहा यह खेलों में महिला सशक्तिकरण की अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और संयुक्त राष्ट्र की मुहिम का हिस्सा है।

# अर्जेंटीना पर रोमांचक जीत से स्पेन पहली बार फाइनल में

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

चेन्नई, एजेंसी

स्पेन ने रविवार को यहां एक कड़े मुकाबले में दो बार के चैंपियन अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर पहली बार एफआईएच जूनियर विश्व कप फाइनल में जगह बनाई।

स्पेन ने मैच की शुरुआत में ही दबदबा बनाते होते हुए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और मारियो मेना ने रिबाउंड पर गोल करके बढ़त बना ली। एक मिनट बाद अर्जेंटीना को भी अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इस मौके का फायदा नहीं उठा पाए। स्पेन ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और 17वें मिनट में एक शॉर्ट कॉर्नर हासिल किया जिसे अर्जेंटीना के गोलकीपर जोकिन एस रुइज ने शानदार तरीके से बचा लिया। अर्जेंटीना ने आखिरकार 21वें मिनट में पेनल्टी पर जुआन फर्नांडीज के गोल से बराबरी कर ली। स्पेन ने 56वें मिनट में अल्बर्ट सेराहिमा के गोल से मैच जीत लिया। वहीं, बेल्जियम ने पिछले चरण की उप विजेता टीम फ्रांस को 3-2 से हराकर पांचवें-छठे स्थान के लिए होने वाले क्लासिफिकेशन मैच में जगह बनाई। बेल्जियम के लिए मैथिस लॉवर्स, मैक्सिमिलियन लैंगर और ह्यूगो लाबुचेरे ने गोल किए।



अर्जेंटीना के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते स्पेन के खिलाड़ी। एजेंसी

### जर्मनी से नहीं जीत पाई भारतीय टीम

भारतीय हॉकी टीम जूनियर विश्व कप के सेमीफाइनल में जर्मनी से 1-5 से हार गई। कांस्य पदक के लिए अर्जेंटीना से मुकाबला होगा।